नई दिल्ली
गुरुवार 25 जून 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, एकादशी वर्ष : 30, अंक : 67
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 33
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**प्रश्नः पीएम नरेंद्र मोदी के साथ काम करते हुए आप उनके बारे में क्या जान पाए?**

**उत्तरः** मोदी जी जब 2013 में पीएम के तौर पर प्रत्याक्षी घोषित हुए थे तो उसी दौरान मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान वे उज्जैन में मेरे चुनाव क्षेत्र में प्रचार के लिए आए थे। मैं मंच पर उनके साथ था। उस समय वे गुजरात के सीएम थे और मैं राज्य में विधानसभा का चुनाव लड़ रहा था। ये मेरे लिए आंनद और सौभाग्य का विषय है कि उन्होंने उज्जैन में किसी के लिए सभा ली तो वो मेरे लिए थी। उस दिन से उनका आशीर्वाद सदैव मेरे पर बना हुआ है। मोदी जी पर भगवान की कृपा है और महाकाल की कृपा से मुझे उनके साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बतौर पीएम मोदी जी ने देश के अंदर शासन करने का ट्रेंड बदला। लोकतंत्र के लिए, जनता के द्वारा जनता के हित में किसी व्यक्ति को वोट मिले और वो सरकार चलाए ये मोदी जी ने करके दिखाया है। लोकतंत्र और भाजपा के सिद्धांतों को लेकर उन्होंने जिस तरह से सरकार चलाई है वो प्रशंसनीय है। मुझ जैसे एक आम कार्यकर्ता जिसके घर में कोई ▸▸शेष पेज 5 पर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'सार्थक संवाद'

# देश में सबसे कम बेरोजगारी दर मप्र में, दो मेट्रोपॉलिटन शहर तैयार.... अगला नंबर जबलपुर और ग्वालियर का

### सार्थक संवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कहना है कि यह बड़ी बात है कि एक सामान्य से कार्यकर्ता को संगठन ने एक बड़े से राज्य का सीएम बनाया। मेरे मन में पद का कोई अहंकार नहीं है। भाजपा में परिवारभाव का जो आनंद है उससे पता ही नहीं चला कि ढाई साल का समय कैसे बीत गया। भाजपा में कोई पद पर बैठा तो बड़ा हो गया और पद पर नहीं है तो छोटा हो गया ऐसा विचार ही नहीं है। मन के अंदर परिवारभाव का जो वातावरण है उसमें बहुत बड़ा सुख है। ये सबसे बड़ी पूंजी है। काम की दृष्टि से पीछे देखता हूं तो लगता है कितना काम कर लिया जब आगे देखता हूं तो लगता है अभी कितना काम बाकी है। इटारसी में लॉजिस्टिक, खजुराहो में पर्यटन, रीवा में सीमेंट इंडस्ट्री को बढ़ावा दे रहे हैं। हर जगह स्किल डेवलपमेंट को लेकर हम आई पार्क तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। इन फैक्टियों में राज्य के युवाओं को नौकरी मिले यह हमारी प्राथमिकता है। देश में सबसे कम बेरोजगारी दर मध्यप्रदेश में है। इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर ध्यान दिया जा रहा है। दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर बनने से रतलाम भी नया क्षेत्र बनकर उभरा है। पहले इंदौर मुंबई मार्ग था अब रतलाम मुंबई मार्ग भी हो गया है। मेट्रोपॉलिटन शहर बनाने पर ध्यान है दो शहर एक्ट के हिसाब से तैयार हो गए हैं अगला नंबर जबलपुर और ग्वालियर का है। यह बात उन्होंने मध्यप्रदेश में उनके ढाई साल के कार्यकाल को लेकर 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'सार्थक संवाद' में कही।

### यह भी बोले सीएम डॉ. यादव

- पीएम मोदी ने आगे बढ़कर संगठन की बागडोर एक युवा नेतृत्व नितिन नबीन के हाथों में सौंपी है। उन्हें अध्यक्ष पद ग्रहण करवाया और पूरे देश के सामने उनका सम्मान करते हुए हम सबको गौरवान्वित भी किया
- पीएम मोदी ने शासन करने का परिदृश्य बदला, उनकी हर बात प्रेरणादायी
- भाजपा में एक आम कार्यकर्ता भी सीएम और पीएम पद पर पहुंच सकता है
- मंत्रिमंडल की खाली सीटें भरने पर केंद्रीय और राज्य नेतृत्व फैसला करेगा
- अगले दो साल में गेहूं का एमएसपी 2700 रुपए प्रति क्विंटल से आगे जाएगा



**राज्य के युवाओं को रोजगार देना हमारी प्राथमिकता**

**स्किल डेवलपमेंट निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान**

**प्रश्नः मध्यप्रदेश में सरकार और संगठन के बीच क्या स्थिति है?**
उत्तरः सरकार और संगठन एक सिक्के के दो पहलू हैं। हेड और टेल। हमारे लिए संगठन जरूरी है और संगठन के लिए सरकार जरूरी है। दोनों लंबे समय से एकजुटता के साथ चल रहे हैं। इसलिए मध्यप्रदेश का मॉडल देशभर में अपनाया जा रहा है। सबसे पहले सांसद, विधायक, नगर पालिका, नगर निगम जीतकर हम आगे बढ़े। अटजली से लेकर मोदीजी तक मध्यप्रदेश का उदाहरण सबके सामने आता है।

### उनसे सीधी बात

**प्रश्नः मोदी जी के पीएम बनने के बाद और आपके सीएम बनने के बाद आपसी संवाद का अनुभव क्या रहा?**

**उत्तरः** जयपुर में नदी जोड़ो अभियान के तहत बुंदेलखंड पार्वती काली सिंध चंबल नदी को जोड़ने के अभियान का शुभारंभ करने जब पीएम मोदी जयपुर आए तब उन्होंने कहा कि यह बदलते दौर की राजनीति है जब परस्पर दो राज्यों के सौहार्दपूर्ण संबंधों के बलबूते पर जो हमारे पांच महाभूत हैं जिसमें जल है उसके बंटवारे के लिए भी प्रेम से यह विषय निपटते हैं। यह नया दौर का नया समय है। उन्होंने राज्यों के साथ संबंधों पर जोर दिया। जब वे गुजरात के सीएम थे और राजस्थान में कांग्रेस की सरकार थी वहां सूखा पड़ा था तो नर्मदा का पानी उन्होंने जोधपुर तक पहुंचाया। हम सभी को हर पल मोदी जी से सीखने को मिलता है।

**प्रश्नः पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के बीच क्या समानता और दोनों के व्यक्तित्व में क्या कोई अंतर दिखाई देता है?**

**उत्तरः** जैसे परिवार में हम माता पिता से स्नेह पाते हैं उसी तरह मोदी जी और अमित शाह हमारे अभिभावक हैं। रोजमर्रा के बाकी सारे कामों की चिंता अमित शाह करते हैं। दोनों अच्छे तरह से बात करते हैं, समझाते हैं और हर छोटी-छोटी चीज की चिंता करते हैं। हम भाग्यशाली हैं हमें उनके साथ काम करने का अवसर मिला है। बड़े से बड़े प्रश्नों के उत्तर आसानी से सुलझा देते हैं। उसका यश हम देशभर में देख रहे हैं आज 17 राज्यों में भाजपा की सरकार है। 22 राज्यों में एनडीए की सरकार है। वर्तमान में ये देश का स्वर्णिम काल है जब देश के 80 प्रतिशत से अधिक भू भाग में और उतनी ही आबादी में हमारे सहयोगी दलों की सरकार है।

**प्रश्नः बंगाल की जीत को लेकर क्या अभी भी यकीन होता है?**

**उत्तरः** साल 2021 के चुनाव में दिखा था कि जनता का ममता से लगाव हटा नहीं था। लेकिन इस बार बंगाल के चुनाव को लेकर जनता में उत्साह का वातावरण था। इस बार तो फार्म भरने के समय से लग रहा था कि ममता का कोई अस्तित्व नहीं बचेगा। बंगला में जनता के साथ जो व्यवहार हुआ था ये कमोबेश दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की प्रतिकृति थी। ये कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी जब आप संगठन की ताकत को नजरअंदाज करके सरकार और सत्ता के भरोसे खाली बैठ जाओगे तब आपको इस बात के लिए तैयार रहना होगा कि जनता आपको सत्ता से उठाकर बाहर कर देगी। यह किसी की गलती नहीं यह सत्ता के अहंकार की गलती है। सरकार ▸▸शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस में नए सदस्य के रूप में शामिल हुआ बांग्लादेश

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** बुधवार को बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) में नए सदस्य के रूप में शामिल हो गया है। यह एक ऐसा वैश्विक मंच है। जिसमें दुनिया में मौजूद सात बड़ी बिल्लियों के संरक्षण पर जोर दिया जाता है। वर्तमान में आईबीसीए की सदस्य संख्या 27 हो गई है। जबकि इसमें शामिल पर्यवेक्षकों की संख्या 5 है। आईबीसीए ने एक एक्स पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। जिसमें बांग्लादेश का आईबीसीए में बतौर नए सदस्य के रूप में शामिल होने पर स्वागत किया है। साथ ही उसके इस कदम को वैश्विक सहयोग में एक अहम मील का पत्थर करार दिया है। आईबीसीए की स्थापना वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी।

6 हजार करोड़ रुपये के मादक पदार्थ किए जाएंगे नष्ट

# नशे के खिलाफ केंद्र का कड़ा रुख, अमित शाह कल जारी करेंगे राष्ट्रीय रणनीति

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को नई दिल्ली में नार्को-कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में देशभर में मादक पदार्थों की तस्करी और नशे की बढ़ती समस्या पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय को मजबूत बनाने पर चर्चा होगी। उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों तथा मादक पदार्थ नियंत्रण एवं कानून प्रवर्तन एजेंसियों के वरिष्ठ प्रतिनिधि भाग लेंगे।

बैठक का उद्देश्य नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार और नशे के दुष्प्रभावों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों की समीक्षा करना तथा भविष्य की रणनीति तय करना है। बैठक के दौरान अमित शाह ₹नारकोटिक्स कंट्रोल विज़न डॉक्यूमेंट 2026-2029₹ जारी करेंगे। विभिन्न हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार इस दस्तावेज़ में अगले तीन वर्षों के लिए मादक पदार्थ नियंत्रण की राष्ट्रीय रणनीति का खाका प्रस्तुत किया जाएगा।



### नशे के खिलाफ तीन स्तंभों पर आधारित होगी रणनीति

गृह मंत्रालय के मुताबिक विज़न डॉक्यूमेंट में नशे की मांग को कम करने (डिमांड रिडक्शन), मादक पदार्थों की आपूर्ति पर रोक लगाने (सप्लाई रिडक्शन) और नशा मुक्ति एवं पुनर्वास (रीहैबिलिटेशन) को केंद्र में रखकर समन्वित कार्ययोजना तैयार की गई है। दस्तावेज़ में सिंथेटिक ड्रग्स और डार्कनेट के माध्यम से होने वाली तस्करी जैसी उभरती चुनौतियों से निपटने के उपायों का भी उल्लेख किया गया है। साथ ही जनजागरूकता बढ़ाने, उपचार सुविधाओं का विस्तार करने और पुनर्वास सेवाओं को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया ▸▸शेष पेज 5 पर

### एनसीबी की वार्षिक रिपोर्ट भी होगी जारी


गृह मंत्री इस अवसर पर एनसीबी की वार्षिक रिपोर्ट-2025 भी जारी करेंगे, जिसमें देशभर में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए गए अभियानों, बरामदगी, गिरफ्तारियों और नीति संबंधी पहलों का विवरण होगा। इसके अलावा अमित शाह जम्मू और गुवाहाटी में नव-निर्मित एनसीबी क्षेत्रीय कार्यालयों का उद्घाटन भी करेंगे। माना जा रहा है कि इन कार्यालयों के संचालन से सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई को और मजबूती मिलेगी।

### ड्रग-फ्री इंडिया' लक्ष्य पर रहेगा फोकस

गृह मंत्रालय ने कहा कि एनसीओआरडी की यह बैठक मादक पदार्थों की तस्करी के प्रति सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति को और मजबूत करेगी। साथ ही यह मंच केंद्र और राज्य सरकारों समेत सभी संबंधित एजेंसियों के सामूहिक प्रयासों की समीक्षा करने और अगले तीन वर्षों के लिए प्रभावी रणनीति तय करने का अवसर प्रदान करेगा। सरकार का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ₹नशामुक्त भारत₹ के विज़न को आगे बढ़ाना और देश में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। बैठक में लिए जाने वाले निर्णयों को इस दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे प्रधानमंत्री? राष्ट्रपति पेजेशकियान ने किया आमंत्रित

4 से 9 जुलाई तक होंगे अंतिम संस्कार से जुड़े कार्यक्रम, जुटेंगे दुनिया के दिग्गज नेता



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आधिकारिक रूप से आमंत्रित किया है। कूटनीतिक सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि अंतिम संस्कार के कार्यक्रम अगले महीने 4 से 9 जुलाई तक चलेंगे। जिसमें भारत के अलावा दुनिया के कई अन्य देशों के दिग्गज नेता शामिल होंगे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की इस दौरान ईरान में मौजूदगी रहेगी। गौरतलब है कि इसी साल 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा संयुक्त रूप से किए गए हवाई हमले में खामेनेई की मौत हो गई थी। जिसके बाद लगातार टलने की वजह से उनका अंतिम संस्कार नहीं हो पाया था।

### भारत से होगी किसकी भागीदारी?

भारत की तरफ से अभी तक इस बाबत तस्वीर पूरी तरह से साफ नहीं है कि खामेनेई के अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में कौन शामिल होगा? पूर्व में फरवरी के अंत में हुई ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत के करीब एक सप्ताह के बाद भारत की तरफ से विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास का दौरा कर शोक पुस्तिका में हस्ताक्षर किए थे। जो कि भारत की ओर से खामेनेई ▸▸शेष पेज 5 पर

आईसीएआई सीए इंटरमीडिएट 2026 का रिजल्ट घोषित

# शार्दुल बने ऑल इंडिया टॉपर 600 में से 531 अंक हासिल

**इस परीक्षा में कुल 1,53,862 उम्मीदवारों ने लिया था भाग**



शार्दुल शेखर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने सीए इंटरमीडिएट मई 2026 परीक्षा के परिणाम आधिकारिक तौर पर जारी कर दिए हैं। इस परीक्षा में डोंबिवली के शार्दुल शेखर ने 600 में से 531 अंक (88.50%) हासिल कर देश भर में पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं, कोच्चि के अभिनव सतीश ने महज एक अंक के अंतर से 530 अंकों (88.33%) के साथ ऑल इंडिया दूसरी रैंक (एआईआर 2) हासिल की। मुंबई के तीर्थ जैन 519 अंकों (86.50%) के साथ देश में तीसरे स्थान पर रहे।

# सिम कार्ड के दुरुपयोग पर केंद्र सख्त, मंत्री ने की धोखाधड़ी रोकने के उपायों की समीक्षा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

दूरसंचार राज्य मंत्री ने बुधवार को अनजान मोबाइल उपभोक्ताओं के सिम कार्ड के दुरुपयोग और उससे जुड़ी साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक में सिम कार्ड के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए अपनाए जा रहे उपायों का आकलन किया और इस दिशा में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक के बाद डॉ. पेम्मासानी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक के दौरान ₹सिम म्यूलिंग₹ के बढ़ते खतरे पर विशेष चर्चा की गई। सिम म्यूलिंग ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें धोखेबाज लोगों को लालच या झांसे में लेकर उनके नाम पर जारी सिम कार्ड का उपयोग साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी और अन्य अवैध गतिविधियों के लिए करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा ▸▸शेष पेज 5 पर




## विदेश मंत्रालय ने मामले पर साफ की स्थिति

पासपोर्ट को बताया विदेश यात्रा के समय राष्ट्रीयता को प्रमाणित करने वाला दस्तावेज

# विदेश यात्रा के लिए महज एक दस्तावेज है पासपोर्ट जिसे नागरिकता का प्रमाण न समझा जाए

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पासपोर्ट विदेश यात्रा के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला सिर्फ एक दस्तावेज है। जिसे नागरिकता का प्रमाणपत्र नहीं माना जा सकता है। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बुधवार को पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर पूरी स्पष्टता के साथ यह बताया कि पासपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय यात्राओं के दौरान राष्ट्रीयता को प्रमाणित करने वाले दस्तावेज के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। जबकि इसे नागरिकता के कानूनी सबूत के रूप में पेश नहीं किया जा सकता है। यहां बता दें कि पूर्व में सरकार ने आधार के बारे में भी पासपोर्ट की तरह ही तर्क दिया था। गौरतलब है कि 24 जून 1967 को भारत की संसद ने पासपोर्ट कानून पारित किया था। जिसके बाद से हर साल इस दिन को पासपोर्ट सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।



### देश में हैं 545 पासपोर्ट सेवा केंद्र

अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में भारत का पासपोर्ट नेटवर्क लगभग सभी 545 संसदीय क्षेत्रों तक पहुंच गया है। जबकि 30 जिले ऐसे हैं। जिन्हें अभी भी एक पूरी तरह से समर्पित पासपोर्ट सेवा केंद्र का इंतजार है। कार्यक्रम के विस्तार के दौरान इस कमी को भी दूर किया जाएगा। मंत्रालय की योजना इस साल 30 में से 10 केंद्र खोलने की है। बाकी बचे हुए 20 केंद्रों को आगामी वक्त में चरण दर चरण प्रक्रिया के तहत खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस सत्यापन से इतर पासपोर्ट जारी करने में 6 कार्य दिवस लगते हैं। जबकि दूसरी ओर पासपोर्ट सेवा केंद्रों, डाकघर ▸▸शेष पेज 5 पर

### जारी किए चिप वाले 1.47 करोड़ पासपोर्ट

उन्होंने बताया कि पिछले साल 26 मई 2025 से देश में पासपोर्ट सेवा कार्यक्रम (पीएसपी वी2.0) के उन्नत संस्करण को लागू किया गया था। जिसके साथ ही देश-विदेश में भारतीयों को चिप आधारित नए पासपोर्ट दिए जा रहे हैं। आंकड़ों के हिसाब से अब तक कुल करीब 1.47 करोड़ चिप वाले पासपोर्ट वितरित किए जा चुके हैं। जिनमें ई-पासपोर्ट केवल 10% लोगों के पास हैं। चिप वाले पासपोर्ट पहले के मुकाबले कहीं अधिक सुरक्षित हैं, संबंधित व्यक्ति का पूरा डेटा बॉयोमीट्रिक सिस्टम में दर्ज रहता है। जिसके बाद किसी भी तरह का नकली या फर्जी पासपोर्ट नहीं बनाया ▸▸शेष पेज 5 पर

### 27 देशों में भारतीयों को वीजा फ्री प्रवेश

दुनिया के 27 देशों में भारतीयों को वीजा मुक्त प्रवेश दिया जाता है। 47 देशों में वीजा ऑन अराइवल की सुविधा है। इसके अलावा 66 देश ऐसे हैं। जहां भारतीयों को ई-वीजा की सुविधा प्रदान की जाती है। वीजा मुक्त प्रवेश में यात्री को किसी देश की यात्रा करते हुए पहले से कोई नहीं लेना पड़ता है। सिर्फ वैध पासपोर्ट के सहारे वह अपनी यात्रा कर ▸▸शेष पेज 5 पर

## तीन किशोर पकड़े गए

# 150 रुपये को लेकर हुआ विवाद, युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

तिलक नगर इलाके में 150 रुपये को लेकर हुये विवाद में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। मृतक युवक का नाम पारस (23) बताया गया है। पुलिस ने कार्रवाई स्वरूप तीन नाबालिगों को हत्या के जुर्म में पकड़ लिया है।

डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी के अनुसार वारदात सोमवार को अंजाम दी गई। एक युवती ने कॉल कर पुलिस को जानकारी दी कि उसके भाई पारस को चाकू मारे जाने के बाद दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) अस्पताल लाये हैं। कई जगह चाकू मारे गये हैं और खून नहीं रूक रहा है।



पुलिस अस्पताल पहुंची तो पाया कि पारस को पीठ और बाएं पैर की जांघ पर चाकू मारा गया था। गंभीर घावों के कारण पारस की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में हत्या समेत अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई।

डीसीपी के अनुसार इलाके के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और स्थानीय खुफिया जानकारी जुटाई गई। इसके आधार पर वारदात के कुछ ही घंटों के अंदर चौखंडी के बी-ब्लॉक स्थित एक पार्क से 15 और 16 साल के तीन किशोरों को पकड़ लिया गया।

पूछताछ के दौरान किशोरों ने खुलासा किया कि करीब 40-45 दिन पहले मृतक ने उनमें से एक से जबरन 150 रुपये ले लिए थे और वह पैसे वापस नहीं कर रहा था। रविवार और सोमवार की दरमियानी रात उन्होंने पारस को रोका और पैसे न देने की बात पर उनके बीच झगड़ा हुआ। इसमें पारस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किये गये। तीनों नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है।

## सरकारी दफ्तरों को झूठी धमकी भरे ईमेल भेजने वाली महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** चाणक्यपुरी पुलिस ने सरकारी दफ्तरों और महत्वपूर्ण जगहों पर झूठी धमकी भरे ईमेल भेजने वाली महिला को पकड़ लिया है। आरोपी महिला ने दिल्ली ही नहीं बल्कि देशभर में सीनियर सरकारी अधिकारियों, संस्थानों और दूसरी जगहों पर 200 से ज्यादा ईमेल भेजे थे।

डीसीपी सचिन शर्मा के अनुसार जांच के दौरान पता चला कि भेजने वाला 9 फरवरी से ऐसे ईमेल भेज रहा था और उसने देश भर में अलग-अलग लोगों को 200 से ज्यादा ईमेल भेजे थे। जांच मुख्य रूप से उस ईमेल अकाउंट पर केंद्रित थी जिसका इस्तेमाल ये संदेश भेजने के लिए किया जा रहा था। चाणक्यपुरी पुलिस स्टेशन के एसएचओ इंस्पेक्टर पी.सी. यादव की देखरेख में तकनीकी जांच की गई। ईमेल अकाउंट से जुड़े मोबाइल नंबर की पहचान कर उसे तकनीकी निगरानी में रखा गया। डिवाइस के लंबे समय तक बंद रहने के बावजूद, लगातार तकनीकी कोशिशों से पुलिस टीम को पुख्ता जानकारी मिली। 18 जून को एक और धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद, भेजने वाले की पहचान करने और उसका पता लगाने के लिए कोशिशें तेज की गई। इसके बाद 21 जून को पता चला कि संदिग्ध नई दिल्ली में गुरुद्वारा बंगला साहिब के आसपास मौजूद है। पुलिस ने शाम के समय ट्रैप लगाकर संदिग्ध महिला को पकड़ लिया। पकड़ी गई महिला की पहचान सीमा लोहुमी के तौर पर हुई है, जो 41 साल की हैं और अहमदाबाद, गुजरात के किशनपुर की रहने वाली हैं। पूछताछ के दौरान पता चला कि वह काफी समय से कई लोगों को इस प्रकार के ईमेल भेज रही थी। जांच पड़ताल में यह भी पता चला कि उसका इलाज चल रहा था, जिसकी पुष्टि उसके परिवार वालों ने भी की है। मामले में आगे की जांच पड़ताल जारी है।

# इंश्योरेंस ब्रोकरेज ऑफिस की आड़ में चल रहे फ्रॉड कॉल सेंटर का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली जिले की साइबर पुलिस ने इंश्योरेंस ब्रोकरेज ऑफिस की आड़ में चल रहे मुंबई स्थित साइबर फ्रॉड कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में तीन आरोपी गिरफ्तार किये गये हैं। इन्होंने हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी रिन्यूअल के बहाने एक वरिष्ठ नागरिक से 4.81 लाख की धोखाधड़ी की थी। धोखाधड़ी करने वालों ने इंश्योरेंस एग्जीक्यूटिव बनकर क्रेडिट कार्ड की जानकारी और ओटीपी हासिल कर लेते थे। ठगी गई रकम का इस्तेमाल ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए सोना खरीदने में किया जाता था। इनके पास से 10 मोबाइल फोन, 9 सिम कार्ड और 1 लैपटॉप बरामद हुआ।

पुलिस के अनुसार नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के जरिए एक शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्हें एक प्रतिष्ठित हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी के एग्जीक्यूटिव बनकर एक व्यक्ति का व्हाट्सएप कॉल आया। पॉलिसी रिन्यूअल की औपचारिकताओं के बहाने, कॉलर ने पीड़ित को संवेदनशील क्रेडिट कार्ड जानकारी बताने के लिए राजी कर लिया। इसके बाद पीड़ित की सहमति के बिना उसके क्रेडिट कार्ड से 1,60,596 के तीन अनधिकृत ट्रांजैक्शन किए गए, जिनकी कुल राशि 4,81,788 थी। जांच के दौरान पता चला कि धोखाधड़ी से हासिल की गई रकम का इस्तेमाल ऑनलाइन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए सोना खरीदने में किया गया था।

तकनीकी जांच से मुंबई से काम कर रहे एक गिरोह की भूमिका का पता चला। मुंबई के मलाड वेस्ट में चल रहे एक ऑफिस पर छापा मारा गया, जिसे एक असली थर्ड-पार्टी हेल्थ इंश्योरेंस ब्रोकरेज फर्म के तौर पर दिखाया जा रहा था। छापे के दौरान पता चला कि उस जगह का इस्तेमाल देश भर में इंश्योरेंस पॉलिसी होल्डर्स को निशाना बनाकर धोखाधड़ी वाली टेली-कॉलिंग गतिविधियां करने के लिए किया जा रहा था। कई टेलीकॉलर अनजान लोगों को इंश्योरेंस से जुड़े धोखे वाले कॉल करते हुए पाए गए। इस मामले में साहिल अहमद शेख, उमेर अली सैयद, और वरुण गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपी पहले दूसरी इंश्योरेंस ब्रोकरेज कंपनियों में टेलीकॉलर के तौर पर काम कर चुके हैं। इनके अलावा 13 अन्य लोगों को बीएनएसएस की धारा 35(3) के तहत पाबंद किया गया।

## ठगी के लिये बैंक खाते उपलब्ध करवाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

उत्तरी जिले की साइबर पुलिस ने 'म्यूल अकाउंट्स' (धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल होने वाले खाते) उपलब्ध कराने और रकम को इधर-उधर करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में जालसाजों ने पीड़ित व्यक्ति का मोबाइल फोन हैक कर एक लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। मध्य प्रदेश के जावरा और रतलाम इलाकों में लगभग 1500 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए तीन दिन तक चले ऑपरेशन के बाद चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियों द्वारा इस्तेमाल किए गए चार बैंक खातों से जुड़ी 10 ऐसी ही शिकायतें एनसीआरपी पोर्टल पर भी मिलीं, जिन्हें इस मामले से जोड़ा गया है। जालसाजों से चार मोबाइल फोन और सात सिम कार्ड भी बरामद किए गए। वजीराबाद की रहने वाली 31 वर्षीय महिला से 26 मई को यह धोखाधड़ी हुई थी। उसी दिन ई-एफआईआर दर्ज की गई थी। पकड़े गये जालसाजों के नाम फहीम, शुभम, दीपक और मनोज है।

# ताजिया जुलूस पर दिल्ली पुलिस ड्रोन से रखेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस मुहर्रम के अवसर पर शुक्रवार को निकाले जाने वाले ताजिया जुलूस के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्रोन के जरिए नजर रखेगी और संदिग्ध तत्वों की पहचान के लिए उच्च तकनीक का इस्तेमाल करेगी। उत्तर पूर्वी दिल्ली पुलिस जुलूस के दौरान एक हजार से ज्यादा पुलिस कर्मियों को तैनात करेगी।



इसके लिये मुख्यालय से सुरक्षा बलों की 20 अतिरिक्त कंपनियों की मांग की गई है। इस्लामी केलेंडर के पहले महीने मुहर्रम के 10वें दिन 'आशूरा' पर देश के अलग अलग हिस्सों में इमाम हुसैन की याद में जुलूस निकाला जाता है। 680वीं ई. में पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन और उनके करीबी साथियों को इराक के करबला में इसी तारीख को शहीद कर दिया गया था। इस साल शुक्रवार को 'आशूरा' है। दिल्ली पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में कई इलाकों में ताजिया जुलूस निकाले जाते हैं, लेकिन बड़े जुलूस मुख्य रूप से उत्तर पूर्वी दिल्ली और पुरानी दिल्ली में निकाले जाएंगे। उत्तर पूर्वी दिल्ली का इलाका खासा संवेदनशील माना जाता है, जिसके मद्देनजर पुलिस ने यहां व्यापक व्यवस्था की है। पुलिस ने इलाके के प्रतिष्ठित लोगों और अमन कमेटी के सदस्यों के साथ बैठकें भी की हैं ताकि जुलूस के दौरान कोई व्यवधान पैदा ना हो।

डीसीपी राहुल अलवल ने बताया कि इलाके में 'आशूरा' के जुलूस को लेकर 1100 स्थानीय पुलिस कर्मियों को तैनात करने की योजना है और पुलिस मुख्यालय से सुरक्षा बलों की 20 कंपनियों की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भीड़ पर नजर रखने के लिए 14 ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा और आपराधिक तत्वों पर नजर रखने के लिए चेहरा पहचानने वाली तकनीक भी इस्तेमाल की जाएगी।

## उद्योग भवन के पास मजदूरों के 200 अस्थायी आवास आग में खाक

नई दिल्ली। उद्योग भवन के पास मजदूरों के लिए बने टिन शेड वाले अस्थायी आवासों में बुधवार तड़के भीषण आग लग गई। इसमें लगभग 200 आवास जलकर राख हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार आग लगने की सूचना तड़के तीन बजकर दो मिनट पर मिली थी। कई दमकल वाहन मौके पर रवाना किये गये। शुरुआती जांच में आग एक बिजली पैनल से लगे की आशंका जताई गई है। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि शुरुआत में आग बुझाने के लिए दमकल की दो गाड़ियां भेजी गई थीं लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए अभियान का दायरा बढ़ाना पड़ा। इसके बाद पानी ले जाने वाली दमकल गाड़ियों तथा अन्य विशेष इकाइयों समेत कुल 19 अग्निशमन वाहनों को मौके पर तैनात किया गया। सुबह करीब साढ़े पांच बजे आग पर काबू पा लिया गया। आग में श्रमिकों के लगभग 200 अस्थायी आवास तथा कई एलपीजी सिलेंडर क्षतिग्रस्त हो गए। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। गौरतलब है कि सेंट्रल विस्टा क्षेत्र में स्थित प्रमुख सरकारी कार्यालय परिसरों में से एक उद्योग भवन को केंद्र के महत्वाकांक्षी पुनर्विकास कार्यक्रम के तहत ध्वस्त करने का काम शुरू हो चुका है। साल 1950 के दशक के उत्तरार्ध में निर्मित उद्योग भवन को गिराने की प्रक्रिया उसके निकट स्थित निर्माण भवन के ध्वस्तीकरण के बाद शुरू की गई है।

# छात्रों की सुरक्षा और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताः सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ **दिल्ली के प्रमुख कोचिंग हब्स में व्यापक निरीक्षण अभियान के निर्देश**

दिल्ली में छात्रों की सुरक्षा और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। छात्रों की सुरक्षा से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी कोचिंग संस्थानों को सरकार एवं न्यायालयों द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों तथा सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन करना होगा। दिल्ली के शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को राजधानी में संचालित कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था, आधारभूत संरचना तथा नियामकीय व्यवस्था की समीक्षा के बाद यह जानकारी मीडिया के साथ साझा की। उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए। बैठक में गृह विभाग, नगर निगम (एमसीडी), शहरी विकास विभाग, दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) तथा उच्च शिक्षा निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सूद ने कोचिंग संस्थानों में मौजूद आधारभूत संरचना संबंधी कमियों एवं सुरक्षा मानकों में पाई जा रही खामियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि छात्रों की सुरक्षा, कल्याण एवं जीवन से जुड़े विषयों पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# सेंट्रल विस्टा के लिए मेट्रो निर्माण कार्य शुरू, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने नारियल फोड़ किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विस्टा कॉरिडोर के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने बुधवार को सेंट्रल विस्टा कॉरिडोर के लिए वर्तमान केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन पर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया।

निर्माण कार्य का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने किया। इस अवसर पर मनोहर लाल के अलावा आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव एवं डीएमआरसी के अध्यक्ष कटिकिथला श्रीनिवास, डीएमआरसी



के प्रबंध निदेशक डॉक्टर विकास कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। डीएमआरसी द्वारा दी गई जानकारी अनुसार यह स्टेशन फेज़ पांच (ए) के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है, जो वर्तमान मैजेंटा लाइन का जनकपुरी वेस्ट से आर.के. आश्रम मार्ग का विस्तार है। केंद्रीय सचिवालय स्टेशन एक ट्रिपल-इंटरचेंज स्टेशन के रूप में विकसित होगा, जहाँ नई मैजेंटा लाइन का स्टेशन वर्तमान येलो लाइन एवं वायलेट लाइन से निर्बाध रूप से जुड़ जाएगा। यह विशिष्ट सुविधा लुटियंस ज़ोन एवं आसपास के प्रशासनिक क्षेत्रों तक पहुँचने वाले सरकारी कार्मिकों तथा यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। यह कॉरिडोर 9.913 किलोमीटर लंबा है तथा इसमें नौ भूमिगत स्टेशन शामिल हैं। जिनमें शिवाजी स्टेडियम, युगे युगीन भारत, केंद्रीय सचिवालय, कर्तव्य भवन, इंडिया गेट, वॉर मेमोरियल-हाई कोर्ट, बड़ौदा हाउस, भारत मंडपम और इंद्रप्रस्थ नाम शामिल है। डीएमआरसी के अनुसार यह परियोजना नई दिल्ली के मुख्य हिस्से से कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने, मुख्य सरकारी कार्यालयों, न्यायिक संस्थानों, राष्ट्रीय स्मारकों और कन्वेंशन सेंटर्स तक सुगम पहुंच प्रदान करने के साथ-साथ समग्र नेटवर्क दक्षता और यात्री सुविधा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**रेल पहिया कारखाना/बेला**
जिला–सारण, (बिहार)–841221

ई–निविदा सूचना सं. 04/रेपका/इंजी/2026–27/डब्ल्यू०टी०/(खुली) दिनांक 22.06.2026. उप मुख्य इंजीनियर/ रेपका/बेला भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन "खुली ई–निविदा सूचना" भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल (आई.आर.ई.पी.एस) www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित करते हैं :–1. कार्य का नाम, स्थान, अनुमानित लागत, अग्रधन जमा राशि एवं कार्य को पूरा करने का समय : निविदा सं. 08_रेपका–इंजी_26_27_डब्ल्यू.टी._खुली, **कार्य का नाम :– जोन – 01 (2026–27) :** कारखाना परिसर के अन्दर जैसे मेन प्लांट, शॉप फ्लोर, इलेक्ट्रिक सब–स्टेशन, कैंटीन, एस०टी०पी०, आर०टी० शॉप, मेन टॉयलेट, इंजीनियरिंग कार्यालय, पी०सी०एस०, मेट लैब, मुख्य स्टोर इत्यादि सभी का रखरखाव का कार्य। पी०ई० 30.06.2027, **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 75,00,000/–, **निविदा (फार्म) प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00, **अग्रधन जमा राशिः**– रु.1,50,000/–, **कार्य को पूरा करने का समय :** 30.06.2027, निविदा सं. 09_रेपका–इंजी_26_27_डब्ल्यू०टी०_खुली, **कार्य का नाम :– जोन–02 (2026–27)**–अधिकारी आवास और प्रशासनिक भवन क्षेत्र जैसे 40 अधिकारियों के बंगले, ओ०आर०एच०/बेला, ओ०आर०एच०/आर०डब्ल्यू०पी०/दानापुर, प्रशासनिक भवन, बी० टी० सी०, जॉगिंग पार्क, स्टेडियम इत्यादि सभी का रखरखाव का कार्य। पी०ई० 30.06.2027, **कार्य की अनुमानित लागत :** – रु. 75,00,000/–, **निविदा (फार्म) प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00, **अग्रधन जमा राशि :**– रु.1,50,000/–, **कार्य को पूरा करने का समयः**–30.06.2027, **निविदा सं.**– 10_रेपका–इंजी_26_27_डब्ल्यू.टी._खुली, **कार्य का नामः–जोन–03 (2026–27)**–कर्मचारी आवास जैसे स्टाफ क्वार्टर, पॉली क्लिनिक, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, केंद्रीय विद्यालय, पोर्टा केबिन इत्यादि सभी का रखरखाव का कार्य। पी०ई० 30.06.2027, **कार्य की अनुमानित लागत :**– रु. 55,00,000/–, **निविदा (फार्म) प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00, **अग्रधन जमा राशिः**– रु.1,10,000/–, **कार्य को पूरा करने का समयः** – 30.06.2027. **2. निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 14.07.2026 को 14:30 बजे तक। 3.** वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण जहाँ से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।: उपरोक्त निविदा तय तिथि एवं समय तक ही जमा की जा सकेगी। निविदा की पूर्ण जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा जमा करने हेतु आईआरईपीएस के आधिकारिक वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। निविदा प्रस्तुत करने वाली भावी कम्पनी/एजेंसी को ऊपर की निविदाओं के संबंध में शुद्धि–पत्र सहित अदायतन जानकारी प्राप्त करने के लिए आई. आर. ई. पी. एस. पोर्टल (**www.ireps.gov.in**) के साथ संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है, क्यों कि ऐसी जानकारी समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं की जाएगी। **उप मुख्य इंजीनियर/रेपका/बेला**
आर.डब्ल्यू.पी./सी.पी.आर.ओ./ए.डी.भी.टी./2026–27/40

## सड़क हादसे में कांस्टेबल जख्मी, महिला पर मामला दर्ज

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के अशोक विहार इलाके में एक कार की टक्कर लगने से दिल्ली पुलिस का बाइक सवार कांस्टेबल घायल हो गया। जांच में पुलिस को पता चला कि ओशिन गुप्ता नामक महिला द्वारा चलाई जा रही कार से टक्कर लगी थी। महिला पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मिली सूचना के अनुसार घटना 19 जून को रात करीब आठ बजे केसी गोयल मार्ग पर हुई। हादसे के वक्त अशोक विहार थाने में तैनात कांस्टेबल जितेंद्र कुमार ड्यूटी पर थे। जांच में पुलिस को पता चला कि ओशिन गुप्ता नामक महिला द्वारा चलाई जा रही कार ने कथित तौर पर पुलिसकर्मी की मोटरसाइकिल को टक्कर मारी थी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कार कथित तौर पर तेजी और लापरवाही से चलाई जा रही थी, जिस वजह से दुर्घटना हुई। घायल पुलिसकर्मी को डीसीबी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। आगे के सत्यापन के दौरान पुलिस ने पाया कि घटना के समय चालक के पास कथित तौर पर वैध ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। पुलिस ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के साथ-साथ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।



## साकेत में कार पेड़ से टकराई, छह लोग हुये घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर मेट्रो स्टेशन के पास मंगलवार रात करीब पौने 12 बजे एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में एक महिला समेत छह लोग घायल हुये। घायलों को मैक्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कई की हालत गंभीर बताई गई है।

पुलिस द्वारा बताया गया कि यह दुर्घटना साकेत थाना क्षेत्र में प्रेस एन्क्लेव रोड पर उस समय हुई जब चालक ने दिल्ली के रजिस्ट्रेशन वाली स्विफ्ट कार से नियंत्रण खो दिया, जिससे कार एक पेड़ से जा टकराई। कार में सवार छह लोगों को मैक्स अस्पताल ले जाया गया। घायलों में पांच पुरुष और एक महिला हैं। पुलिस ने कहा कि वाहन से बीयर की कई बोतलें बरामद की गई, जिससे संदेह पैदा होता है कि दुर्घटना से पहले गाड़ी में बैठे लोगों ने शराब पी होगी। क्राइम टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण व फोटोग्राफी करवाई गई। मैक्स और मैक्स स्मार्ट हॉस्पिटल में भर्ती घायलों के नाम सोनू कनौजिया (21), अनीश कनौजिया (26), प्रिंस कुमार (19) निवासी संगम विहार, छवि चोपड़ा (20) निवासी नेब सराय, विक्की गुप्ता (35) निवासी जवाहर पार्क, देवली और सोनू (26) निवासी बेगमपुर, मालवीय नगर बताये गये हैं। पुलिस का कहना है कि दर्द और मेडिकल स्थिति के कारण किसी भी घायल व्यक्ति का विस्तृत बयान दर्ज नहीं हुआ है। पीसीआर कॉल, घटनास्थल की जांच और मेडिकल जांच रिपोर्ट के आधार पर बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

**दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

दिल्ली ट्रांसको लि. (राराक्षे दिल्ली सरकार का उपक्रम) निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है :

**निविदा सं. T25R220484** : 400/220/66 **केवी जीआईएस टिकरी खुर्द सब स्टेशन के डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन सहित टर्नकी आधार पर पूर्ण सिविल कार्य और ऑटोमेशन।**

निविदा के पूर्ण विवरण के लिए कृपया निम्नलिखित वेबसाइट्स पर पधारें :–
https://govtprocurement.delhi.gov.in (निविदा आईडी संख्याः 2026_DTL_294145_1) और **www.dtl.gov.in** के साथ यूनिक नं. DTL-0060-240626.

बोली जमा करने की अंतिम तिथि : 18.08.2026 अप. 1.30 बजे।

**इस ई–निविदा के सभी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/ संशोधन/ विस्तार की तिथि/स्पष्टीकरण इत्यादि केवल उपरोक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे। बोलीदाताओं को स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर पधारना चाहिए।**

## 1,668 करोड़ की लागत से बनेगा डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय का नया कैंपस

# धीरपुर का नया कैंपस विद्यार्थियों को प्रदान करेगा विश्वस्तरीय शैक्षणिक सुविधाएंः रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली के धीरपुर में डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) का नया कैंपस विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करेगा और राष्ट्रीय राजधानी में उच्च शिक्षा के अवसरों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को एयूडी के अत्याधुनिक नए कैंपस के निर्माण को मंजूरी देने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और सुलभ उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। दिल्ली सरकार से



मिली जानकारी के अनुसार, रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित दिल्ली सरकार की व्यय वित्त समिति ने बुधवार को उत्तरी दिल्ली के धीरपुर में डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) के अत्याधुनिक नए कैंपस के निर्माण को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री के अनुसार बैठक में दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, शिक्षा मंत्री आशीष सूद सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि परिसर को जीआरआईएचए 5-स्टार रेटिंग के अनुरूप किया जाएगा विकसित, सौर ऊर्जा और जल संरक्षण तकनीकों से सुसज्जित होगा। उन्होंने बताया कि नया कैंपस युवाओं को वैश्विक स्तर की शिक्षा और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेगा।

दिल्ली में उच्च शिक्षा के बुनियादी ढांचे को नई मजबूती देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि लगभग 1,668 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाला यह कैंपस राजधानी में गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप उच्च शिक्षा के अवसरों का विस्तार करेगा और हजारों विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

### पहले चरण में 5,400 छात्रों की क्षमता, 840 छात्रों के लिए हॉस्टल

मुख्यमंत्री के अनुसार लगभग 20 हेक्टेयर (50 एकड़) क्षेत्र में विकसित किए जाने वाले इस अत्याधुनिक परिसर को चरणबद्ध तरीके से लगभग 8,000 विद्यार्थियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। परियोजना के प्रथम चरण में 5,400 विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही 840 विद्यार्थियों के लिए छात्रावास सुविधाएं और शिक्षकों एवं कर्मियों के लिए आवासीय सुविधाओं का भी प्रावधान किया गया है। नए कैंपस में आधुनिक शैक्षणिक ब्लॉक, केंद्रीय पुस्तकालय, प्रशासनिक भवन, छात्र सुविधाएं, 2,500 सीटों की क्षमता वाला भव्य सभागार, स्पोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर और पार्किंग सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यह परिसर विद्यार्थियों को आधुनिक, समावेशी और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराएगा और 2,500 सीटों का भव्य सभागार तैयार होगा।

### शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा किसी भी विकसित समाज की सबसे मजबूत नींव होती है और दिल्ली सरकार युवाओं को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। धीरपुर में विकसित होने वाला नया अंबेडकर विश्वविद्यालय परिसर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दिल्ली की क्षमता को बढ़ाएगा।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रतीक उर्फ भोलू उर्फ कौशल**, पुत्रः तालेवार, **पताः** खसरा नं. 47, गली नं. 3, गुरु नानक देव नगर, भलस्वा डेयरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 285/16 U/s 323/336/34 IPC & 25/27Arms Act, थानाः जहांगीरपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रतीक उर्फ भोलू उर्फ कौशल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रतीक उर्फ भोलू उर्फ कौशल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 285/16 U/s 323/336/34 IPC & 25/27Arms Act, थानाः जहांगीरपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रतीक उर्फ भोलू उर्फ कौशल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री साहिल गुप्ता**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–07**
**कमरा नं. 06, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/8494/NW/2026
(Court Matter)

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी जीन्द | उचाना निर्वाचन क्षेत्र, जिला जीन्द में रोड आईडी 5766, 9576 वाले 2 अदद सम्पर्क सड़कों को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (सी.एम. घोषणा कोड–29493, 29495 दिनांक 18.02.2026) | 23.06.2026 06.07.2026 | 324.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1681252003 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46544/I/88/7 दि. 24.06.26

# लगातार दूसरे दिन बारिश ने दी गर्मी से राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

लगातार दूसरे दिन बुधवार को दिल्ली हुई झमाझम बारिश न दिल्ली वालों राहत प्रदान की। मौसम विभाग ने हल्की बारिश व तेज हवा को लेकर येलो अलर्ट जारी किया , जो रात के देर शाम के बाद सच साबित हुआ। झमाझम बारिश की वजह से जगह जगह जलभराव होने से यातायात जाम के हालात देखने को मिले। आईएमडी ने गुरुवार को का अपडेट देते हुए कहा है कि आंशिक रूप से आसमान पर बादल छाए रह सकते है। कहीं कहीं बूंदाबांदी से इंकार नहीं किया जा सकता। बारिश से पहले दिल्ली में अधिकतम तापमान 39.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.7 डिग्री अधिक है। जबकि न्यूनतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 2.0 डिग्री नीचे है।




## सरकार ने 657.99 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को दी मंजूरी

# दिल्ली की सड़कों को आधुनिक और टिकाऊ बनाएगी दिल्ली सरकार: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने राजधानी की सड़कों को नई मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक में 270.63 किलोमीटर लंबाई की विभिन्न सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए 657.99 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से राजधानी की सड़कों को अधिक सुरक्षित, टिकाऊ और बेहतर बनाया जाएगा।

इस निर्णय से पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी दिल्ली के अनेक प्रमुख मार्गों की गुणवत्ता में सुधार होगा और सड़क अवसंरचना को आधुनिक मानकों के अनुरूप सुदृढ़ किया जा सकेगा। ईएफसी की बैठक में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह व अन्य वरिष्ठ अधिकारी



उपस्थिति थे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बताया कि परियोजना के अंतर्गत सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए सभी आवश्यक कार्य किए जाएंगे, जिससे सड़कों की संरचनात्मक मजबूती, गुणवत्ता, सुरक्षा और दीर्घकालिक टिकाऊपन में उल्लेखनीय सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी परियोजनाओं में पांच वर्ष की डिफेक्ट लाइबिलिटी अवधि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि विशेष बात यह है कि लाइबिलिटी अवधि के दौरान अगर किसी सड़क में गड्ढा होता है तो उसे 48 घंटे में भरा जाएगा। कार्यों की प्रगति जीएसडीएल/डीपीएमजी पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट की जाएगी। कार्य शुरू होने से पहले, कार्य के दौरान और कार्य पूर्ण होने के बाद जियो-टैग्ड फोटोग्राफ भी अपलोड किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सीएसआईआर-सीआरआरआई और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) द्वारा स्वतंत्र ऑडिट के माध्यम से कार्यों की गुणवत्ता की निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य को अक्टूबर माह तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार राजधानी की सड़कों को अधिक मजबूत, टिकाऊ और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पीडब्ल्यूडी के पूर्वी मेंटेनेंस जोन में 58.292 किलोमीटर लंबी सड़कों के सुदृढ़ीकरण पर 147.08 करोड़ रुपये, उत्तरी मेंटेनेंस जोन में 104.42 किलोमीटर लंबी सड़कों पर 247.31 करोड़ रुपये और दक्षिणी मेंटेनेंस जोन में 107.92 किलोमीटर लंबी सड़कों पर 263.61 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत व्यय की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्यों को जोनवार आधार पर क्रियान्वित करने का निर्णय लिया गया है, जिससे बड़े और प्रतिष्ठित सड़क निर्माणकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा आधुनिक मशीनरी और नवीन तकनीकों का प्रभावी उपयोग भी किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक सड़क-वार टेंडर प्रणाली के स्थान पर पहली बार जोनवार कॉम्पोजिट टेंडर प्रणाली अपनाई जा रही है, जिससे कार्यों के निष्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण और निगरानी को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। इससे आधुनिक मशीनरी और तकनीक का बेहतर उपयोग हो सकेगा, कार्यों की गुणवत्ता पर अधिक प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी और निर्माण के बाद रखरखाव की जवाबदेही भी तय होगी। दिल्ली सरकार केवल निर्माण कार्यों पर ही नहीं, बल्कि गुणवत्ता और पारदर्शिता पर भी विशेष ध्यान दे रही है।

### सभी आवश्यक मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा

मुख्यमंत्री के अनुसार यह परियोजना केवल सड़कों के सुदृढ़ीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के व्यापक उद्देश्यों को भी ध्यान में रखकर तैयार की गई है। परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान धूल नियंत्रण और वायु गुणवत्ता सुधार से संबंधित सभी आवश्यक मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए टेंडरों को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के निर्धारित फ्रेमवर्क के अनुरूप तैयार किया गया है। बेहतर सड़कें नागरिकों को अधिक सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराने के साथ-साथ धूल प्रदूषण को कम करने और राजधानी के पर्यावरण को बेहतर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# मच्छरजनित बीमारियों से निपटने के लिए दिल्ली सरकार तैयार: पंकज



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार डेंगू एवं अन्य मच्छरजनित बीमारियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बुधवार को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की वर्तमान स्थिति एवं तैयारियों की व्यापक समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने राज्य में निगरानी व्यवस्था, अस्पतालों की तैयारियों, जांच सुविधाओं तथा मच्छर नियंत्रण उपायों को और मजबूत किया है।

मंत्री डॉ. सिंह ने बताया कि मानसून के मद्देनज़र दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में डेंगू एवं अन्य मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने सभी संबंधित विभागों को जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदमों और उपायों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने दिल्ली में इन बीमारियों की वर्तमान स्थिति, निगरानी व्यवस्था, अस्पतालों की तैयारियों, मच्छर नियंत्रण गतिविधियों तथा जन-जागरूकता अभियानों की समीक्षा की। नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार, 20 जून 2026 तक एमसीडी के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में डेंगू के 347, मलेरिया के 87 तथा चिकनगुनिया के 19 मामले सामने आए हैं। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष अब तक डेंगू अथवा मलेरिया से किसी मरीज की मृत्यु की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### सभी विभागों को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश

जनस्वास्थ्य के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि सभी विभागों को पूरी सतर्कता बरतने और निवारक उपायों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने नागरिकों, संस्थानों, बाजार संघों, आरडब्ल्यूए और सामुदायिक संगठनों से डेंगू के खिलाफ इस अभियान में सरकार का सहयोग करने तथा एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं डेंगू-मुक्त दिल्ली के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

# टीबी मुक्त भारत का सपना होगा पूरा : तरनजीत संधू



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने टीबी जांच और उपचार को लेकर एक समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक के दौरान एलजी ने कहा कि यह संतोषजनक है कि टीवी (तपेदिक) की बीमारी संबंधित जांच और उपचार में उत्साहजनक प्रगति देखने को मिल रही है। एलजी ने कहा कि राष्ट्रीय औसत की तुलना में राजधानी में टीबी नियंत्रण के क्षेत्र में प्रदर्शन बेहतर है। इसमें 88 प्रतिशत एनएएटी जांच और 47 प्रतिशत तपेदिक रोकथाम उपचार (टीपीटी) दर्ज किया गया है। संधू की इस बैठक में मुख्य सचिव राजीव वर्मा और स्वास्थ्य विभाग के आला वरिष्ठ अधिकारी आदि मौजूद थे। लोक निवास द्वारा दी गई जानकारी अनुसार बैठक में संधू ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि निक्षय पोषण योजना के तहत प्रदान किए जाने वाले लाभों का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से शीघ्र वितरण सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा उच्च जोखिम वाले वार्ड में एक्स-रे स्क्रीनिंग को मजबूत करने के लिए संचालन संबंधी बाधाओं को दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार शीघ्र पहचान, समय पर उपचार, समुदाय की सक्रिय भागीदारी और सभी नागरिकों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिससे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सके। जानकारी अनुसार दिल्ली राष्ट्रीय औसत से आगे प्रदर्शन कर रही है और 88 प्रतिशत अग्रिम एनएएटी जांच तथा 47 प्रतिशत टीपीटी कवरेज हासिल किया गया है।

## एक तरफ भाजपा तोड़ रही है जेजे क्लस्टर, दूसरी तरफ भ्रमित करने के लिए मकान देने की घोषणा : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा सरकार की नीतियों और उसकी नियत को लेकर कहा है कि दोनों में अंतर साफ दिख रहा है। उन्होंने कहा जहां एक तरफ जेजे कलस्टरों में सरकार की तोड़फोड़ जारी है, वहीं दूसरी सीएम रेखा गुप्ता झुग्गीवालों को भ्रमित करके उनको जहां झुग्गी वहीं मकान, देने की घोषणा कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा सरकार की नियत झुग्गीवालों को मकान बनाकर देने की है तो 15 महीनों में यह कार्य क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा की दो दर्जन से अधिक झुग्गी झौपड़ियों को क्यों उजाड़ा गया। यादव ने दावा किया कि जहां झुग्गी वहीं मकान बनाने की थीम तत्कालीन कांकांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार ने शुरु की थी। भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का बयान कि 1 जनवरी 2025 तक की झुग्गी बस्तियों के पांच लाख परिवारों को बहुमंजिला फ्लैट बनाकर देंगे। अगर भाजपा सरकार की नियत गरीब झुग्गीवालों को मकान बनाकर देने की है तो फिर सत्ता आने के बाद पिछले 15 महीनों में दिल्ली की दो दर्जन से अधिक झुग्गी झौपड़ियों को उजाड़ा क्यों गया है। पिछले एक सप्ताह में सुभाष नगर, रेसकोर्स, कालिंदी कुंज की झुग्गी झौपड़ी पर बुलडोजर चलाकर उन्हें तोड़ तो दिया लेकिन जहां झुग्गी वहीं मकान के तहत रेखा सरकार द्वारा कोई भरोसा क्यों नही दिया गया। यादव ने कहा कि मैं सीएम रेखा गुप्ता और विपक्षी दल आम आदमी पार्टी से पूछना चाहता हूँ कि पिछले 16 वर्षों में कांग्रेस द्वारा जहां झुग्गी वहीं मकान की योजना के प्रोजेक्ट पूरे क्यों नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि कालकाजी एक्स, गोविंदपुरी, कठपुतली कॉलोनी और वजीरपुर के जेलर वाला बाग में गरीबों के लिए फ्लैट बनाने के कई प्रोजेक्ट आज भी अधूरे ही क्यों है। जबकि दूसरी तरफ कांग्रेस सरकार द्वारा राजीव रत्न आवास के तहत नरेला, बवाना, घेवरा में बनाए 45 हजार तैयार फ्लैट आज तक गरीबों को आवंटित क्यों नहीं कि।

## 1,900 किलोमीटर नालों की सफाई हुई पूरी

# दिल्ली के नालों से 30 लाख मीट्रिक टन से अधिक गाद हटाई : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में आगामी मानसून को देखते हुए तैयारियों को और तेज़ कर दिया गया है। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बुधवार को मोती नगर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे डी-सिल्टिंग (गाद निकालना) कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा राजधानी में चल रही मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा की।

इस दौरान बताया गया कि दिल्ली के नालों से 30.91 लाख मीट्रिक टन गाद हटाई गई है और 1,900 किलोमीटर नालों की सफाई पूरी की गई है। मंत्री प्रवेश



साहिब सिंह ने कहा कि समीक्षा के दौरान लोक निर्माण विभाग और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा किए गए कार्यों में उल्लेखनीय प्रगति सामने आई, जो मानसून से पहले दिल्ली सरकार द्वारा किए जा रहे व्यापक प्रयासों को दर्शाती है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि दिल्ली सरकार संकट आने के बाद प्रतिक्रिया देने के बजाय पहले से तैयारी करने की नीति पर काम कर रही है। इसके तहत लगातार निगरानी, विभागों के बीच समन्वय और फील्ड स्तर पर निरीक्षण सुनिश्चित किए जा रहे हैं ताकि मानसून के दौरान नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो। रिकॉर्ड स्तर पर हुई डी-सिल्टिंग, व्यापक निरीक्षण अभियान और जवाबदेही आधारित कार्य प्रणाली दिल्ली सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत राजधानी को अधिक सुरक्षित, सक्षम और जलभराव मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



**खबर संक्षेप**

## निवेश के नाम पर ठगे 15 लाख, 3 गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फेसबुक के माध्यम से दोस्ती कर ऑनलाइन गेमिंग एवं निवेश प्लेटफार्म में अधिक मुनाफे का लालच देकर 15 लाख की साइबर ठगी करने के मामले में 23 जून 2026 को साइबर थाना एनआईटी की टीम ने खाताधारक सहित 3 आरोपियों को रोहतक से गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान अमन, अवतार उर्फ कल्लू निवासी कलानौर तथा अरुण निवासी गांव अनवाल, कलानौर, जिला रोहतक के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार 15 फरवरी को एनआईटी.1 निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी फेसबुक के माध्यम से एक युवती से पहचान हुई थी, कुछ समय बाद उक्त युवती ने अपना फेसबुक अकाउंट डिलीट कर दिया, लेकिन व्हाट्सएप के माध्यम से लगातार संपर्क बनाए रखा। युवती ने नियमित वीडियो कॉल एवं बातचीत के जरिए उसका विश्वस जीता और भावनात्मक रूप से निकटता बढ़ाई। उसने एक ऑनलाइन निवेश प्लेटफॉर्म पर निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का लालच दिया।

## मासूम का हत्यारा सौतेला पिता ही निकला



**फरीदाबाद।** बीते 21 जून को शिव दुर्गा विहार लक्कड़पुर स्थित एक मकान में एक 3 वर्षीय बच्चे की गला रेत कर हत्या कर दी गई थी, जिस संबंध में थाना सूरजकुंड में हत्या की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। सहायक पुलिस आयुक्त अपराध-2 वरुण कुमार दहिया प्रेस कांफ्रेंस के दौरान ने बताया कि घटनाक्रम के संबंध में अपराध शाखा सेक्टर 16 की टीम ने उप निरीक्षक महेंद्र सिहं के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए सौतेले पिता सुशांत निवासी एसजीएम नगर को 23 जून को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जांच में सामने आया है कि सुशांत करीब एक-डेढ़ साल पहले रैपिडो चलता था। सुधा ने उसकी रैपिडो बुक की थी, उसके बाद से ही उसकी आपस में जानकारी हुई थी। फिर उन्होंने अपने पर्सनल नंबर सांझा कर लिये और उनकी बातचीत शुरू हो गई। बच्चे को सुशांत पसंद नहीं करता था। सुधा बार-बार बच्चे से मिलने के लिए अपनी मां के घर आती जाती थी इसी बात को लेकर उनका आपस में विवाद रहता था।

**नालों की सफाई की स्थिति का अवलोकन किया**

# बरसात के दौरान जल निकासी व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए डीसी ने किया ग्राउंड निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मानसून के दौरान जलभराव की समस्या के प्रभावी समाधान और सीवरेज.ड्रेनेज व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बुधवार को एनएचपीसी अंडरपास, बड़खल फ्लाईओवर, ओल्ड अंडरपास, नीलम फ्लाईओवर, मुगल पुल और बुढ़िया नाला सहित विभिन्न जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने इन स्थलों पर जल निकासी प्रबंधों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एफएमडीए, नगर निगम फरीदाबाद एवं एचएसवीपी के अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण की शुरुआत एनएचपीसी अंडरपास से करते हुए उपायुक्त ने वहां जल निकासी की व्यवस्थाएं पंपिंग सिस्टम तथा नालों की सफाई की स्थिति का अवलोकन किया। इसके उपरांत उन्होंने बड़खल फ्लाईओवर, ओल्ड अंडरपास और नीलम फ्लाईओवर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों से बरसात के



दौरान आने वाली चुनौतियों तथा उनके समाधान के लिए किए जा रहे प्रबंधों की जानकारी प्राप्त की। मुगल पुल और बुढ़िया नाला क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए उन्होंने जल प्रवाह में बाधा बनने वाले कारकों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उपायुक्त आयुष सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के सभी प्रमुख नालों, ड्रेनों और सीवरेज लाइनों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि वर्षा जल का निर्बाध प्रवाह बना रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त आयुष सिन्हा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अंडरपासों पर स्थापित पंपसेट्स की क्षमता एवं कार्यशीलता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि भारी वर्षा के दौरान जल निकासी का कार्य निर्बाध रूप से जारी रह सके। उन्होंने कहा कि मानसून अवधि में पंप ऑपरेटरों की चौबीसों घंटे ड्यूटी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा जल निकासी से संबंधित अन्य मशीनरी एवं उपकरणों को भी पूर्णतः कार्यशील अवस्था में रखा जाए।

डीसी ने बिजली आपूर्ति से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि अंडरपासों और संवेदनशील स्थलों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में उपलब्ध डीजी सेटों में पर्याप्त ईंधन की उपलब्धता बनाए रखी जाए। भारी वर्षा के दौरान आवश्यकता पड़ने पर अंडरपासों और जलभराव वाले क्षेत्रों में प्रभावी बैरिकेडिंग की जाए साथ ही ट्रैफिक भी सुचारु रूप से चलता रहे। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा बरसात के दौरान होने वाली समस्याओं को न्यूनतम स्तर पर रखना है। सभी विभागों को पूरी तत्परता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आगामी मानसून के दौरान शहरवासियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**फरीदाबाद में रोबोटिक सर्जरी पहली बार लॉन्च किया**

# फोर्टिस एस्कॉर्ट्स ने किया फोर्टिस इंस्टीट्यूट ऑफ रोबोटिक सर्जरी का शुभारंभ, क्षेत्र के लिए नैक्स्ट जेनरेशन सर्जिकल एक्सीलेंस पेश किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल फरीदाबाद ने वल्ड-क्लास क्लीनिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की मदद से सर्जरी के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखते हुए फोर्टिस इंस्टीट्यूट ऑफ रोबोटिक सर्जरी लॉन्च किया है। अस्पताल ने अपनी फ्यूचर ऑफ सर्जरी पहल के तहत इस इंस्टीट्यूट की स्थापना की है। यहां अत्याधुनिक सर्जिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ एडवांस रोबोटिक प्लेटफार्मों, स्पेश्यलाइज्ड़ ऑपरेटिंग सुविधाओं तथा मल्टीडिसिप्लीनरी क्लीनिकल विशेषज्ञताओं को जोड़ा गया है ताकि मरीजों के लिए अत्यधिक सटीक, मिनीमैली इन्वेसिव प्रक्रियाएं आसानी से उपलब्ध करायी जा सकें। फोर्टिस इंस्टीट्यूट ऑफ रोबोटिक सर्जरी में ओंकोलॉजी, जनरल एवं गैस्ट्रोइंस्टेस्टाइनल सर्जरी, यूरोलॉजी, ऑर्थोपिडिक्स, सीटीवीएस, ईएनटी और गाइनीकोलॉजी जैसे क्षेत्रों के अनुभवी सर्जनों को एकीकृत, मल्टीडिसीप्लीनरी प्लेटफार्म से जोड़ा गया है। यह प्लेटफार्म एडवांस इमेजिंग टेक्नोलॉजी, अत्याधुनिक डायग्नॉस्टिक्स तथा विस्तृत पेरी.ऑपरेटिव केयर द्वारा समर्थित है। फरीदाबाद शहर में अपनी तरह का यह पहला इंटीग्रेटेड रोबोटिक सर्जरी प्रोग्राम, उपलब्ध कराने वाला यह इंस्टीट्यूट फरीदाबाद समेत आसपास के अन्य क्षेत्रों के मरीजों के लिए भी एडवांस टर्शियरी केयर मानकों को उन्नत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसे इनोवेशन, सर्जिकल स्किल डेवलपमेंट के हब के तौर पर विकसित किया गया है जहां नई उभर रही टेक्नोलॉजी को अपनाया गया है और साथ ही, उत्कृष्टताए शोध तथा मरीज.केंद्रित देखभाल पर जोर देते हुए सर्जरी के भविष्य को उन्नत बनाने के फोर्टिस हेल्थकेयर के उद्देश्य में विस्तार किया जा रहा है। लॉन्च के अवसर पर डॉ अभिषेक शर्मा फेसिलिटी डायरेक्टर फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल ने कहा कि द फोर्टिस इंस्टीट्यूट ऑफ रोबोटिक सर्जरी फरीदाबाद में अपनी तरह का एकीकृत प्रोग्राम है और इसका उद्देश्य क्लीनिकल उत्कृष्टता से कहीं अधिक प्रदान करना है। ऐसा स्थान जहां अगली पीढ़ी की सर्जिकल टेक्नोलॉजी को परिष्कार और नवाचार के बाद अपनाया गया है।

**पहल का उद्देश्य परियोजना की व्यवहार्यता सुनिश्चित करना**

## मधुबन बापूधाम में अनफिनिश्ड ग्रुप हाउसिंग परियोजना के लिए डिमांड सर्वे शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए द्वारा मधुबन बापूधाम योजना में प्राधिकरण के नवीन निर्माणाधीन कार्यालय के सम्मुख स्थित अनफिनिश्ड ग्रुप हाउसिंग परियोजना के भविष्यगत विकास एवं विपणन के संबंध में नागरिकों की मांग एवं प्राथमिकताओं का आकलन करने हेतु डिमांड सर्वे प्रारम्भ किया गया है।

ग्रुप हाउसिंग परियोजना में कुल 198 आवासीय फ्लैट प्रस्तावित हैं, जिनका क्षेत्रफल 126 वर्गमीटर एवं 131 वर्गमीटर है। वर्तमान में परियोजना अनफिनिश्ड अवस्था में है। परियोजना को पूर्ण कराकर आमजन की आवश्यकताओं एवं बाजार की मांग के अनुरूप उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्राधिकरण द्वारा यह सर्वे कराया जा रहा है। डिमांड सर्वे के माध्यम से इच्छुक नागरिकों से फ्लैटों के संबंध में उनकी रुचि, प्राथमिकताओं एवं संभावित मांग की जानकारी प्राप्त की जा रही है। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के माध्यम से अथवा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा स्वयं निर्माण कार्य पूर्ण कराकर विक्रय हेतु उपलब्ध कराने के विकल्पों पर निर्णय लिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य परियोजना की व्यवहार्यता सुनिश्चित करना तथा नागरिकों की वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराना है।

**आपातकाल की 51 वीं वर्षगांठ पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित किया**

# आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय : सोहनपाल छौकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद महानगर के जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय था। उस दौर में लोकतांत्रिक संस्थाओं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों का दमन किया गया, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता। जिलाध्यक्ष सोहनपाल छौकर आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता पं. टिपरचंद शर्मा, जिला महामंत्री कविन्द्र चौधरी, अनुराग गर्ग, जिला परिषद के अध्यक्ष विजय लोहिया, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कार्तिक वशिष्ठ, पार्षद रवि भगत, स्वराज सिंह भाटी, नवीन चेची सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा महानगर अध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने कहा कि भाजपा उन सभी लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन करती है आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने युवाओं से लोकतंत्र की रक्षा तथा संवैधानिक मूल्यों को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कल फरीदाबाद में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी कृष्ण पाल गुर्जर आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को सेंट्रल पार्क में सम्मानित करेंगे। भाजपा नेता पं. टिपरचंद शर्मा ने कहा कि आपातकाल लोकतंत्र पर एक गंभीर प्रहार था और देशवासियों को उस कालखंड से सीख लेकर लोकतांत्रिक परंपराओं को और मजबूत बनाने का संकल्प लेना चाहिए।

**दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

दिल्ली ट्रांसको लि. (राराक्षे दिल्ली सरकार का उपक्रम) निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है :

**निविदा सं. T25R220481 : मौजूदा 220/33/11 केवी एआईएस को 400/220/33 केवी जीआईएस गोपालपुर में बदलने के साथ-साथ 400/220/33 केवी जीआईएस के डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन सहित 66 केवी जीआईएस के संवर्धन सहित टर्नकी आधार पर पूर्ण सिविल कार्य और ऑटोमेशन।**

निविदा के पूर्ण विवरण के लिए कृपया निम्नलिखित वेबसाइट्स पर पधारें :- https://govtprocurement.delhi.gov.in (निविदा आईडी संख्याः 2026_DTL_294096_1) और **www.dtl.gov.in** के साथ यूनिक नं. DTL-0058-240626.

बोली जमा करने की अंतिम तिथि : 12.08.2026 अप. 1.30 बजे।

**इस ई-निविदा के सभी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/ संशोधन/ विस्तार की तिथि/स्पष्टीकरण इत्यादि केवल उपरोक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे। बोलीदाताओं को स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर पधारना चाहिए।**

**केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय**

*(केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत स्थापित)*

तेजस्विनी हिल्स, पेरिया डाक, कासरगोड-671325

सं. सीयूके/आरसी/10/टीईएसीएच/ईएन/2026 दिनांकः 10 जून, 2026

**विभिन्न शिक्षण पदों के लिए विज्ञापन**

विभिन्न रिक्त शिक्षण पदों को नियमित आधार पर भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों / भारत के प्रवासी नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. विज्ञापन सं. सीयूके/आरसी/10/टीईएसीएच/ईएन/ 2026 दिनांकित 10.06.2026 (विभिन्न विभागों में रिक्त शिक्षण पदों के लिए)
2. विज्ञापन सं. सीयूके/आरसी/11/टीईएसीएच/आईटीईपी/ईएन /2026 दिनांकित 10.06.2026 (इंडग्रेटेड टीचर एज्युकेशन प्रोग्राम-आईटीईपी में रिक्त विभिन्न शिक्षण पदों के लिए)

अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.cukerala.ac.in** देखें।
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने का लिंकः https://curec.samarth.ac.in
ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 10.07.2026, 11:59 पी.एम.
हार्ड कॉपी आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथिः 25.07.2026, 05:00 पी.एम.
CBC 21353/11/0001/2627 कुलसचिव

**सभी पात्र मतदाता समय पर प्रपत्र जमा करवाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में दें सहयोग**

# बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से भरे हुए गणना प्रपत्र करें प्राप्त: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फरीदाबाद जिला में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा मतदाता सूची को त्रुटिरहित, पारदर्शी और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस अभियान के तहत अब बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ मतदाताओं से भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त करने का कार्य कर रहे हैं।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष सिन्हा ने बताया कि जिले में गणना प्रपत्रों के वितरण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और अब बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से भरे हुए प्रपत्र वापस ले रहे हैं। सभी पात्र नागरिक समय पर अपने प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध करवाएं ताकि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा किया जा सके। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे तथा किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में दर्ज न हो। प्राप्त प्रपत्रों का सत्यापन कर मतदाता सूची को अद्यतन किया जाएगा। उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए गणना प्रपत्र जमा करने की व्यवस्था ऑनलाइन और ऑफ्लाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध है। जिन मतदाताओं ने अभी तक अपने प्रपत्र जमा नहीं किए हैं, अथवा निर्धारित ऑनलाइन माध्यम से जमा करें। उपायुक्त ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जब बीएलओ उनके घर आए तो वे आवश्यक जानकारी और दस्तावेज उपलब्ध कराकर पूर्ण सहयोग करें।

**व्यवस्थित और प्रभावी बनाने पर दिया जोर**

# एआई और क्लाउड तकनीक से बदल रहा टैक्स कंप्लायंस का स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



भारत में टैक्स कंप्लायंस का ढांचा तेजी से तकनीक आधारित हो रहा है। जीएसटी, डिजिटल भुगतान, ई-इनवॉइसिंग और रियल-टाइम रिपोर्टिंग के बाद अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्लाउड और कनेक्टेड प्लेटफॉर्म्स के उपयोग से कंप्लायंस प्रक्रियाओं को अधिक सरल, व्यवस्थित और प्रभावी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी पृष्ठभूमि में टैक्स कंप्लायंस तकनीक क्षेत्र की कंपनी केडीके सॉफ्टवेयर ने अभिनेता बोमन ईरानी के साथ एक नया ब्रांड अभियान शुरू किया है।

कंपनी के अनुसार, अभियान का उद्देश्य तकनीक की मदद से जीएसटी, टीडीएस, आयकर, नोटिस, रिकंसिलिएशन और अन्य नियामकीय कार्यों को एकीकृत तरीके से संभालने की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित करना है। केडीके सॉफ्टवेयर के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक कपिल गोयल ने कहा कि कंप्लायंस अब कारोबार संचालन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है, जिसमें तेजी, समन्वय और स्पष्ट जानकारी की जरूरत बढ़ी है। कंपनी के एआई आधारित क्लाउड प्लेटफॉर्म के जरिए टैक्स प्रोफेशनल्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और फाइनेंस टीमें विभिन्न कंप्लायंस कार्यों की निगरानी, दस्तावेज प्रबंधन, डेटा मिलान और कार्यप्रवाह को बेहतर ढंग से संचालित कर सकती हैं। उसके प्लेटफॉर्म से देशभर में बड़ी संख्या में टैक्स रिटर्न दाखिल किए जाते हैं।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | यमुनानगर जिले में कि.मी. 81.90 पर कलानौर से कैल रोड (शहरी भाग) यमुनानगर (आईडी 11597) पर मौजूदा आरओबी के नीचे अंडरपास का निर्माण। | 22.06.2026 02.07.2026 | 112.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1732237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | कैथल जिले में फतेहपुर पुण्डरी में तहसील भवन के निर्माण हेतु लैंडस्केपिंग कार्य का विकास + 1 कार्य। | 22.06.2026 30.06.2026 | 16.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिला (मुल्लाना निर्वाचन क्षेत्र) में कल्पी से बधौली वाया नाहोनी रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान। पीएमजीएसवाई पीआर कार्य। | 23.06.2026 08.07.2026 | 637.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417362462 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में टावर ऑफ जस्टिस के लैंडस्केपिंग कार्य का विकास (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष रखरखाव)। | 22.06.2026 07.07.2026 | 52.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | डीटीसी (एचआईपीए) हिसार में प्रशासनिक खण्ड और छात्रावास का अप-ग्रेडेशन/ पुनरोद्धार (ई.आई. आंतरिक और स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान केवल)। | 22.06.2026 29.06.2026 | 40.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | निर्यात योजना के लिए व्यापार अवसंरचना (टीआईईएस) के तहत राजकीय गुणवत्ता मार्किंग केन्द्र, फरीदाबाद के अपग्रेडेशन हेतु वैद्युत व्यापार के लिए विभिन्न मशीनरी/उपकरण की खरीद। | 24.06.2026 23.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | निर्यात योजना के लिए व्यापार अवसंरचना (टीआईईएस) के तहत राजकीय गुणवत्ता मार्किंग केन्द्र, फरीदाबाद के अपग्रेडेशन हेतु प्लास्टिक एवं रबर ट्रेड के लिए विभिन्न मशीनरी/उपकरण की खरीद। | 24.06.2026 23.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | निर्यात योजना के लिए व्यापार अवसंरचना (टीआईईएस) के तहत राजकीय गुणवत्ता मार्किंग केन्द्र, फरीदाबाद के अपग्रेडेशन हेतु इंजीनियरिंग ट्रेड के लिए विभिन्न मशीनरी/उपकरण की खरीद। | 24.06.2026 23.07.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | ढाणी कोजिंदा के निकट कृष्णावती नदी में जल निकाय खोदना और नारनौल माइनर के कि.मी. 3.278/टेल से सिंचाई सुविधाएं के प्रावधान और ग्राउंड वाटर टेबल की रिचार्जिंग हेतु शोभा सागर तालाब तथा कृष्णावती नदी तक आरसीसी पाइप लाइन बिछाना (नारनौल निर्वाचन क्षेत्र में सी.एम. घोषणा कोड : 29222)। | बंद होने की तिथि 06.07.2026 | 197.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xencivilnnl@rediffmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा टोहाना | बीडब्ल्यूएस सर्कल फतेहाबाद (जिला फतेहाबाद) के टोहाना जल सेवाएं मंडल टोहाना में एक्वीफर्स रिचार्जिंग हेतु 60 अदद बोर-वेल्स का निर्माण। | बंद होने की तिथि 01.07.2026 | 269.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416532422 xenwsdivisiontohana@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बाढढ़ा में ढिगावा रोड से रामकिशन फौजी वाया कारी मोढ तक आईपीबी सहित रास्ता की पेवमेंट। | 22.06.2026 06.07.2026 | 85.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज करनाल | वीएएनजीवाई स्कीम में गांव डेरा गुजराखिया में सफीदों रोड पर कबीर सामुदायिक केन्द्र में कार्य को पूरा करना + 7 कार्य। | 22.06.2026 30.06.2026 | 71.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 13 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | चक्कान :- गांव चक्कान में मौजूदा आरसीसी पाइप इनलेट चैनल, चैनल हौदियों को बदलना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 22.06.2026 30.06.2026 | 33.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@gmail.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | आरडी 1700 एनजीसी पर साइफन का निर्माण और इसके हैड से प्रस्तावित साइफन तक एनजीसी की कंक्रीट लाइनिंग। | बंद होने की तिथि 29.06.2026 | 291.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666235721 xenghaggar@gmail.com |
| 15 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रोहतक | गांव मकड़ौली खुर्द, मकड़ौली कलां, रूड़की (ब्लॉक-रोहतक) और भरान (ब्लॉक-महम, जिला रोहतक) में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड भूमि और सैलाइन सॉइल का रिक्लेमेशन। | 20.05.2026 01.06.2026 | 821.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 16 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रोहतक | गांव मदीना कोरसान और मदीना गिंधरान, ब्लॉक महम, जिला रोहतक में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलॉजी प्रोजैक्ट्स के माध्यम से वाटर लॉग्ड भूमि और सैलाइन सॉइल का रिक्लेमेशन। | 16.06.2026 30.06.2026 | 815.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 17 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | नवीनतम विशिष्टियों के 125 केवीए के 24 अदद जेन सैट्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु ऑनलाइन निविदा। | 23.06.2026 17.07.2026 | 2.88 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 jstchry@gmail.com |
| 18 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | हरियाणा रोडवेज के डिपुओं और सब-डिपुओं में अगले एक वर्ष हेतु इंटरमीडिएट बल्क कंटेनर (आईबीसी) मॉडल के माध्यम से डीजल एग्जॉस्ट फ्ल्यूइड (एक्वेअस यूरिया सॉल्यूशन) की खरीद हेतु निविदा सूचना, कुल मूल्य रु. 13.82 करोड़ (लगभग)। | 29.06.2026 28.07.2026 | 13.82 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |
| 19 | जिला परिषद कैथल | खेड़ी गुलाम अली, सिवान, कैथल, एसएचसी का निर्माण। | 22.06.2026 30.06.2026 | 46.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 abhisheknainxen@gmail.com |
| 20 | बीपीएस जीएमसी फॉर विमन खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी फॉर विमन खानपुर कलां, सोनीपत में 2824 सीलिंग फैन के सीएमसी + 9 कार्यों हेतु निविदा। | 23.06.2026 02.07.2026 | ईएमडी 90,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 21 | बीपीएस जीएमसी फॉर विमन खानपुर कलां सोनीपत | औषधियों अर्थात सेवोफ्लुरेन इनहेलेशन और अन्य की अधिप्राप्ति + 10 अन्य कार्यों हेतु ई-निविदा के लिए विज्ञापन के प्रकाशन के सम्बन्ध में। | 23.06.2026 30.06.2026 | ईएमडी 1,10,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 22 | वन विभाग भिवानी | भिवानी, तोशाम और सिवानी रेंज प्लांट्स का रखरखाव। | 22.06.2026 02.07.2026 | 183.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01664-242430 dfo.bhiwani@yahoo.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच-11/2027/440/46550/I/88/7 दि. 24.06.26

**खबर संक्षेप**

## रांचीः क्रिकेट स्टेडियम में मची भगदड़, कई घायक



**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में भगदड़ मच गई। झारखंड प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ के कारण भगदड़ मची। इसमें कई लोग घायल हो गए हैं। तीन घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फाइनल मैच को लेकर दोपहर से ही बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी स्टेडियम पहुंचने लगे थे। मैच शुरू होने से पहले वेस्ट गेट पर दर्शकों की भीड़ अचानक बढ़ गई। उधर, झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही हेल्थ डिपार्टमेंट को तुरंत सक्रिय कर दिया। सिविल सर्जन एवं संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

## मालगाड़ी के इंजन समेत पहिए पटरी से उतरे

**रांची।** धनबाद के मुगमा स्टेशन के पास कोयला लदी मालगाड़ी का इंजन और दो वैगन पटरी से उतर गए। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन आसनसोल रूट पर रेल परिचालन प्रभावित रहा। रेलवे की त्वरित कार्रवाई के बाद रात 9:30 बजे ट्रैक बहाल कर दिया गया। झारखंड के धनबाद जिले में मंगलवार शाम एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया।

### एआई, क्लाउड और टेक्नोलॉजी सेक्टर में यूपी को ग्लोबल हब बनाने की तैयारी

# ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी मिशन पर सीएम योगी का मेगा आउटरीच, बेंगलुरु में निवेशकों से मंथन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ**

सीएम योगी ने उद्योग जगत की कई प्रमुख हस्तियों के साथ बैठक कर निवेश और रोजगार के नए अवसरों पर चर्चा की

प्रदेश में निवेश, नवाचार और रोजगार के नए अवसरों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद

उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेंगलुरु में बड़े उद्योगपतियों और निवेशकों से लगातार मुलाकात कर रहे हैं। यूपी ग्लोबल ग्रोथ डायलॉग-2026 के दौरान मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत की कई प्रमुख हस्तियों के साथ बैठक कर प्रदेश में निवेश और रोजगार के नए अवसरों पर चर्चा की। सरकार का फोकस देश-विदेश की बड़ी कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करना है।




### एआई क्लाउड और टेक्नोलॉजी सेक्टर में यूपी को बनाने की तैयारी नया हब

मुख्यमंत्री ने इनमोबी के पीयूष शाह, युलु के अमित गुप्ता, एनवीआईडीआईए के विशाल धूपर समेत कई टेक्नोलॉजी क्षेत्र के दिग्गजों से मुलाकात की। बैठकों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मोबाइल एडवरटाइजिंग, माइक्रो-मोबिलिटी और उभरती तकनीकों के क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सरकार की कोशिश है कि उत्तर प्रदेश को टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का प्रमुख केंद्र बनाया जाए।



### गूगल क्लाउड ने दिखाई रुचि, यूपी सरकार के साथ काम करने को तैयार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक के बाद गूगल क्लाउड के सीटीओ तरुण पंत ने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसानों, एमएसएमई, स्टार्टअप और युवाओं के विकास का अपना विजन साझा किया। उन्होंने बताया कि एआई और आधुनिक तकनीक के माध्यम से इन लक्ष्यों को हासिल करने पर चर्चा हुई है। गूगल की टीम उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर काम करने और मुख्यमंत्री के विजन को साकार करने के लिए उत्साहित है। इससे प्रदेश में निवेश, नवाचार और

### लखनऊ के आरडीएसओ में एलएचबी कोचों का सफल क्रैश टेस्ट, सुरक्षा मानकों पर खरे उतरे रेल डिब्बे

# 42 की रफ्तार, जोरदार टक्कर... फिर भी सुरक्षित रहे कोच!



### यात्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए संरचनात्मक मजबूती और ऊर्जा अवशोषण क्षमता की हुई

**टी एन मिश्र ▶▶ लखनऊ**

भारतीय रेलवे में यात्री सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में लखनऊ स्थित आरडीएसओ रिसर्च डिज़ाइन एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गनाइजेशन ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

बुधवार को आरडीएसओ में एलएचबी श्रेणी के दो आधुनिक रेल कोच एलएसएलआरडी और एलडब्ल्यूएसपीपी का सफल क्रैश टेस्ट किया गया। परीक्षण के दौरान दोनों कोचों को विशेष रैंप से नीचे छोड़कर लगभग 40 से 42 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से एक स्थिर बैटन वैगन से टकराया गया। टक्कर बेहद जोरदार थी, लेकिन सुरक्षा मानकों के अनुरूप दोनों कोचों का प्रदर्शन संतोषजनक पाया गया।

**यात्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए संरचनात्मक मजबूती और ऊर्जा अवशोषण क्षमता की हुई जांच**

आरडीएसओ के डीजी प्रभास दनसाना के निर्देश पर वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की निगरानी में हुए इस परीक्षण में कोचों की संरचनात्मक मजबूती, ऊर्जा अवशोषण क्षमता तथा टक्कर के दौरान सुरक्षा मानकों का मूल्यांकन किया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार सफल क्रैश टेस्ट भविष्य में और अधिक सुरक्षित रेल कोचों के विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा तथा भारतीय रेलवे के सुरक्षा मानकों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मददगार साबित होगा।

**40-42 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से वैगन से टकराए कोच**

क्रैश टेस्ट के दौरान टक्कर की आवाज पूरे परीक्षण क्षेत्र में गूंज उठी। विशेषज्ञों ने हाई-स्पीड कैमरों और आधुनिक उपकरणों की मदद से कोचों के व्यवहार का अध्ययन किया। परीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह जानना था कि दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में कोच किस प्रकार प्रभाव को झेलते हैं और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

## पेज एक का शेष

### प्रश्नः पीएम नरेंद्र

चुनाव नहीं लड़ा या जिसका राजनीति परिदृश्य नहीं था ऐसे व्यक्ति को सीएम बनाना, लोकतंत्र में किसी को भी मौका देने का ट्रेंड मोदी जी ने बदला। 30 साल तक देश में बहुदलीय सरकार के रूप में केंद्र में सरकार बनती थी। कभी कल्पना नहीं कर सकते थे कि एक व्यक्ति अपनी ताकत से ऐसी सरकार बना सके। ऐसा चमत्कार करने वाले कोई नायक हैं तो वो मोदी जी हैं। जब पीएम के तौर पर उनका नाम घोषित हुआ और देशभर में उनके नाम से अंडरकरंट फैला। वे पीएम बने। उन्होंने लोकतंत्र के मंदिर को और विधान को प्रणाम करके काम प्रारंभ करना, मोदी जी की हर बात हम सबके लिए प्रेरणादायी है।

### देश में सबसे कम बेरोजगारी दर ...

बनती रही, संगठन टूटता गया। सरकार में रहते हुए संगठन को नजरअंदाज करने से इस तरह का परिणाम आता है।

***प्रश्नः ढाई साल में आपने सीएम पद की जिम्मेदारी को कैसे निभाया, स्वयं को लेकर क्या आकलन है?***

**उत्तरः** यह बड़ी बात है कि एक सामान्य से कार्यकर्ता को संगठन ने एक बड़े से राज्य का सीएम बनाया। मेरे मन में पद का कोई अहंकार नहीं है। भाजपा में परिवारभाव का जो आनंद है उससे पता ही नहीं चला कि ढाई साल का समय कैसे बीत गया। भाजपा में कोई पद पर बैठा तो बड़ा हो गया और पद पर नहीं है तो छोटा हो गया ऐसा विचार ही नहीं है। मन के अंदर परिवारभाव का जो वातावरण है उसमें बहुत बड़ा सुख है। ये सबसे बड़ी पूंजी है। काम की दृष्टि से पीछे देखता हूं तो लगता है कितना काम कर लिया जब आगे देखता हूं तो लगता है अभी कितना काम बाकी है। अमित शाह जी ने नक्सलवाद को खत्म करने का लक्ष्य तय किया। कांग्रेस ने अपने मंत्री की जान गंवाने के बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया। बालाघाट, मंडला, डिंडौरी से नक्सलवाद को खत्म करना बहुत बड़ी चुनौती थी लेकिन गृह मंत्री के मागदर्शन और पीएम के आशीर्वाद से मध्य प्रदेश में लाल सलाम को आखिरी सलाम करने का काम किया ये हमारे लिए सौभाग्य की बात है। दुर्भाग्य से भोपाल की पहचान यूनियन कार्बाइड के हादसे से थी। आज वो यूनियन कार्बाइड को साफ कर दिया, उसके कचरे का निस्तारण कर दिया और भोपाल के उस पुराने इतिहास को दफन करने का काम कर दिया। कांग्रेस को आज भी इस सवाल का जवाब देना बाकी है कि यूनियन कार्बाइड हादसे में हजारों लोग मरे लेकिन किसी को भी दोषसिद्ध नहीं किया। हुकुमचंद मिल के 7 हजार मजदूरों का 30-35 साल से इस उम्मीद में थे कि हमें पेंशन मिलेगी, ग्रेज्युटी मिलेगी जिनमें से 2 हजार तो इंतजार करते दुनिया से चले गए उनकी समस्या का निराकरण करवाया। 55 पीएम एक्सीलेंस कॉलेज खुलवाए। 3 विश्वविद्यालय खोले। लाड़ली बहिना योजना को न सिर्फ जारी रखा बल्कि अंतिम किस्त तक कुल 60 हजार करोड़ रुपए योजना के तहत वितरित किए। पौने चौदह लाख किसानों से 104 लाखी मीट्रिक टन गेहूं खरीदी कर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा। पिछले साल 75 लाख मीट्रिक टन खरीदा था। 2585 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी पर 40 रुपए अतिरिक्त दिए, 2625 में गेहूं खरीदा। हमने वादा किया था कि 2 साल में 2700 से आगे ले जाएंगे उसे पूरा करेंगे। भावांतर योजना में सोयाबीन को लेना देश में अनूठा प्रयोग किया। 5 साल में बजट को दोगुना करने का लक्ष्य है। बजट को अभी ढाई साल में 3 करोड़ से 4 लाख 38 हजार करोड़ तक ले जाने में सफल हुए हैं। 11 प्रतिशत से अधिक औद्योगिक वृद्धि दर होना, ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का भोपाल में होना, दो-दो नदी जोड़ो अभियान का होना इस तरह की अनेकों उपलब्धियां हैं। पांचवीं कक्षा में जीरो ड्रॉपआउट होना। बिजली आपूर्ति, रोड कनेक्टिविटी, सरलीकृत व्यापार व्यवसाय की पद्धति, रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, शहडोल में 300 करोड़ के निवेश से टीएमटी सरिए की फैक्ट्री लगना, बाबई में नवीकरणीय ऊर्जा के लिए उपकरणों की फैक्टी लगना, भोपाल में वंदेभारत से लेकर मेट्रो रेल के कोच बन रहे हैं। इंदौर-उज्जैन 6 लेन, इंदौर-उज्जैन ग्रीनफील्ड ऐसे कई काम किसी चमत्कार से कम नहीं हैं।

***प्रश्नः ग्लोबल और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के नतीजे आपको कितना संतुष्ट करते हैं?***

**उत्तरः** पीएम मोदी ने आबादी को चार हिस्सों में बांटा है गरीब, युवा, महिला और किसान। इसके अनुरूप 2025 को हमने गरीब अर्थात रोजगार और उद्योग वर्ष के रूप में मनाया। जिसके कारण जीआईएस में 30 लाख करोड़ का निवेश आया। 10 लाख करोड़ के काम हमने धरातल पर उतारे। हमने 30 प्रतिशत कामों को जमीन पर उतारा। कई बड़े उद्योगपति शहडोल, रीवा, ग्वालियर, जबलपुर आए ये हमारे लिए बड़ी बात है।

**प्रश्नः उज्जैन के लिए आप क्या कर रहे हैं?**

**उत्तरः** मैं राज्य का सीएम हूं, पूरा प्रदेश मेरा है। हमारे राज्य की हर जगह की अलग-अलग विशेताएं हैं। इटारसी में लॉजिस्टिक, खजुराहो में पर्यटन, रीवा में सीमेंट इंडस्ट्री को बढ़ावा दे रहे हैं। हर जगह स्किल डेवलपमेंट को लेकर हम आई पार्क तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। इन फैक्टियों में राज्य के युवाओं को नौकरी मिले यह हमारी प्राथमिकता है। देश में सबसे कम बेरोजगारी दर मध्यप्रदेश में है। मध्यप्रदेश देश के बीच में हैं चारों दिशाओं में जाने वाले को यहां से गुजरना होता है। इसलिए इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने पर ध्यान दिया जा रहा है। हर क्षेत्र की अपनी पहचान है। उज्जैन में महाकाल हैं, सिंहस्थ का आयोजन होगा। दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर बनने से रतलाम भी नया क्षेत्र बनकर उभरा है। पहले इंदौर मुंबई मार्ग था अब रतलाम मुंबई मार्ग भी हो गया है। मेट्रोपॉलिटन शहर बनाने पर ध्यान है दो शहर एक्ट के हिसाब से तैयार हो गए हैं अगला नंबर जबलपुर और ग्वालियर का है।

***प्रश्नः आपने मध्यप्रदेश को मिल्क कैपिटल के रूप में विजनरी प्रोजेक्ट के रूप में प्रस्तुत किया था जमीन पर स्थिति क्या है?***

**उत्तरः** आज दूध संग्रहण 8 लाख लीटर प्रतिदिन से बढ़कर 13 लाख लीटर प्रतिदिन पर पहुंच चुका है। आज किसान को 30 रुपए प्रति लीटर के बजाए 40 रुपए प्रति लीटर का भाव मिल रहा है। 8 से 10 रुपए प्रति लीटर प्रतिदिन किसान को फायदा हो रहा है। दूध के भाव बढ़ने से किसानों को ओलावृष्टि से फसल खराब होने पर भी राहत मिल रही है। देश के दुग्ध संकलन में हम प्रदेश का योगदान 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत ले जाने वाले हैं। फल, फूल, सब्जी, दूध, मछली जो पहले सहायक आय मानी जाती थी लेकिन अब मुख्य आय बनकर उभरी हैं। किसानों को प्रतिदिन नगद आय हो रही है। किसानों को इससे बढ़ा लाभ मिला है।

**प्रश्नः पहले मोहन यादव अब हेमंत खंडेलवाल कैसा तालमेल है?**

**उत्तरः** अच्छा तालमेल है। एक और एक ग्यारह हैं। अच्छे ढंग से दौड़ रहे हैं।

**प्रश्नः कांग्रेस में एक अध्यक्ष और एक नेता प्रतिपक्ष हैं क्या उनकी तरह हैं?**

**उत्तरः** कांग्रेस के बारे में टिप्पणी नहीं करूंगा, हम अपने घर को देखें वो अच्छा है। लेकिन कांग्रेस के लोग अच्छे दौड़ते तो राज्यसभा में अच्छा परिणाम लाते। लेकिन उनकी दिशा भटकी और उन्होंने परिणाम पाया। एक सीट पर एक प्रत्याक्षी का फार्म भी ठीक से नहीं भरवा पाए।

**प्रश्नः राज्यसभा में तीसरे प्रत्याशी को उतारने की रणनीति का खुलासा करें?**

**उत्तरः** कांग्रेस के संदर्भ में जब आप अपने विधायकों पर भरोसा नहीं करेंगे तो असंतोष सतह पर दिखने लग जाएगा। मध्यप्रदेश में कांग्रेस के 4 बड़े दावेदार को छोड़कर पांचवें दावेदार को दिल्ली से बुलाकर लाना ये कांग्रेस की कौन सी रणनीति है मालूम नहीं। इसकी तुलना में भाजपा को देखें तो भाजपा ने अपने राष्ट्रीय दायित्व के हिसाब से दो सीट में से एक हमारे स्थानीय कार्यकर्ता रजनीश के लिए और एक सीट भाजपा के वरिष्ठ नेता और पंजाब में संगठन का अच्छा काम कर रहे तरुण चुग के लिए तय की। जब हमने दिल्ली नेतृत्व को बताया कि कांग्रेस के लोग ही अपने व्यक्ति को हराना चाहते हैं तो दिल्ली नेतृत्व ने हमारी बात को सुन समझकर तीसरे सीट के लिए प्रत्याक्षी उतारा। हमने निर्दलीय नहीं लड़ाया। फार्म में जानकारी छिपाने की बात तो बाद में आई। कांग्रेस को अपने विधायकों पर ही भरोसा नहीं था वे उन्हें प्लेन में बैठाकर प्रदेश के बाहर ले जा रहे थे। विधायक जा नहीं रहे थे इसलिए प्लेन भरने के लिए परिवार वालों को बिठा लिया। जिनको अपने विधायकों पर भरोसा नहीं वो कहां से चुनाव जीतेंगे। हमने एक जुटता के साथ चुनाव लड़ा।

**प्रश्नः तीसरे प्रत्याशी को चुनाव में उतारने का फैसला आपका था या केंद्र का?**

**उत्तरः** जब हमने केंद्रीय नेतृत्व को बताया कि हम तीसरी सीट भी जीत सकते हैं तो उन्होंने पूछा कि बताइए आप किस को प्रत्याशी बनाना चाहते हैं। हमने मछुआ समुदाय जिसमें मल्लाह, भोई, केवट समाज के लोग हैं। मध्य प्रदेश में 250 से अधिक नदियां हैं। इससे इस समाज की बहुलता का पता चलता है। इस वर्ग से इनका कोई विधायक, मंत्री, सांसद नहीं है। इसलिए हमने मछुआ समाज के वर्ग का व्यक्ति प्रत्याशी बनाना चाहा। पहले वाल्मीकि समाज के लिए प्रतिनिधित्व तैयार किया था। इस बार माझी समाज को मौका दिया। भाजपा इस भाव को बहुत अच्छी तरह समझती है कि हम हर राज्य में संगठन का आधार बढ़ाते हैं। जनता का विश्वास जीतने के लिए आगे बढ़ते हैं। हमने महेश केवट का नाम रखा और वे जीते भी।

**प्रश्नः कांग्रेस के दिग्गज कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर आपकी दृष्टि जाती है या नहीं?**

**उत्तरः** जिन नेताओं के कारण कांग्रेस की पहचान है। उनकी वरिष्ठता को नजरअंदाज करते हुए मंच पर जब उनके छोटे नेता अपमान करते हैं तो सच में मन को दुख पहुंचता है। हमने दिग्विजय सिंह और कमलनाथ का अपमान होते देखा। मैं मानता हूं कि ये किसी भी दल के लिए उचित नहीं। वरिष्ठों की इज्जत करना संस्कार होते हैं। भले ही वे पद पर रहें या न रहें। ये वो लोग हैं जिन्होंने सरकारें चलाईं। लेकिन ये कांग्रेस का चरित्र है। कांग्रेस अवसर परिस्थिति की परिकाष्ठा है। तमिलनाडु में कांग्रेस ने द्रमुक को छोड़कर विजय के साथ हाथ मिलाया ये कांग्रेस का चरित्र है। द्रमुक को छोड़ने का दोषारोपण भी कांग्रेस ने भाजपा पर लगाया। भाजपा तो कांग्रेस को आईना दिखाती रही है। जब मोरारजी देसाई की सरकार चल रही थी तब चौधरी चरण सिंह को पीएम बनवा दिया और चार माह बाद ही उन्हें वहां पहुंचा दिया जो उनके मन के पाप में था। कांग्रेस सत्ता के लिए कुछ भी कर सकती है।

**प्रश्नः मंत्रिमंडल को लेकर विस्तान का मन है या पुनर्गठन करना चाहते हैं?**

**उत्तरः** वर्तमान मंत्रिमंडल में नए चेहरे, युवा और वरिष्ठ भी हैं। उम्मीद है कि इस आधार पर हम अगला चुनाव भी बहुत अच्छी तरह से जीतेंगे। खाली सीटें भरने को लेकर केंद्रीय और राज्य नेतृत्व तय करेगा। सीएम उसमें शामिल होता है। मैं मानकर चलता हूं जो होगा, अच्छा होगा।

**प्रश्नः नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ आपके क्या अनुभव हैं?**

**उत्तरः** नितिन नबीन जब पटना में चुनाव लड़ रहे थे तब मैं उनके चुनाव प्रचार के लिए गया था। दुनिया का सबसे युवा देश भारत है। ये गर्व की बात है कि पीएम मोदी ने आगे बढ़कर संगठन की बागडोर एक युवा नेतृत्व के हाथों में सौंपी है। उन्हें अध्यक्ष पद ग्रहण करवाया और पूरे देश के सामने उनका सम्मान करते हुए हम सबको गौरवान्वित भी किया। ये हमारी उज्जवल परंपरा है। इसका विस्तृत रूप सनातन संस्कृति में दिखता है। यही भारतीय संस्कृति है। मुझे गर्व है कि हम सब उसके संवाहक हैं।

**प्रश्नः प्रदेश की जनता को क्या संदेश देना चाहेंगे?**

**उत्तरः** यही समय है, सही समय है हम सब मिलकर के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राज्य की उत्तरोत्तर उन्नति के लिए शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नीचे तक लें और राज्य को, प्रदेश को देश के साथ कदम से कदम मिलाकर नंबर वन के राज्य की ओर बढ़ाते रहें। और अमृतकाल 2047 तक जो कल्पना की है उसके सारे लक्ष्य हासिल करें जिसमें प्रति व्यक्ति की आय बढ़ाने से लेकर सभी संसाधनों के साथ राज्य देश में प्रथम स्थान पर पहुंचे।

### नशे के खिलाफ तीन ...

गया है।

**6 हजार करोड़ रुपये के मादक पदार्थ होंगे नष्टः** बैठक के दौरान गृह मंत्री ₹ऑनलाइन ड्रग डिस्पोज़ल पखवाड़ा अभियान₹ का भी शुभारंभ करेंगे। इस अभियान के तहत देशभर में जब्त किए गए लगभग 2 लाख 9 हजार 500 किलोग्राम मादक पदार्थों को कानूनी प्रक्रिया के तहत नष्ट किया जाएगा। इन जब्त मादक पदार्थों का अनुमानित बाजार मूल्य करीब 6 हजार करोड़ रुपये बताया गया है। सरकार का मानना है कि यह अभियान अवैध मादक पदार्थों के नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का मजबूत संदेश देगा।

### भारत से होगी ...

की मौत पर जताई गई पहली आधिकारिक शोक संवेदना थी। हालांकि सर्वोच्च ईरानी नेता की मौत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोई शोक संदेश जारी नहीं किया था। वहीं, दूसरी ओर यहां ध्यान देने वाली एक बात यह भी है कि खामेनेई के अंतिम संस्कार के लिए निर्धारित की गई तारीखों के आसपास ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के तीन देशों इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की विदेश यात्रा (6 से 11 जुलाई तक) पर रहेंगे। जिसके आधार पर देश के कूटनीतिक गलियारों में यह कयास लगाए जा रहे हैं कि पीएम मोदी अंतिम संस्कार के उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ईरान न जाएं। उनकी जगह पर कोई नामित प्रतिनिधि या प्रतिनिधिमंडल ईरान की यात्रा कर सकता है। अभी फिलहाल इस पूरे मामले पर विदेश मंत्रालय की ओर से कोई आधिकारिक बयान या प्रतिक्रिया नहीं आई है। जिसके बाद ही तस्वीर पूर्णतः साफ हो सकती है।

**तेहरान से होगा कार्यक्रमों का आगाजः** ईरान के सर्वोच्च नेता के अंतिम संस्कार कार्यक्रमों की शुरुआत 4 जुलाई को राजधानी तेहरान से होगी। जिसमें सबसे पहले उनकी पार्थिव देह को ग्रैंड मोसल्ला कॉम्प्लेक्स में रखा जाएगा और उसके बाद तेहरान और कोम जैसे दो शहरों में सार्वजनिक जुलूस निकाले जाएंगे। जबकि इराक के पवित्र शहरों नजफ और कर्बला में प्रार्थना सभाएं भी आयोजित की जाएंगी। इस पूरे घटनाक्रम के अंत में 9 जुलाई को अली खामेनेई को उनके पैतृक शहर मशहद में इमाम रज़ा दरगाह पर सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। जिसमें उनके पुत्र मोजताबा खामेनेई की अहम भूमिका रहेगी। कार्यक्रम में लाखों (लगभग 20 मिलियन) की तादाद में लोगों के जुटने और अपने सर्वोच्च नेता को श्रद्धांजलि देने की संभावना है। युद्ध और तनाव के बीच आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम में तेहरान की आम जनता लगभग 40 वर्षों तक ईरान को दिशा देने वाले अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देगी।

**राष्ट्रपति रईसी के निधन बाद गया था प्रतिनिधिमंडल :** गौरतलब है कि 2024 में ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में हुई मौत के बाद भारत ने एक दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा करते हुए राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रीय ध्वज को आधा झुका दिया गया था। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल को ईरान भेजा गया था।

### सिम कार्ड के दुरुपयोग ...

कि आम नागरिकों को इस प्रकार की धोखाधड़ी के प्रति जागरूक बनाने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि लोगों को यह जानकारी दी जाए कि किसी भी परिस्थिति में अपना सिम कार्ड, पहचान पत्र या मोबाइल कनेक्शन किसी अन्य व्यक्ति को उपयोग के लिए न दें, क्योंकि इसका दुरुपयोग गंभीर अपराधों में हो सकता है। बैठक में साइबर धोखाधड़ी की शुरुआती पहचान के लिए उन्नत तकनीकी प्रणालियों को और मजबूत बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। मंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक और डेटा विश्लेषण के माध्यम से संदिग्ध गतिविधियों का समय रहते पता लगाया जा सकता है, जिससे साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। डॉ. पेम्मासानी ने अधिकारियों को जोखिम-आधारित दृष्टिकोण अपनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपायों को इस तरह लागू किया जाना चाहिए कि धोखाधड़ी पर रोक लगे, लेकिन वैध और सामान्य उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सरकार की यह पहल ऐसे समय में सामने आई है, जब देश में साइबर अपराध और डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। दूरसंचार विभाग और अन्य एजेंसियां फर्जी सिम कार्ड, पहचान चोरी और डिजिटल फ्रॉड पर लगाम लगाने के लिए विभिन्न तकनीकी और नियामकीय उपायों पर काम कर रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि जन जागरूकता, सख्त निगरानी और आधुनिक तकनीकी व्यवस्था के समन्वय से ही सिम कार्ड आधारित साइबर अपराधों को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है। सरकार की ताजा समीक्षा बैठक को इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### देश में हैं 545 पासपोर्ट ...

सेवा केंद्रों पर आवेदकों को लगने वाला समय 45 मिनट से भी कम है। बीते एक दशक पूर्व देश में पासपोर्ट सेवा केंद्रों की संख्या 77 थी। अब 545 के साथ इनमें छह गुना वृद्धि हो गई है।

### जारी किए चिप वाले ...

जा सकता है। चिप वाले पासपोर्ट को वैश्विक स्वीकारोक्ति भी मिली हुई है। अब देश या विदेश में भारतीयों को केवल चिप वाले पासपोर्ट ही जारी किए जाएंगे। वहीं, दूसरी ओर पिछले साल 2025 में भारत द्वारा जारी किए गए पासपोर्टों (घरेलू-वैश्विक सहित) की कुल संख्या 1.39 करोड़ है। 2024 में यह आंकड़ा 1.43 करोड़ थी। जबकि 2022 की बात करें तब यह आंकड़ा 1.3 करोड़ रहा है।

### 27 देशों में भारतीयों...

सकता है। वीजा ऑन अराइवल एक ऐसी सुविधा है। जिसके तहत दुनिया के किसी देश की यात्रा करने से पहले आपको अपने देश में उसके दूतावास, वाणिज्य दूतावास पर जाकर वीजा नहीं लेना पड़ता है। बल्कि सीधे गंतव्य तक पहुंचने पर संबंधित हवाईअड्डे पर या आव्रजन काउंटर पर वीजा मिल जाता है। अधिकारी ने कहा कि 27 देशों में यूरोपीय संघ (ईयू) के लगभग सभी देश शामिल हैं।

**25 देशों संग हुआ गतिशीलता समझौता :** भारत ने 25 देशों के साथ नए गतिशीलता समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसमें ईयू, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और खाड़ी क्षेत्र के देश शामिल हैं। समझौतों का उद्देश्य इन तमाम देशों में छात्रों, कर्मियों और पेशेवरों की यात्रा को आसान बनाना है। भारतीय समुदाय कल्याण फंड की मदद से खासकर खाड़ी देशों, सिंगापुर में परेशानी से ग्रस्त महिलाओं के लिए वन स्टाप सेंटर खोले गए हैं।



हेल्थ क्वेस्ट



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# कुछ समयांतराल पर जब बार-बार हो फीवर



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पिछले एक हफ्ते से शाम ढलते ही मुझे ठंड के साथ बुखार आ जाता है। दवा लेने पर ठीक हो जाता है, लेकिन अगली शाम फिर ऐसा होता है। कृपया बताएं इसके लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-आशुतोष, रायपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आपको रोज शाम को बुखार आ जाता है और दवा लेने के बाद ठीक हो जाता है। इससे ऐसा लग रहा है कि आपको टाइफाइड हो सकता है, लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। टाइफाइड को ही मियादी बुखार बोलते हैं, जो एक तय समय पर आता है और उतर जाता है। बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे जांच करके यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि फीवर होने का कारण क्या है, और फिर उसके बाद ट्रीटमेंट ठीक से हो सकेगा।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी जीभ पर अकसर फफोले निकल आते हैं, जिससे खाने-पीने में काफी तकलीफ होती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इसे होने से कैसे रोका जा सकता है?**

**-मनीष, बलौदा बाजार**

कई बार इस तरह की समस्याएं अधिक गर्म खाना खाने से होती हैं, अगर ऐसा आप कर रहे हैं तो उसमें बदलाव करें और अधिक गर्म खाना ना खाएं। अगर ऐसा नहीं है तो जरूर आपको एक बार ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। वे जांच करने के बाद कारण के बारे में बता पाएंगे। फिलहाल आप अधिक मिर्च-मसाले वाली चीजें बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। 10-15 दिन के अंतराल पर मुझे लूज मोशन या वॉमिटिंग होती है। जिससे काफी कमजोरी महसूस होती रहती है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-हरीश, महेंद्रगढ़**

जैसा आप बता रहे हैं, इससे लगता है कि आपको डाइजेशन की समस्या है। इसलिए सबसे पहले आप खान-पान में सुधार करें। अधिक तेल और मिर्च-मसाले वाला खाना ना खाएं। साथ ही साफ पानी पिएं। कई बार बाहर का पानी पीने से भी इंफेक्शन हो जाता है, जिससे इस तरह की समस्याएं दिखती है। आप घर से निकलते समय पानी की बोतल लेकर निकलें। इस तरह बदलाव से आपको आराम मिल सकता है। अगर फिर भी आराम ना मिले तो जरूर आपको एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए।

**मेरी उम्र 37 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरी गर्दन और कंधे पर बार-बार दाद निकल आता है। इसमें काफी ईचिंग होती है। प्लीज बताएं कि इससे कैसे निजात मिलेगी?**

**-सौरभ, बिलासपुर**

जिन लोगों को अधिक पसीना निकलता है और देर तक सूख नहीं पाता है, उनको इस तरह की समस्याएं हो सकती हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो आपको जहां इचिंग होती है, उस हिस्से में लगातार पसीना पोंछते रहना चाहिए, क्योंकि पसीने की नमी में फंगल इंफेक्शन से ही दाद होती है, जिससे खुजली शुरू होती है। अधिक दिक्कत हो रही हो तो डॉक्टर से संपर्क कर ऑइंटमेंट लिखवा लें, इससे आराम जल्दी से मिल जाएगा।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट में आयरन और विटामिन डी कम है, जबकि विटामिन बी 12 और कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ है। इसकी क्या वजह हो सकती है? ऐसे में मुझे कैसी डाइट लेनी चाहिए?**

**-कुलदीप, दुर्ग**

विटामिन-डी की कमी शहरों में रहने वाले लोगों को अधिक होती है, क्योंकि उनका धूप में एक्सपोजर कम होता है। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो आपको विटामिन-डी और बी-12 की दवा लेनी चाहिए। साथ ही आप बता रहे हैं कि कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ है और आयरन कम है। बेहतर होगा कि आप डॉक्टर से संपर्क कर लें, वे आपको इसकी मेडिसिन बता देंगे। साथ में डाइटिशियन से भी आपको संपर्क कर लेना चाहिए, वो आपका डाइट चार्ट तैयार कर देंगे, जिसके अनुसार आप डाइट लेंगे तो भविष्य में विटामिन-डी, बी-12 और आयरन बैलेंस रहेंगे। *

**प्रस्तुति: रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

हाल के वर्षों में यंग और मिड एज की महिलाओं में पीएमओएस (पूर्व नाम पीसीओएस) की समस्या काफी देखने को मिल रही है। हालांकि इसके पीछे कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अनबैलेंस्ड लाइफस्टाइल की वजह से यह समस्या ज्यादा बढ़ती है। ऐसे में इससे ग्रस्त महिलाओं को बिना चिंता और डर के इसके स्पेशलिस्ट डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए, ताकि इसे कंट्रोल किया जा सके। इस बारे में यहां दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

# सही ट्रीटमेंट-बैलेंस्ड लाइफस्टाइल से पीएमओएस को कर सकते हैं कंट्रोल

डॉक्टर्स एडवाइस



डॉ. नवदीप सिंह
प्रिंसिपल-इंडस कॉलेज ऑफ नर्सिंग खांडा खेड़ी, हिसार

बहुसिस्टिक अंडाशय सिंड्रोम, जिसे पहले पॉलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के नाम से जाना जाता था, अब वैश्विक सहमति के बाद आधिकारिक रूप से पॉलिएंडोक्राइन मेटाबॉलिक ओवेरियन सिंड्रोम (पीएमओएस) कहलाया जा रहा है। यह नाम परिवर्तन इस तथ्य को रेखांकित करता है कि यह स्थिति केवल ओवरी की सिस्ट तक सीमित नहीं, बल्कि बहुग्रंथि (पॉलिएंडोक्राइन) हार्मोनल असंतुलन और व्यापक मेटाबॉलिक गड़बड़ी से जुड़ी लॉन्ग पीरियड बीमारी है।

## काफी महिलाएं होती हैं प्रभावित

पीएमओएस आज प्रजनन-आयु की महिलाओं में सर्वाधिक पाए जाने वाले हार्मोनल और मेटाबॉलिक रोगों में प्रमुख माना जा रहा है। उपलब्ध वैज्ञानिक साक्ष्य बताते हैं कि विश्व-स्तर पर लगभग हर आठ में से एक महिला इससे प्रभावित हो सकती है, जबकि भारतीय अध्ययनों में इसका प्रचलन कई समुदायों में लगभग 3.7 से 22.5 प्रतिशत तक दर्ज किया गया है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य की दृष्टि से गंभीर चेतावनी है।

## ऐसे होता है डायग्नोज

2023 की अंतरराष्ट्रीय साक्ष्य आधारित पीएमओएस गाइडलाइन के अनुसार इस स्वास्थ्य समस्या के निदान के लिए अनियमित या अनुपस्थित ओवुलेशन, एंड्रोजन हार्मोन की अधिकता के लक्षण तथा अल्ट्रासाउंड में स्पेसिफिक ओवरी इमेज, इन तीन में से कम से कम दो क्राइटेरिया की उपस्थिति आवश्यक मानी जाती है, बशर्ते अन्य कारणों की वैज्ञानिक रूप से जांच कर उन्हें अलग कर दिया गया हो। पीएमओएस को अब केवल एक स्त्री रोग नहीं, बल्कि व्यापक मेटाबॉलिक स्थिति के रूप में स्वीकार किया जा रहा है, जो टाइप 2 डायबिटीज, हाई बीपी, हृदय रोग, फैटी लिवर और कुछ विशिष्ट कैंसरों के बढ़े रिस्क से भी जुड़ी है।

## रोग होने के कारण

पीएमओएस के लगातार बढ़ते मामलों के पीछे आनुवंशिक प्रवृत्ति और इंसुलिन रेजिस्टेंस जैसे जैविक कारणों के साथ-साथ आधुनिक जीवनशैली की अनेक अस्वास्थ्यकर आदतें भी जिम्मेदार हैं। इंसुलिन रेजिस्टेंस को पीएमओएस की रोग जनन प्रक्रिया का मेन फैक्टर माना जाता है, जो सामान्य बॉडी मास इंडेक्स (नॉर्मल बीएमआई) वाली महिलाओं में भी पाया जा सकता है। मोटापे और पेट की अधिक चर्बी से यह और अधिक गंभीर हो जाता है। तीव्र शहरीकरण, शारीरिक गतिविधि में कमी, एनर्जीफुल और शुगर रिच डाइट, फास्ट फूड हैबिट, कार्यस्थल और पारिवारिक तनाव, देर रात तक जागने की आदत और अपर्याप्त नींद लेने जैसे कारण, भारतीय शहरी और अर्ध शहरी युवतियों में पीएमओएस होने की आशंका को और बढ़ा रहे हैं।

## रोग का उपचार

मेडिकली पीएमओएस का पर्मानेंट ट्रीटमेंट अभी उपलब्ध नहीं है। लेकिन इसमें संदेह नहीं है कि समुचित मेडिसिनल ट्रीटमेंट और डिसिप्लींड लाइफस्टाइल के माध्यम से इसे प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। अधिकांश महिलाएं प्रॉपर लाइफ मैनेजमेंट के साथ नॉर्मल लाइफ जी सकती हैं और मातृत्व सुख भी प्राप्त कर सकती हैं।







## ट्रीटमेंट प्रोसीजर

पीएमओएस के ट्रीटमेंट का प्रोसीजर हमेशा व्यक्तिगत होना चाहिए। इसमें पेशेंट की आयु, उसके प्रमुख लक्षण, मेटाबॉलिक रिस्क और प्रेग्नेंसी की इच्छा जैसे प्वाइंट्स को ध्यान में रखा जाना चाहिए। पीरियड्स को नियमित करने और एंड्रोजन स्तर को नियंत्रित करने के लिए हार्मोनल गर्भनिरोधी मेडिसिंस या प्रोजेस्टिन, इंसुलिन रेजिस्टेंस और वेट मैनेजमेंट के लिए मेटफॉर्मिन समूह की दवाएं, अनचाहे बाल और मुंहासों के लिए एंटी एंड्रोजन और त्वचा संबंधी उपचार, प्रेग्नेंसी की इच्छा होने पर ओवुलेशन प्रेरित करने वाली दवाएं और आवश्यकता पड़ने पर सहायक रिप्रोडक्शन तकनीक जैसे आज के समय में कई ऑप्शंस उपलब्ध हैं। इन सभी का प्रयोग केवल योग्य स्त्री रोग विशेषज्ञ या एंडोक्राइनोलॉजिस्ट की निगरानी में ही किया जाना चाहिए।

## प्रभावी है लाइफस्टाइल मैनेजमेंट

इंटरनेशनल गाइडलाइंस में लाइफस्टाइल मैनेजमेंट यानी जीवनशैली प्रबंधन में विशेष रूप से डाइट, फिजिकल एक्टिविटी और व्यावहारिक परिवर्तन को पीएमओएस का फर्स्ट लेवल ट्रीटमेंट माना गया है। खासकर तब जब पेशेंट का बॉडी वेट सामान्य से अधिक हो। एविडेंस बेस्ड स्टडीज से यह स्पष्ट है कि ओवर बॉडी वेट में मात्र 5-10 प्रतिशत की कमी से भी पीरियड्स की रेग्युलेरिटी, नॉर्मल ओवुलेशन, इंसुलिन सेंसिटिविटी और लिपिड प्रोफाइल में महत्वपूर्ण सुधार प्राप्त किया जा सकता है।

## बैलेंस्ड डाइट है लाभकारी

बैलेंस्ड, हाई फाइबर और लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाला डाइट, जिसमें साबुत अनाज, दालें, ताजी सब्जियां, विभिन्न फल, मेवे (ड्राय फ्रूट्स), बीज और स्वस्थ असंतृप्त वसा (हेल्दी अनसैचुरेटेड फैट) शामिल हों, पीएमओएस कंट्रोल करने में विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध हुआ है, जबकि रिफाइंड मैदा, अत्यधिक चीनीयुक्त खाद्य पदार्थ, मीठे पेय, तले-भुने और प्रोसेस्ड फूड्स, इंसुलिन रेजिस्टेंस और निम्न स्तरीय सूजन को बढ़ाते हैं।

## महत्वपूर्ण हैं फिजिकल एक्टिविटीज

नियमित शारीरिक गतिविधि, पीएमओएस के लगभग सभी क्लीनिकली रिलेटेड इश्यूज जैसे- बॉडी वेट, पेट की चर्बी, इंसुलिन रेजिस्टेंस, ब्लड प्रेशर, कार्डियो मेटाबॉलिक रिस्क और मेंटल हेल्थ पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। उपलब्ध मेटा विश्लेषण, प्रति सप्ताह कम से कम 150 मिनट मीडियम से फास्ट एरोबिक वर्कआउट के साथ सप्ताह में दो या अधिक दिन प्रतिरोधात्मक (रेजिस्टेंस) व्यायाम की सिफारिश करते हैं। संरचित, पर्यवेक्षित व्यायाम कार्यक्रमों (स्ट्रक्चर्ड, सुपरवाइज्ड एक्सरसाइज प्रोग्राम) और उच्च तीव्रता अंतराल प्रशिक्षण (एचआईआईटी) ने कमर की माप, इंसुलिन सेंसिटिविटी और कार्डियो रेस्पिरेट्री फिटनेस में विशेष लाभ दिखाए हैं।

समग्र रूप से पीएमओएस, 'होल पर्सन केयर' की आवश्यकता को रेखांकित करता है, जिसमें जैविक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सभी आयामों को समन्वित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। इसके लिए डॉक्टर्स, नर्सेज और एलाइड हेल्थ प्रोफेशनल्स को सहानुभूतिपूर्ण परामर्श के माध्यम से यह संदेश देना चाहिए कि पीएमओएस किसी व्यक्तिगत गलती का परिणाम नहीं है। यह कई फैक्टर्स पर निर्भर करने वाली मेडिकल कंडीशन है, जिसे मैनेज-कंट्रोल किया जा सकता है। यदि पेशेंट को समय पर, सही ट्रीटमेंट दी जाए और उसके साथ संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी उपायों को अपनाया जाए तो पीएमओएस के अधिकांश नेगेटिव प्रभावों को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया जा सकता है। *

## मेंटल-इमोशनल हेल्थ का रखें ध्यान




**आहार और** व्यायाम के अतिरिक्त मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य (मेंटल-इमोशनल हेल्थ) पर ध्यान देना भी पीएमओएस (होल पर्सन केयर) प्रबंधन का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। तुलनात्मक अध्ययनों में पीएमओएस से प्रभावित महिलाओं में अवसाद (डिप्रेशन), चिंता (स्ट्रेस), विकृत भोजन आचरण (बैड फूड हैबिट) और नेगेटिव बॉडी इमेज की दर, सामान्य महिलाओं की तुलना में अधिक पाई गई है। इससे उपचार अनुपालन तथा जीवन गुणवत्ता दोनों प्रभावित होती हैं। योग, प्राणायाम, ध्यान और संज्ञानात्मक व्यावहारिक उपचार (कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी) जैसे तरीके तनाव घटाने, नींद सुधारने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। हालांकि उनके रुटीन क्लीनिकल प्रैक्टिस में स्थान को डिफाइन करने के लिए, हाई क्वालिटी रिसर्च की आवश्यकता बनी हुई है।

फिटनेस
संध्या सिंह

# इन दिनों के लिए परफेक्ट फिटनेस मंत्रा

जून महीने के इन अंतिम दिनों में जब जमकर बारिश शुरू नहीं हुई है और वातावरण में उमस भरी बेचैन करने वाली गर्मी है, ऐसे में अपनी फिटनेस को मेंटेन रखने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। सूर्योदय के समय से कुछ देर बाद तक हल्की शारीरिक गतिविधि करें। दिन के समय हर 30-40 मिनट में कुछ घूंट पानी पीएं। दोपहर 11 से 4 बजे के बीच ज्यादा देर तक लगातार धूप में न रहें।

इन दिनों अगर आप यहां बताए जा रहे नियमों का पालन करें तो पूरी तरह से फिट रह सकते हैं। यह नियम न केवल गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाता है बल्कि पूरी तरह से फिट और एक्टिव रखता है। इन दिनों अगर आप सर्दियों जैसी ही हैवी एक्सरसाइज जारी रखते हैं तो शरीर में पानी की कमी हो सकती है, लगातार थकान बनी रहती है, चक्कर आने लगते हैं, मांसपेशियों में खिंचाव जैसी समस्याएं बढ़ जाती हैं। इसलिए इस मौसम में फिटनेस का अर्थ केवल कैलोरी बर्न करना नहीं बल्कि शरीर को ठंडा रखना, ऊर्जावान रखना और सुरक्षित रखना भी होता है। इसलिए कुछ बातों का ध्यान रखें।



**सुबह जल्दी व्यायाम करें:** इन दिनों बेहतर है कि आप सुबह पांच बजे व्यायाम के लिए तैयार हो जाएं और साढ़े छ-सात बजे तक व्यायाम पूरा कर लें। इस समय तापमान कम तो रहता ही है, शरीर पर अतिरिक्त दबाव भी नहीं पड़ता। इस दौरान तेजगति से चलना, कुछ आसन, प्राणायाम, हल्की स्ट्रेचिंग और साइकिलिंग फिट रहने के लिए पर्याप्त व्यायाम हैं। इस मौसम में भारी जिम वर्कआउट के बजाय कुछ आसन करना बेहतर विकल्प होता है। खास तौर पर ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, शवासन, अनुलोम-विलोम, शीतली और शीतकारी प्राणायाम इन दिनों शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखते हुए ठंडक प्रदान करते हैं।



**पीते रहें पानी:** दिन के समय प्यास लगने का इंतजार न करें बल्कि हर 30-40 मिनट में कुछ घूंट पानी पिएं। सादा पानी, नीबू पानी, छाछ, नारियल पानी, बेल या सत्तू का शर्बत इन दिनों शरीर में इलेक्ट्रोलाइट संतुलन बनाकर रखते हैं।

**हल्का आहार:** इस मौसम में फिटनेस बनाए रखने के लिए आहार भी हल्का लेना चाहिए। इसलिए खीरा, ककड़ी, खरबूजा, लौकी, तोरी और दही का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। इन दिनों तले हुए, ज्यादा मसाले वाले और अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए। *

अवेयरनेस



डॉ. मोलिशा भंडारी
डर्मेटोलॉजिस्ट, पेसिफिक वन हेल्थ हॉस्पिटल, नई दिल्ली

विटिलिगो एक प्रकार की ऑटोइम्यून डिजीज है, जिसमें स्किन कलर को कंट्रोल करने वाले मेलेनोसाइट्स नष्ट होने लगते हैं। इससे व्हाइट स्पॉट्स दिखने लगते हैं। **वर्ल्ड विटिलिगो डे (25 जून)** के अवसर पर जानिए, इससे जुड़ी बहुत इंपॉर्टेंट इंफॉर्मेशंस।

# विटिलिगो को कर सकते हैं कंट्रोल

विटिलिगो को सफेद दाग या ल्यूकोडर्मा भी कहते हैं। यह ऐसी बीमारी है, जिसमें त्वचा की रंगत चली जाती है, जिससे सफेद धब्बे बन जाते हैं। विटिलिगो को ऑटोइम्यून बीमारी माना जाता है, जिसका आशय है कि यह समस्या शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा त्वचा की मेलेनोसाइट्स पर हमला करने के कारण होती है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह तब होता है, जब त्वचा में मेलेनिन नामक पिगमेंट बनाने वाली कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं।

**क्या हैं कारण:** विटिलिगो के होने का सटीक कारण अज्ञात है। लेकिन कुछ फैक्टर्स इससे रिलेटेड हो सकते हैं।

**आनुवंशिक कारक:** ऐसे लोगों में विटिलिगो होने की संभावना अधिक होती है, जिनके परिवार में विटिलिगो हो चुका है।

**तनाव:** कुछ मामलों में अत्यधिक तनाव विटिलिगो को ट्रिगर कर सकता है या इसे और बदतर बना सकता है।

**अन्य बीमारियां:** थायरॉइड संबंधी समस्याएं, टाइप 1 डायबिटीज और एडिसन रोग आदि भी विटिलिगो की समस्या बढ़ा सकते हैं या उत्पन्न कर सकते हैं।




**प्रमुख लक्षण:** त्वचा पर सफेद या हल्के रंग के धब्बे शरीर के किसी भी भाग पर हो सकते हैं। आमतौर पर चेहरे, गर्दन, हाथों और पैरों पर सफेद धब्बे अधिक दिखाई देते हैं। धब्बे आमतौर पर शरीर के दोनों तरफ दिखाई देते हैं। त्वचा का रंग पैच में बदल जाता है। ऐसे लक्षण दिखने पर डर्मेटोलॉजिस्ट से मिलें।

**इलाज के बारे में:** विटिलिगो का स्थाई इलाज नहीं है, लेकिन विभिन्न उपचार विधियों से इस त्वचा रोग को नियंत्रित व प्रबंधित किया जा सकता है, जिनसे त्वचा के रंग को वापस लाया जा सकता है। विटिलिगो के उपचार के विकल्पों में शामिल हैं-

**टॉपिकल उपचार:** विशेषज्ञ डॉक्टर आमतौर पर टॉपिकल 'कार्टिकोस्टेरॉयड्स' या नॉन-स्टेरॉयडल इम्यूनोसप्रेसेंट आदि से उपचार शुरू करते हैं। टॉपिकल 'कार्टिकोस्टेरॉयड्स' दवाएं सूजन को कम करने और त्वचा के रंग को वापस लाने में मदद करती हैं। वहीं गैर-स्टेरॉयडल दवाएं, लंबे समय तक उपयोग के लिए बेहतर होती हैं, क्योंकि स्टेरॉयड्स की तुलना में उनके कम दुष्प्रभाव होते हैं, खासकर बच्चों के लिए या शरीर के संवेदनशील भागों के उपचार में।

**फोटोथेरेपी:** इस थेरेपी के अंतर्गत विशेष प्रकाश किरणों का उपयोग करके त्वचा के विकारों या खामियों को दूर किया जाता है।

**दवाएं:** अतीत में उपचार के विकल्प काफी कम थे, लेकिन अब ओरल कॉर्टिकोस्टेरॉइड्स से लेकर नए गैर-स्टेरॉयडल इम्यूनोसप्रेसिव और इम्यूनोमॉडुलेटरी दवाओं की लॉन्ग रेंज दवाएं उपलब्ध हैं। दवा का चयन पूरी तरह से त्वचा रोग विशेषज्ञ पर निर्भर करता है। इन दवाओं को नियमित रूप से लेना जरूरी है।

**सर्जिकल प्रोसेस:** अनेक मामलों में सर्जरी का उपयोग किया जा सकता है, जहां अन्य उपचार असरदार नहीं होते। स्थिर विटिलिगो वाले मरीजों के लिए, पंच ग्राफ्टिंग, सक्शन ब्लिस्टर ग्राफ्टिंग और एडवांस्ड नॉन-कल्चर्ड मेलेनोसाइट सस्पेंशन तकनीक सहित कई सर्जिकल उपचार उपलब्ध हैं। ये सभी प्रोसेस काफी कारगर हैं। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

## गलतफहमियों से रहें दूर

**मिथ:** एक गंभीर बीमारी है विटिलिगो।
**तथ्य:** विटिलिगो गंभीर बीमारी नहीं है, लेकिन यह व्यक्ति के शारीरिक सौंदर्य को प्रभावित कर सकती है।
**मिथ:** विटिलिगो एक संक्रामक रोग है।
**तथ्य:** विटिलिगो संक्रामक नहीं है। इस कारण यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता।
**मिथ:** विटिलिगो कैंसर का कारण बनता है।
**तथ्य:** विटिलिगो का कैंसर से कोई संबंध नहीं है।
**मिथ:** विटिलिगो केवल गोरी त्वचा वाले लोगों को होता है।
**तथ्य:** विटिलिगो किसी भी उम्र या किसी भी रंग की त्वचा वाले व्यक्ति को हो सकता है।



## डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रदेश भर में बूथ स्तर पर आयोजित हुए कार्यक्रम

# प्रदेश में यूसीसी लागू करने के लिए व्यापक जनसंवाद और हर वर्ग की राय को दिया जा रहा महत्व : सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल ने मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर प्रदेश कार्यालय के सामने अरेरा मंडल, वार्ड क्रमांक 45 के बूथ क्रमांक 159 स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा एवं प्रदेश कार्यालय में डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों और बलिदान से एक भारत-श्रेष्ठ भारत का संकल्प साकार हो रहा है।

देश के विभाजन के दौर में जब पश्चिम बंगाल के बड़े हिस्से को पाकिस्तान में शामिल करने के प्रयास हो रहे थे, तब उन्होंने दृढ़ता के साथ उसका विरोध किया। प्रदेश में यूसीसी लागू करने के लिए व्यापक जनसंवाद और हर वर्ग की राय को महत्व दिया जा रहा है।

» डॉ. मोहन और खंडेलवाल ने किया डॉ. मुखजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण

» मंत्रियों और भाजपा पदाधिकारियों ने किए श्रद्धासुमन अर्पित

### डॉ. श्यामा प्रसाद का सर्वोच्च बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत : खंडेलवाल



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विचारधारा, राष्ट्र के प्रति उनकी दूरदृष्टि और देश की एकता एवं अखंडता के लिए दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने ही भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी, वही जनसंघ आज विश्व के सबसे बड़े व सर्वव्यापी राजनैतिक दल भाजपा के रूप में हम सबके सामने है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मौलिक चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जीवन मूल्यों के संस्कारित पुजारी थे। इसी तरह प्रदेश भर में बूथों पर डॉ. मुखर्जी को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गए।

### सरकार डॉ. मुखर्जी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. ने कहा कि मप्र सरकार भी डॉ. मुखर्जी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। समान नागरिक संहिता जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रदेश में व्यापक जनसंवाद किया गया है। प्रदेश के 55 जिलों और सभी तहसीलों में विभिन्न वर्गों, समुदायों और सामाजिक संगठनों से सुझाव प्राप्त किए गए हैं और बड़ी संख्या में लोगों के सुझाव आए हैं। लाखों नागरिकों ने अपने विचार साझा कर इस प्रक्रिया को लोकतांत्रिक और सहभागी बनाया है। हमारी सरकार केवल बहुमत के आधार पर निर्णय लेने में विश्वास नहीं करती, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने की भावना से कार्य करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को आत्मसात करते हुए प्रदेश सरकार



जनभावनाओं के अनुरूप आगे बढ़ रही है। प्रदेश में विधानसभा के मानसून सत्र में इसे पारित करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### डॉ. बघेल बने प्रदेश कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य

**भोपाल।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व अन्य पदों की घोषणा की है। हरदा के हृदय रोग विशेषज्ञ, युवा समाजसेवी, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बघेल को प्रदेश कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है।

### सिलतरा गोदाम प्रभारी हटाया गया

**रायपुर।** रायपुर की शराब दुकानों में ओवररेट बिक्री के साथ एक्सपायरी और नष्टीकरण सूची में शामिल शराब को बाजार में खपाने का बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि आबकारी विभाग द्वारा नष्ट करने के आदेश के बावजूद सिलतरा वेयरहाउस से शराब की पेटियां बाहर निकालकर कोचियों और अवैध कारोबारियों के माध्यम से बेच दी गईं। विभाग ने 12 मई 2026 को 7,509 बाक्स में रखी 3,566 बोतलों को नष्ट करने का आदेश जारी किया था, लेकिन इनमें से बड़ी मात्रा बाजार तक पहुंच गई। जांच के दायरे में टूट-फूट का खेल भी आया है। आरोप है कि परिवहन के दौरान बोतल टूटने का फर्जी रिकार्ड बनाकर शराब बाहर बेची जाती रही।

### राज्य के विकास के लिए 5,960 करोड़ की योजनाओं सहित जनहितैषी कार्यों को स्वीकृति

# शासकीय माध्यमिक और हाई स्कूलों के उच्चस्तरीय उन्नयन की योजना को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में राज्य के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देने के लिए 5 हजार 960 करोड़ रुपए की योजनाओं सहित कई जनहितैषी कार्यों को मंजूरी दी गई। बैठक में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान को गति देते हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को 1 अप्रैल 2026 से आगामी 5 वर्षों तक निरंतर संचालित रखने के लिए 1,740 करोड़ 57 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाते हुए राज्य में शासकीय माध्यमिक और हाई स्कूलों के उच्च स्तरीय उन्नयन की योजना को सैद्धांतिक सहमति दी गई, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक पहुंच बढ़ेगी। ड्रॉप आउट दर में कमीं आएगी। इसके अतिरिक्त, किसानों के आर्थिक संबल के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण योजना की नई शर्तों, शुजालपुर (शाजापुर) में नवीन शासकीय विधि महाविद्यालय की स्थापना, लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 3 हजार 580 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की निरंतरता तथा जनजातीय क्षेत्रों के विद्युतीकरण संबंधी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

◆ मुख्यमंत्री कन्या विवाह और कल्याणी विवाह योजना की निरंतरता को मंजूरी, 1740 करोड़ 57 लाख रुपए स्वीकृत



कैबिनेट बैठक में उपस्थित सीएम डॉ. यादव व मंत्री।

#### » मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता योजना

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता योजना और कल्याणी विवाह सहायता योजना को 1 अप्रैल से 5 वर्षों तक निरंतर संचालन के लिए 1,740 करोड़ 57 लाख रुपए की स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री कन्या विवाह सहायता योजना प्रदेश में 1 अप्रैल 2006 से प्रभावशील है। योजना का क्रियान्वयन राज्य सरकार की ओर से किया जाता है। योजना के तहत गरीब जरूरतमंद, निराश्रित परिवारों की विवाह योग्य कन्या, विधवा, परित्यक्ता के सामूहिक विवाह में आर्थिक सहायता के रूप में राशि 55 हजार रुपए प्रति कन्या के मान से दी जाती है।

#### सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 3 हजार 580 करोड़ 7 लाख रुपए की मंजूरी

कैबिनेट खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में 500 करोड़ रुपए से अधिक की संबंधित योजना लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत परिवहन, कमीशन व्यय की प्रतिपूर्ति का 16 वें केन्द्रीय वित्त आयोग की अवधि 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक के लिए निरंतर संचालन के लिए 3 हजार 580 करोड़ 7 लाख रुपए की स्वीकृति दी है।

#### शुजालपुर (शाजापुर) में विधि महाविद्यालय शुरू किए जाने की स्वीकृति

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुपालन में सत्र 2026-27 में शुजालपुर (शाजापुर) में नवीन शासकीय विधि महाविद्यालय शुरू किए जाने की स्वीकृति दी। स्वीकृति अनुसार शैक्षणिक वर्ग के 9 पद और अशैक्षणिक वर्ग के 8 पद, इस प्रकार कुल 17 पदों के सृजन और व्यय राशि 2 करोड़ 39 लाख 92 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

#### कैबिनेट में यह लिए निर्णय

कैबिनेट ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विद्युतीकरण कार्य के लिए भारत सरकार की ओर से दिए गए केन्द्रांश पर देय एसजीएसटी की राशि राज्य शासन की ओर से वितरण कंपनियों को अंश पूंजी के रूप में उपलब्ध करवाये जाने का निर्णय लिया है।

### मुख्यमंत्री से हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस के अधिकारियों ने की भेंट

# हिंदुस्तान कोका कोला समूह मप्र में करेगा 300 करोड़ रुपए का निवेश, लोगों को मिलेगा रोजगार

» मुख्य कार्यकारी अधिकारी रुपानी ने उद्योग नीतियों की प्रशंसा की

» मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योजनाओं की जानकारी दी



प्रतिनिधिमंडल से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमंत रुपानी ने मंत्रालय में सौजन्य भेंट की।

मुख्यमंत्री ने रूपानी को प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण को प्रोत्साहित करने के लिए संचालित योजनाओं गतिविधियों की जानकारी दी। रूपानी ने राज्य सरकार की उद्योग मित्र नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हिंदुस्तान कोका कोला समूह मप्र में 300 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बना रहा है। इससे रोजगार के अवसर सृजित होंगे। राजगढ़ जिले के पिलूखेड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस की इकाई पहले से ही संचालित है। मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान हिंदुस्तान कोका-कोला के नेशनल हेड विवेक झा, राज्य प्रमुख सुश्री अश्विनी यीलेने तथा औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# खंडेलवाल ने की जिला कार्यालयों की समीक्षा

◂ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति के सदस्यों के साथ निर्माणाधीन जिला कार्यालयों को लेकर बैठक की



बैठक में चर्चा करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति के सदस्यों के साथ निर्माणाधीन जिला कार्यालयों की समीक्षा बैठक कर चर्चा की। इस अवसर पर भवन निर्माण समिति के प्रदेश संयोजक उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री श्री राहुल कोठारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री अखिलेश जैन, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्री श्याम महाजन, प्रकोष्ठ प्रभारी श्री आशुतोष तिवारी एवं टोली सदस्य श्री गौरव गर्ग उपस्थित रहे।

### हायर एजुकेशन और बिजनेस के लिए एसबीआई लाइफ का नया प्लान

**नई दिल्ली।** बाजार की भारी अनिश्चितता के बीच अपने बच्चों के करियर और उच्च शिक्षा को लेकर परेशान रहने वाले अभिभावकों के लिए इंश्योरेंस सेक्टर से एक बड़ी राहत भरी खबर आ रही है। एसबीआई लाइफ ने एक बेहद खास और सुरक्षित निवेश माध्यम 'एसबीआई लाइफ- स्मार्ट प्लैटिना यंग अचीवर' मार्केट में उतारा है जो सीधे तौर पर बच्चों के बड़े सपनों को पूरा करने के लिए वित्तीय सुरक्षा कवच प्रदान करता है। टेंशन फ्री हुए पेरेंट्स।यह प्लान पूरी तरह से एक अनुशासित और लक्ष्य-आधारित वित्तीय नींव तैयार करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है जिसमें बचत और सुरक्षा दोनों खूबियों को एक साथ जोड़ा गया है। आज के समय में जब पढ़ाई का खर्च आसमान छू रहा है, तब यह पॉलिसी बच्चों के करियर, बिजनेस या शादी जैसे बड़े पड़ावों पर एक मजबूत सुरक्षा घेरा देती है। रफ्तार पकड़ेगी बच्चों की पढ़ाई।इस पॉलिसी की सबसे बड़ी यूएसपी इसका गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट है जो बाजार के उतार-चढ़ाव से पूरी तरह सुरक्षित है। इसके तहत ग्राहकों को मैच्योरिटी भुगतान के तीन लचीले विकल्प मिलते हैं जिसके जरिए आप पूरी रकम एकमुश्त ले सकते हैं, या फिर उसे 7 साल तक की किश्तों में बांट सकते हैं। फीचर्स हैं बेहद शानदार।प्लान का सबसे दमदार फीचर इसका इन-बिल्ट 'वेवर ऑफ प्रीमियम' बेनिफिट है जो किसी भी अप्रत्याशित घटना की स्थिति में सुरक्षा देता है। यदि पॉलिसी लेने वाले माता या पिता के साथ कोई बड़ी अनहोनी यानी मृत्यु या दुर्घटना में पूर्ण स्थायी विकलांगता हो जाती है, तो कंपनी आगे के सारे प्रीमियम खुद माफ कर देती है।

# नशे, अपराध और झूठे वादों से त्रस्त पंजाब को बदलाव की जरूरत : नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बुधवार को श्री मुक्तसर साहिब में आयोजित कार्यक्रम में पंजाब की जनता से विकास, सुशासन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए सही निर्णय लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पंजाब अपनी खोई हुई पहचान और गौरव को पुनः प्राप्त कर विकास एवं समृद्धि के नए दौर की ओर बढ़े। मुख्यमंत्री ने प्रथम पातशाही श्री गुरु नानक देव जी, सभी गुरु साहिबानों, साहिबजादों और महापुरुषों को नमन करते हुए कहा कि श्री मुक्तसर साहिब की पवित्र धरती बलिदान और वीरता की प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा का रिश्ता साझा संस्कृति, भाषा और भावनाओं का है तथा वे पड़ोसी राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि छोटे भाई और शुभचिंतक के रूप में पंजाब की जनता के बीच आए हैं। सैनी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों दल जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे।



#### बेरोजगार युवा विदेश जाने को मजबूर

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासन में भ्रष्टाचार और परिवारवाद को बढ़ावा मिला, जबकि आम आदमी पार्टी ने बड़े-बड़े वादे किए, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया। उन्होंने महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के अधूरे वादे का उल्लेख करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह की सहायता प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने पंजाब में बढ़ते नशे, ड्रग्स तस्करी, गैंगवार, फिरौती और अपराध की घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि इन परिस्थितियों से आम लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि युवा रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं और कई नौजवान विदेश जाने को मजबूर हैं। किसानों के मुद्दे पर सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कर रही है और किसानों के खातों में सीधे भुगतान किया जा रहा है।

### रेलवे की नई तकनीकों में निवेश बढ़ाएगी, अपनी रिसर्च और इनोवेशन क्षमताओं को भी करेगी मजबूत

**नई दिल्ली।** ई2ई रेल की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी नोवा कंट्रोल टेक्नोलॉजिक्स आने वाले कुछ वर्षों में रेलवे सुरक्षा से जुड़ी नई तकनीकों की रिसर्च और डेवलपमेंट पर 100 करोड़ रुपए से ज्यादा निवेश करने की तैयारी में है। कंपनी का फोकस रेलवे सिग्नलिंग, ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम्स और ऑपरेशनल टेक्नोलॉजी (ओटी) साइबर सिक्योरिटी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी स्वदेशी तकनीकी क्षमताओं को और मजबूत बनाने पर है।यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब भारतीय रेलवे तेजी से कवच सिस्टम का विस्तार कर रहा है और अपनी कार्यप्रणाली में डिजिटल तकनीकों का इस्तेमाल बढ़ा रहा है। ऐसे में, साइबर सिक्योरिटी भी अब रेलवे सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनती जा रही है।हाल ही में आयोजित आईआरएसई कन्वेंशन एंड एग्जीबिशन 2026 में इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने इस बात पर जोर दिया कि सिग्नलिंग, ट्रेन प्रोटेक्शन और कम्युनिकेशन सिस्टम्स के साथ-साथ ओटी साइबर सिक्योरिटी को भी रेलवे सुरक्षा व्यवस्था का अहम हिस्सा बनाया जाना चाहिए। इससे भविष्य में रेलवे नेटवर्क को और ज्यादा सुरक्षित तथा भरोसेमंद बनाया जा सकेगा। ई2ई रेल और नोवा कंट्रोल टेक्नोलॉजिक्स के डायरेक्टर एवं सीईओ सौरजीत मुखर्जी ने कहा, ?रेलवे सुरक्षा के क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। कवच जैसी तकनीकों ने ट्रेन सुरक्षा को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत बनाया है, लेकिन सिग्नलिंग, ट्रेन कंट्रोल और दूसरे ऑपरेशनल सिस्टम्स में बढ़ते डिजिटलीकरण के साथ अब इंडस्ट्री की जरूरतें भी बदल रही हैं।

### कार्यकर्ताओं से संवाद कर किया समाधान

# मंत्री तोमर ने जनसमस्याओं को सुना, समाधान करने दिए निर्देश



कार्यकर्ताओं से चर्चा करते मंत्री तोमर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं से संवाद किया। तोमर ने कार्यकर्ताओं एवं आमजनों की जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है।

### आरडीए की लापरवाही पर उपभोक्ता आयोग का आदेश

# दुकान में सीपेज बंद करो, एक लाख का हर्जाना भी दो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) की कार्यप्रणाली पर गंभीर टिप्पणी करते हुए परिवादी के पक्ष में फैसला सुनाया है। आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू और सदस्य डॉ. आनंद वर्गीस की पीठ ने आरडीए को आदेश दिया है कि वह पीड़ित आवंटी की दुकान में हो रहे पानी के रिसाव (सीपेज) का स्थायी निराकरण करे।

पीड़ित को हुई मानसिक व आर्थिक क्षति के लिए एक लाख रुपये मुआवजा और पांच हजार रुपये कानूनी खर्च अदा करे। राजेंद्र नगर निवासी दिलीप पृथवानी ने आरडीए के न्यू राजेंद्र नगर स्थित गोविंद सागर व्यावसायिक परिसर के भूतल पर दुकान क्रमांक एस-79 को 17 अक्टूबर 2007 को खरीदी थी। परिवादी दुकान का सालाना भू-भाटक और मेंटेनेंस शुल्क (अप्रैल 2026 तक का) नियमित रूप से चुकाता आ रहा है।




**घटिया निर्माण के कारण हुआ नुकसान**

आरोप है कि घटिया निर्माण के कारण दुकान लेते ही छत और दीवारों से पानी का रिसाव व सीलन शुरू हो गई। पीड़ित ने साल 2010 से लेकर 2024 तक कुल छह बार आरडीए कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिस पर आरडीए की पावती सील भी लगी हुई है। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो परेशान होकर उपभोक्ता फोरम में परिवाद दायर किया गया।

#### रिसाव को ठीक न करना आरडीए की लापरवाही


सुनवाई के दौरान आयोग का नोटिस मिलने के बाद आरडीए के अधिवक्ता उपस्थित तो हुए, लेकिन प्राधिकरण की ओर से कोई जवाबदावा या सफाई से जुड़े दस्तावेज पेश नहीं किए जा सके। आयोग ने पाया कि पिछले 14-16 वर्षों से लगातार शिकायत और विधिक नोटिस मिलने के बाद भी शासकीय एजेंसी द्वारा रिसाव को ठीक न करना एक गंभीर लापरवाही है। आयोग ने आरडीए के खिलाफ आंशिक रूप से परिवाद स्वीकार करते हुए यह दंडात्मक आदेश पारित किया।

### स्मार्ट मीटर का बढ़ता जा रहा है विरोध, जगह-जगह प्रदर्शन

**भिलाई।** राज्य के कई इलाकों में स्मार्ट मीटर के विरोध की खबरों के बीच नगर निगम के वार्ड-29, वृंदा नगर कैंप-1 के निवासियों का सब्र का बांध बुधवार को टूट गया। बड़ी संख्या में स्थानीय उपभोक्ता मदर टेरेसा नगर स्थित बिजली वितरण केंद्र पहुंचे और स्मार्ट मीटर के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारी अपने साथ पुराने मीटर लेकर आए थे और दफ्तर के बाहर उन्हें तोड़कर विरोध दर्ज कराया। उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में बेतहाशा वृद्धि हुई है।

### रायगढ़ इस्पात प्लांट में काम के दौरान फर्नेस फटने से चार मजदूर झुलसे

**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के पूंजीपथरा इलाके में स्थित रायगढ़ इस्पात में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। फैक्ट्री में काम के दौरान फर्नेस में रिसाव होने से अचानक ब्लास्ट हो गया। धमाके की चपेट में आने से चार मजदूर झुलस गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूंजीपथरा स्थित रायगढ़ इस्पात में रोज की तरह काम चल रहा था। इसी दौरान दोपहर के समय फर्नेस में अचानक ब्लास्ट हो गया।



## चिंतन

# मानसून फिर सक्रिय होने के बावजूद सतर्कता जरूरी

देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून ने कुछ दिनों के विराम के बाद फिर रफ्तार पकड़ ली है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार मानसून की प्रगति अब सामान्य दिशा में आगे बढ़ रही है और आने वाले दिनों में कई राज्यों में अच्छी वर्षा की संभावना है। यह खबर किसानों के लिए राहत लेकर आई है, क्योंकि खरीफ का सबसे महत्वपूर्ण दौर इसी समय होता है। हालांकि राहत के साथ-साथ सावधानी की भी आवश्यकता है। मौसम वैज्ञानिक इस वर्ष प्रशांत महासागर में विकसित हो रही अल नीनो जैसी परिस्थितियों पर नजर बनाए हुए हैं, जो मानसून के वितरण और वर्षा के स्वरूप को प्रभावित कर सकती है। हमारी कृषि आज भी काफी हद तक मानसून पर निर्भर है। देश के लगभग आधे कृषि क्षेत्र में सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है और वहां वर्षा ही खेती का मुख्य आधार है। ऐसे में मानसून का समय पर पहुंचना और नियमित वर्षा होना किसानों की आय, उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिछले कुछ वर्षों का अनुभव बताता है कि केवल कुल वर्षा का आंकड़ा पर्याप्त नहीं होता। असली चुनौती वर्षा के वितरण में होती है। कई बार पूरे सीजन में सामान्य वर्षा दर्ज होती है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश और कुछ क्षेत्रों में लंबे सूखे अंतराल देखने को मिलते हैं। यही स्थिति फसलों के लिए सबसे अधिक नुकसानदायक साबित होती है। अल नीनो का प्रभाव भी इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण हो जाता है। सामान्यतः अल नीनो की स्थिति में प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी भाग का समुद्री तापमान बढ़ जाता है, जिससे वैश्विक मौसम चक्र प्रभावित होता है। भारत में इसका संबंध अक्सर कमजोर या असमान मानसून से जोड़ा जाता रहा है। हालांकि हर अल नीनो वर्ष में सूखा पड़े, यह जरूरी नहीं है, लेकिन इसके कारण मानसून की अनिश्चितता बढ़ जाती है। इसलिए किसानों के लिए यह समय केवल बारिश का इंतजार करने का नहीं, बल्कि जोखिम प्रबंधन की तैयारी करने का भी है। इसलिए किसान मौसम आधारित खेती को प्राथमिकता दें। खेत में बुवाई, सिंचाई, उर्वरक प्रयोग और कीटनाशक छिड़काव स्थानीय मौसम की जानकारी के आधार पर ही करें। यदि किसी क्षेत्र में भारी वर्षा की संभावना हो तो उर्वरकों और रसायनों का प्रयोग टालना अधिक लाभकारी होगा। दूसरी महत्वपूर्ण बात जल प्रबंधन की है। मानसून के शुरुआती दौर में होने वाली अच्छी बारिश का अधिकतम संग्रह किया जाना चाहिए। खेत तालाब, मेड़बंदी, वर्षा जल संचयन और सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों का उपयोग भविष्य में पड़ने वाले सूखे अंतराल से बचाने में मदद कर सकता है। एक और महत्वपूर्ण पहलू फसल बीमा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी व्यवस्थाओं का लाभ उठाना किसानों के लिए सुरक्षा कवच का काम कर सकता है। अक्सर किसान इसे अतिरिक्त खर्च समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन प्राकृतिक आपदा की स्थिति में यही सुरक्षा आर्थिक संकट को कम कर सकती है। सरकार और कृषि विभागों की भी जिम्मेदारी है कि वे किसानों तक समय पर और स्थानीय स्तर की मौसम जानकारी पहुंचाएं। केवल पूर्वानुमान जारी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके आधार पर कृषि सलाह भी उपलब्ध करानी चाहिए। कृषि विस्तार सेवाओं को और अधिक सक्रिय बनाने की आवश्यकता है ताकि किसान बदलते मौसम के अनुसार अपने निर्णय ले सकें। इसलिए किसान बारिश का स्वागत करें, लेकिन तैयारी और सतर्कता को भी उतनी ही प्राथमिकता दें। इससे ही बेहतर उत्पादन और अधिक आय हासिल हो सकती है।

## दिवस विशेष

कृष्ण प्रताप सिंह



# आपातकाल : इंदिरा गांधी की क्षमायाचना और उसके बाद...

इक्यावन साल पहले 1975 में वह आज का ही दिन था, 25 जून का, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सलाह पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत देशव्यापी आपातकाल की घोषणा कर दी थी। इस घोषणा के बाद सारे विपक्षी नेताओं को तुरत-फुरत जेल में डाल दिया गया था, अभिव्यक्ति की आजादी समेत नागरिकों के सारे मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे और इन कदमों के विरुद्ध प्रतिरोध का कोई स्वर न उठ सके, इसके लिए अखबारों पर सख्त सेंसर लगा दिया गया था। ज्ञातव्य है कि उन दिनों अखबार ही लोगों के लिए समाचारों के मुख्य स्रोत हुआ करते थे। यह आपातकाल 21 मार्च,1977 तक कुल मिलाकर लगभग 21 महीनों तक लागू रहा और इंदिरा गांधी ने उसे तब भी नहीं हटाया, जब इस मुगालते में लोकसभा चुनाव करा दिए कि 'आपातकाल की उपलब्धियों से खुश' मतदाता उनको आसानी से जीत दिला देंगे। उनकी उम्मीद के विपरीत इस चुनाव में उनकी करारी हार हुई तो प्रधानमंत्री पद से अपने इस्तीफे से पहले उन्होंने यह सोचकर राष्ट्रपति से आपातकाल हटाने की सिफारिश कर दी कि उनके इस्तीफे के बाद भी वह लागू रह गया तो नई सरकार अपनी बारी पर उसके प्रावधानों को उनके और उनकी पार्टी के खिलाफ इस्तेमाल करना शुरू कर देगी। फिर 23 जनवरी,1978 को अनेक प्रेक्षकों को चकित करते हुए आपातकाल के दौरान हुए अत्याचारों, ज्यादतियों व गलतियों के लिए सार्वजनिक रूप से और बिना शर्त माफी मांग ली। इसके लिए उन्होंने उन दिनों महाराष्ट्र में हो रहे विधानसभा चुनाव के सिलसिले में यवतमाल में अपनी नवगठित पार्टी के प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा को चुना। अलबत्ता, इस सभा में भी उन्होंने आपातकाल को उस दौर की बीमारियों के इलाज के लिए दी गई ऐसी दवा बताया, जो निस्संदेह सुखद नहीं थी। लेकिन उसके बाद? उन्हीं के शब्दों में कहें तो 'उसके बाद नए चुनाव कराने में हमने सभी लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन किया। हमसे हुई गलतियों को लेकर नाराज देश की जनता ने हमारे खिलाफ फैसला दिया तो हमने उसके फैसले को भी विनम्रता से स्वीकार किया।' महाराष्ट्र विधानसभा के चुनावों के साथ ही कर्नाटक विधानसभा के भी चुनाव हुए थे, जिसमें इंदिरा गांधी की पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला था और उसने देवराज अर्स के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। बहरहाल, श्रीमती गांधी द्वारा मांगी गई माफ़ी की पृष्ठभूमि पर विचार करें तो केंद्र की सत्ता से उनकी बेदखली के बाद नई-नई बनी जनता पार्टी की सरकार ने उन दिनों आपातकाल की ज्यादतियों की जांच के लिए शाह नामक कमीशन गठित कर रखा था और सरकारी समाचार माध्यमों से उसकी कार्रवाई का भरपूर प्रचार कराकर उनके विरुद्ध फैले जनाक्रोश की उम्र लम्बी करने में लगी हुई थी। ऐसे में उनका यवतमाल में माफी मांगना सिर्फ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जय-पराजय से जुड़ा हुआ मामला नहीं था। उससे उनकी देश भर में अपनी राजनीतिक जमीन वापस पाने की एक बड़ी चुनावी रणनीति जुड़ी हुई थी। इस रणनीति ने देश की राजनीति में उनकी जैसी वापसी कराई, वह भारतीय राजनीति के इतिहास का एक बेहद दिलचस्प अध्याय है। प्रतिद्वंद्वी जनता पार्टी की टूट-फूट का लाभ उठाकर उन्होंने लोकसभा के 1980 के मध्यावधि चुनाव में जिस तरह वापसी की, उसे दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक कमबैक में से एक माना जाता है। फरवरी, 1978 में कर्नाटक विधानसभा का चुनाव जीतने के कुछ ही महीनों बाद नवंबर 1978 में उन्होंने इसी राज्य की चिकमगलूर सीट से लोकसभा का उपचुनाव जीतकर देश की सत्ता में अपनी वापसी की भूमिका लिखनी शुरू की तो जनता पार्टी की सरकार ने उनको घेरने के चक्कर में विशेषाधिकार हनन के आरोप में उन्हें लोकसभा से निष्कासित कर जेल भेज दिया। तब उन्होंने इस कार्रवाई को जनता के सामने राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में पेश किया और उसकी सहानुभूति प्राप्त कर ली। फिर तो 1980 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी ने 351 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया और वे फिर से देश की प्रधानमंत्री बन गईं। 1977 की हार के बाद वे पल भर भी निराश नहीं बैठी थीं। जुलाई 1977 में बिहार के बेलछी गांव में दलितों के साथ हिंसा हुई तो वे बाढ़ के बावजूद पानी भरे रास्ते को पार करने के लिए हाथी पर सवार होकर वहां उनके आंसू पोंछने पहुंची थीं। उसके बाद पीड़ितों के प्रति दिखाई गई इस गहरी सहानुभूति की तस्वीरों ने देश की गरीब और शोषित जनता के बीच उनकी 'गरीबों की मसीहा' वाली छवि को दोबारा जिंदा कर दिया था।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## मंथन

कांतिलाल मांडोत

भारतीय समाज में विवाह को केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि दो परिवारों का मिलन माना जाता है। विवाह से पहले होने वाली सगाई और अन्य रस्में भविष्य के जीवन की नींव मानी जाती हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति किसी रिश्ते को स्वीकार नहीं करना चाहता तो उसके पास उसे स्पष्ट रूप से अस्वीकार करने का अधिकार है। आधुनिक समाज में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अपनी पसंद के अनुसार जीवनसाथी चुनने का अधिकार भी स्वीकार किया जाता है। लेकिन किसी रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता छल और हिंसा नहीं हो सकता। रिश्तों में पारदर्शिता, नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संवाद और कानून का भय इन सभी तत्वों को मजबूत करना होगा।

# प्रेम के मुखौटे के पीछे भरोसे की हत्या

महाराष्ट्र के पुणे से सामने आए एक चर्चित हत्याकांड ने पूरे देश को झकझोर दिया है। जिस रिश्ते को विश्वास और जीवनभर के साथ का आधार माना जाता है, उसी रिश्ते के भीतर कथित साजिश और हत्या की कहानी ने समाज को कई कठिन सवालों के सामने खड़ा कर दिया है। एक ओर शादी की तैयारियां चल रही थीं, करोड़ों रुपये खर्च कर भव्य आयोजन की योजनाएं बनाई जा रही थीं। दूसरी ओर रिश्तों की सतह के नीचे अविश्वास और दूसरे संबंधों का ऐसा जाल बुना जा रहा था, जिसने अंततः एक युवा कारोबारी की जान ले ली। पुलिस जांच के अनुसार मंगेतर और उसके कथित प्रेमी पर युवक की हत्या की साजिश रचने का आरोप है।

मामला केवल एक आपराधिक घटना भर नहीं है, बल्कि यह बदलते सामाजिक परिवेश में रिश्तों की गंभीर चुनौतियों को भी उजागर करता है। आज समाज का बड़ा वर्ग इस घटना को केवल हत्या के रूप में नहीं बल्कि भरोसे की हत्या के रूप में देख रहा है। भारतीय समाज में विवाह को केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि दो परिवारों का मिलन माना जाता है। विवाह से पहले होने वाली सगाई और अन्य रस्में भविष्य के जीवन की नींव मानी जाती हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति किसी रिश्ते को स्वीकार नहीं करना चाहता तो उसके पास उसे स्पष्ट रूप से अस्वीकार करने का अधिकार है। आधुनिक समाज में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अपनी पसंद के अनुसार जीवनसाथी चुनने का अधिकार भी स्वीकार किया जाता है। लेकिन किसी रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता छल और हिंसा नहीं हो सकता। यही कारण है कि पुणे की इस घटना ने लोगों को भीतर तक विचलित किया है। सवाल केवल यह नहीं है कि एक युवक की मौत कैसे हुई बल्कि यह भी है कि क्या हमारे समाज में संवाद की जगह छल ने ले ली है। क्या सच बोलने का साहस कम होता जा रहा है। क्या लोग अपने निर्णयों की जिम्मेदारी लेने के बजाय गलत रास्ते चुनने लगे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से ऐसे अनेक मामले सामने आए हैं, जिनमें प्रेम संबंधों विवाहेतर संबंधों या निजी रिश्तों के विवादों ने हिंसक रूप ले लिया। कभी पति या पत्नी की हत्या की खबर आती है तो कभी प्रेमी या प्रेमिका को रास्ते से हटाने की साजिश का खुलासा होता है। सोशल मीडिया और डिजिटल संचार के युग में रिश्ते बनना आसान हुआ है लेकिन उन्हें निभाने की जिम्मेदारी और ईमानदारी का महत्व भी उतना ही बढ़ गया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि समाज में बढ़ती भौतिकता और त्वरित संतुष्टि की मानसिकता ने भी रिश्तों को प्रभावित किया है। बहुत से लोग रिश्तों को एक प्रतिबद्धता के बजाय सुविधा के रूप में देखने लगे हैं। जब तक सब कुछ अनुकूल रहता है, तब तक संबंध चलते हैं लेकिन कठिन परिस्थितियां आते ही कई लोग जिम्मेदारी से बचने का प्रयास करते हैं। यह प्रवृत्ति चिंता का विषय है क्योंकि किसी भी स्वस्थ समाज की बुनियाद भरोसे और नैतिकता पर टिकी होती है। धोखाधड़ी आज के समय में केवल आर्थिक अपराध तक सीमित नहीं रह गई है। भावनात्मक धोखाधड़ी भी तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है। कई बार लोग एक व्यक्ति के साथ भविष्य के सपने दिखाते हैं जबकि समानांतर रूप से किसी और संबंध में



भी जुड़े रहते हैं। जब सच्चाई सामने आती है तो उसके परिणाम केवल व्यक्तिगत नहीं होते बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करते हैं। माता-पिता भाई-बहन और अन्य परिजन भी मानसिक आघात से गुजरते हैं। इस घटना ने अवैध संबंधों और बढ़ते व्यभिचार पर भी बहस छेड़ दी है।

समाजशास्त्रियों का मानना है कि किसी भी रिश्ते में पारदर्शिता सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। यदि दो लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव समाप्त हो गया है या कोई अन्य संबंध बन चुका है तो उसे ईमानदारी से स्वीकार करना चाहिए। झूठ और दोहरी जिंदगी अंततः बड़े संकट को जन्म देती है। जब भावनाएं स्वार्थ और छल से संचालित होने लगती हैं तो परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं। सोशल मीडिया ने भी रिश्तों के स्वरूप को बदल दिया है। आज लोग अपने निजी जीवन की चमकदार तस्वीरें दुनिया के सामने प्रस्तुत करते हैं, लेकिन वास्तविकता कई बार उससे बिल्कुल अलग होती है। डिजिटल दुनिया में बनाई गई छवि और वास्तविक जीवन के बीच का अंतर कई बार गंभीर मानसिक और सामाजिक समस्याओं को जन्म देता है। पुणे मामले में भी जांच एजेंसियों ने सोशल मीडिया चैट और डिजिटल साक्ष्यों को महत्वपूर्ण माना है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि आधुनिक अपराधों की जांच में तकनीक की भूमिका कितनी बढ़ चुकी है। समाज के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि नैतिक मूल्यों को कैसे मजबूत किया जाए। केवल कानून अपराध होने के बाद कार्रवाई कर सकता है, लेकिन अपराध होने से पहले उसे रोकने का काम परिवार समाज और शिक्षा व्यवस्था को करना होगा। बच्चों और युवाओं को यह सिखाना आवश्यक है कि किसी भी रिश्ते की नींव ईमानदारी और सम्मान पर टिकी होती है। यदि किसी संबंध में असहमति है तो उसका समाधान संवाद से होना चाहिए, न कि छल या हिंसा से। परिवारों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज व्यस्त जीवनशैली के कारण परिवारों के बीच संवाद कम होता जा रहा है। कई युवा अपनी भावनात्मक समस्याओं और व्यक्तिगत संघर्षों को साझा नहीं कर पाते। परिणामस्वरूप वे गलत निर्णयों की ओर बढ़ जाते हैं। यदि परिवारों में खुला संवाद और विश्वास का वातावरण हो तो अनेक संकटों को समय रहते रोका जा सकता है। कानून व्यवस्था के स्तर पर भी ऐसे मामलों में त्वरित और निष्पक्ष जांच जरूरी है ताकि अपराधियों को स्पष्ट संदेश मिले कि किसी भी परिस्थिति में हिंसा स्वीकार्य नहीं है। साथ ही समाज को भी यह समझना होगा कि प्रेम का अर्थ अधिकार नहीं बल्कि सम्मान है। यदि कोई रिश्ता नहीं निभ सकता तो उसे समाप्त किया जा सकता है, लेकिन किसी व्यक्ति के जीवन को समाप्त करने का अधिकार किसी को नहीं है।

पुणे की यह घटना एक चेतावनी है कि आधुनिकता के साथ यदि नैतिकता और जिम्मेदारी का संतुलन नहीं रखा गया तो समाज गंभीर संकटों का सामना करेगा। रिश्तों में बढ़ता अविश्वास परिवार संस्था को कमजोर कर सकता है। प्रेम यदि ईमानदारी से जुड़ा हो तो जीवन को संवारता है लेकिन यदि उसमें छल और स्वार्थ प्रवेश कर जाए तो वही प्रेम विनाश का कारण बन सकता है। आज आवश्यकता केवल इस एक घटना पर चर्चा करने की नहीं बल्कि उन सामाजिक कारणों को समझने की है जो ऐसे अपराधों को जन्म देते हैं। रिश्तों में पारदर्शिता, नैतिक शिक्षा, पारिवारिक संवाद और कानून का भय इन सभी तत्वों को मजबूत करना होगा। तभी समाज विश्वास और मानवीय मूल्यों की उस राह पर आगे बढ़ सकेगा, जहां प्रेम जीवन का आधार बने, न कि किसी त्रासदी की वजह।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

# स्वतंत्रता दिवस स्व नियंत्रण का पर्व



संकलित

## दर्शन

स्वाधीनता अर्थात स्व के अधीन होने का पर्व। स्व नियंत्रण का पर्व, जहां पर स्व की इच्छाओं की प्रधानता हो, स्वयं पर स्वयं का नियंत्रण हो। वास्तव में भारत पर भारत का ही नियंत्रण हो सकता है। इस विशाल, समृद्ध, संस्कार और संस्कृति से युक्त राष्ट्र पर नियंत्रण करने की कोशिश तो बहुत से राष्ट्रों द्वारा की गई, परंतु भारत विशाल हृदय और समृद्ध विरासत के साथ सदैव खड़ा रहा। हिमालय जैसे विशाल हृदय, गंगा जैसी पावनता व वेदों के विशाल ज्ञान के भंडार के साथ जीवंत व जाग्रत बना रहा और आगे भी रहेगा। भारत ने महाभारत देखी, भारत ने राम-भरत का प्रेम देखा, कृष्ण-सुदामा की मित्रता देखी। वर्तमान भारत विश्व पटल पर अपना उत्कृष्ट स्थान रखता है। अब हम एक ऐसे भारत की ओर बढ़ें, जहां नक्शे में हर भारतीय के हस्ताक्षर हों। ऐसा भारत, जहां भारत माता की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले और धरती के गर्भ से अन्न पैदा करने के लिए पसीना बहाने वालों के लिए उपयुक्त स्थान हो। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त कहते हैं, 'सब तीर्थों का एक तीर्थ यह, हृदय पवित्र बना लें हम, आओ यहां अजातशत्रु बन, सबको मित्र बना लें हम। भारत माता का मंदिर यह, समता का संवाद जहां, सबका शिव कल्याण यहां है, पावें सभी प्रसाद यहां।' ऐसे भाव जहां हों, वह राष्ट्र केवल गौरव का अधिकारी है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इसीलिए कहा, 'भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, जीता जागता राष्ट्रपुरुष है। इसका कंकर-कंकर शंकर है, इसका बिंदु-बिंदु गंगाजल है।

# भगवान को धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित

## प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सुरक्षा मानकों पर उठते सवाल

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में 22 जून को एक दो-मंजिला व्यावसायिक भवन में लगी भीषण आग ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस दर्दनाक हादसे में तीन महिलाओं सहित 15 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि सात अन्य घायल बताए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मृतकों में अधिकांश विद्यार्थी थे, जो भवन की दूसरी मंजिल पर संचालित डिजिटल लाइब्रेरी और एनिमेशन सेंटर में अध्ययन कर रहे थे। आग ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एक पेट शॉप में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और कुछ ही मिनटों में पूरे भवन में फैल गई। यह भी सामने आया है कि प्रवेश द्वार थंब इम्प्रेशन प्रणाली से संचालित था, जो आपातकालीन स्थिति में समय पर नहीं खुल पाया। क्या सुरक्षा एजेंसी ने कभी सुरक्षा मानकों का जायजा लिया। *– विवेक चौहान, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### कॉरिडोर विज़न



असम एक्सप्रेसवे और हाई-स्पीड कॉरिडोर का एक नेटवर्क बना रहा है ताकि हर इलाके तक यात्रा का समय मौजूदा 13-15 घंटे से घटकर 6 घंटे के दायरे में आ जाए। बड़े सिलीगुड़ी-सिलचर कॉरिडोर विज़न के तहत सिलचर-शिलांग सेक्शन पर काम पहले ही चल रहा है।
**- हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### महत्वपूर्ण कदम



आज झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक नई शुरुआत हुई है। न केवल डॉक्टरों, बल्कि अस्पताल प्रबंधकों और वित्त प्रबंधकों की नियुक्ति से अस्पताल प्रबंधन को अधिक पेशेवर, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।
**- हेमंत सोरेन,** सीएम, झारखंड

### लखनऊ अग्निकांड



लखनऊ अग्निकांड जैसी जानलेवा घटनाएं अनगिनत परिवारों की उम्मीदें तोड़ देती हैं। ऐसी दुखद घटनाओं को रोकने के लिए सही ढंग से काम करने की ज़रूरत है। सिर्फ़ एक-दूसरे पर आरोप लगाने से काम नहीं चलेगा। **- मायावती,** पूर्व सीएम, उप्र

### छात्रों की आवाज़



लाखों छात्रों का भविष्य बर्बाद हो गया है, नीट पेपर लीक की वजह से 20 बच्चों ने अपनी जान दे दी...लेकिन मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपनी कुर्सी से चिपके हुए हैं और इंटरव्यू देते समय "छात्रों की आवाज़" को "आतंकवादी" कह रहे हैं।
**- मल्लिकार्जुन खड़गे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

## करंट अफेयर

# चीनी कंप्यूटर 'लाइनशाइन' ने अमेरिकी कंप्यूटर को पछाड़ा

चीन का एक सुपरकंप्यूटर अमेरिकी मशीनों को पछाड़कर अब दुनिया का सबसे शक्तिशाली कंप्यूटर बन गया है। वर्ष 2017 के बाद यह पहला मौका है जब किसी चीनी कंप्यूटर ने उस सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है जिसे प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में किसी देश की क्षमता के पैमाने के रूप में भी अकसर देखा जाता है। चीन के शेनझेन में स्थित 'लाइनशाइन' कंप्यूटर ने मंगलवार को घोषित 'टॉप500' कंप्यूटर की रैंकिंग के हालिया संस्करण में अमेरिकी कंप्यूटर 'एल कैपिटन' को पछाड़ दिया। 'टॉप500' परियोजना से जुड़े वैज्ञानिकों ने बताया कि चीन के राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग केंद्र में स्थित 'लाइनशाइन' कंप्यूटर ने 2.198 एक्साफ्लॉप्स की क्षमता हासिल की है।




इसका अर्थ है कि यह प्रति सेकंड दो क्विंटिलियन (10 की घात 18) से अधिक गणनाएं कर सकता है। अमेरिकी सरकार की कैलिफोर्निया स्थित 'लॉरेंस लिवरमोर नेशनल लेबोरेटरी' का 'एल कैपिटन' अब दूसरे स्थान पर है। इसके बाद टेनेसी और इलिनॉय की राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में स्थित दो अन्य अमेरिकी सुपरकंप्यूटर का स्थान है। जर्मनी का 'जुपिटर' सुपरकंप्यूटर खिसककर पांचवें स्थान पर आ गया है। ये पांचों दुनिया के एकमात्र ऐसे 'एक्सास्केल' कंप्यूटर हैं, जिनकी क्षमता की सार्वजनिक रूप से पुष्टि की गई है।

## ऑफ बीट

# पृथ्वी का ज्ञात क्रेटर तीन अरब वर्ष से भी अधिक पुराना

पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पिलबारा क्षेत्र में स्थित प्राचीन चट्टानों पर किए गए एक नए अध्ययन में पुष्टि हुई है कि पृथ्वी पर ज्ञात सबसे पुराना क्रेटर 3.024 अरब वर्ष से अधिक पुराना है। कर्टिन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक क्रिस किर्कलैंड के नेतृत्व में किए गए इस अध्ययन में पाया गया कि उत्तरी ध्रुव के झुकाव वाले क्षेत्र में मौजूद भूगर्भीय संरचना एक विशाल उल्कापिंड टक्कर का परिणाम है, जो आर्कियन काल (4 से 2.5 अरब वर्ष पूर्व) में हुई थी।



इस क्षेत्र की चट्टानें लगभग 3.5 अरब वर्ष पुरानी ज्वालामुखीय चट्टानें हैं, जिनमें 'शॉटर कोन्स' पाए गए हैं। ये संरचनाएं अत्यधिक दबाव और झटके का संकेत देती हैं, जो किसी उल्कापिंड के टकराने से उत्पन्न होते हैं। शोधकर्ताओं ने इन चट्टानों के भीतर मौजूद सूक्ष्म खनिजों का विश्लेषण कर उनकी आयु निर्धारित की। विशेष रूप से जिरकॉन के क्रिस्टलों में यूरेनियम-सीसा डेटिंग तकनीक का उपयोग किया गया। यह तकनीक रेडियोधर्मी क्षय के सिद्धांत पर आधारित होती है और अत्यंत प्राचीन घटनाओं की सटीक आयु निर्धारित करने में सहायक होती है। अध्ययन में पाया गया कि कुछ जिरकॉन क्रिस्टल 3.4 अरब वर्ष से भी पुराने थे, जो संभवतः उस प्राचीन चट्टान का हिस्सा थे जिस पर उल्कापिंड का प्रभाव पड़ा था।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध पार्किंग, अतिक्रमण के खिलाफ एनएचएआई का बड़ा अभियान, 595 स्थान चिह्नित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और यातायात को बाधारहित बनाने के उद्देश्य से ने देशभर में अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के खिलाफ व्यापक अभियान तेज कर दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों को अधिक सुरक्षित, सुगम और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाना है। एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे वाहनों की अनधिकृत पार्किंग, सड़क किनारे अतिक्रमण और अनियंत्रित गतिविधियां न केवल यातायात व्यवस्था को प्रभावित करती हैं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ाती हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए देशभर में ऐसे 595 संवेदनशील स्थानों की पहचान की गई है, जहां अवैध पार्किंग की समस्या गंभीर रूप से सामने आई है। प्राधिकरण इन स्थानों से अवैध पार्किंग हटाने के लिए राज्य सरकारों, जिला प्रशासन और प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय कर रहा है। चिन्हित स्थलों का भौगोलिक विवरण (लॉन्गिट्यूड और लैटीट्यूड) भी संबंधित एजेंसियों को उपलब्ध कराया गया है ताकि कार्रवाई अधिक प्रभावी ढंग से की जा सके।



### अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान

एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों से अतिक्रमण हटाने के लिए कंट्रोल ऑफ नेशनल हाईवेज (लैंड एंड ट्रैफिक) एक्ट, 2002 के तहत कार्रवाई तेज कर दी है। प्राधिकरण का कहना है कि राजमार्गों पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण यातायात सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। इस दिशा में संस्थागत समन्वय को मजबूत करने के लिए एनएचएआई राज्य सरकारों के साथ मिलकर जिला राजमार्ग सुरक्षा टास्क फोर्स के गठन और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति पर भी काम कर रहा है। ये अधिकारी सुरक्षा मानकों के अनुपालन की निगरानी करेंगे और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय सुनिश्चित करेंगे।

### हाईवे निगरानी व्यवस्था होगी और मजबूत

सड़क सुरक्षा को और प्रभावी बनाने के लिए एनएचएआई ने अपने सभी क्षेत्रीय कार्यालयों को एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की तत्काल समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि ट्रैफिक मॉनिटरिंग कैमरे, वीडियो इंसिडेंट डिटेक्शन सिस्टम, वैरिएबल स्पीड डिटेक्शन सिस्टम, वैरिएबल मैसेज साइन बोर्ड और इमरजेंसी कॉल बॉक्स पूरी तरह कार्यशील हों। इसके अलावा राजमार्गों पर एम्बुलेंस और रिकवरी वाहनों की उपलब्धता बढ़ाने, हाईवे पेट्रोलिंग को सशक्त बनाने तथा एटीएमएस अलर्ट को प्रवर्तन एजेंसियों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इससे दुर्घटना या अन्य आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया संभव हो सकेगी।

### यात्रियों और माल परिवहन को मिलेगा लाभ

एनएचएआई का मानना है कि अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटने से राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात अधिक सुचारु होगा, यात्रा समय कम होगा और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। साथ ही माल परिवहन की गति बढ़ने से लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा।

### अधिक सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही

प्राधिकरण ने कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय राजमार्गों को अधिक सुरक्षित बनाने और देशभर में यात्री तथा माल परिवहन की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सड़क सुरक्षा, प्रभावी निगरानी और सख्त प्रवर्तन के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को आधुनिक और विश्वस्तरीय बनाने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राहुल गांधी के बयानों पर हमलावर हुई भाजपा

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख मालवीय ने कहा 36 राफेल विमानों के सपोर्ट टेंडर ने पाकिस्तानी प्रोपेगैंडा की खोली पोल

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों और बयानों का हवाला देते हुए उन्हें कठघरे में खड़ा किया। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने आरोप लगाया कि जब पाकिस्तान राफेल जेट्स को गिराने के दावे कर रहा था, तब राहुल गांधी ने इस्लामाबाद से सबूत मांगने के बजाय केंद्र सरकार से सवाल पूछे। यह नया राजनीतिक हमला तब हुआ जब भाजपा ने एयर फोर्स के हालिया टेंडर का जिक्र किया। इस टेंडर में सभी 36 फाइटर जेट्स के लिए सपोर्ट पैकेज का मांगा गया था। राहुल पर तीखा हमला बोलते हुए मालवीय ने आरोप लगाया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राहुल ने ऐसी बातें कहीं जो पाक के प्रोपेगैंडा जैसी थीं। भाजपा ने इसे इस बात का सबूत बताया कि संघर्ष के दौरान कई राफेल गिराने का पाकिस्तान का पुराना दावा गलत साबित होता है। मालवीय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, जब भारत राष्ट्रीय सुरक्षा की एक गंभीर चुनौती का सामना कर रहा था, तब राहुल ने ऐसे सवालों और बातों को बढ़ावा दिया जो भारतीय राफेल फाइटर जेट्स के बारे में पाक के प्रोपेगैंडा से मेल खाते थे। आईएएनएस के अनुसार वायु सेना ने अपने पूरे राफेल बेड़े के लिए पांच महीने का ब्रिज सपोर्ट पैकेज (रखरखाव और तकनीकी सहायता) मांगा है। इस सरकारी दस्तावेज में साफ-साफ लिखा है कि यह रखरखाव सभी 36 राफेल विमानों के लिए है।

## कोलकाता में तारातला में निर्माणाधीन गोदाम ढहा

# 5 लोगों के मौत की आशंका व 55 लोग अभी भी फंसे, सेना ने संभाला मोर्चा

ट्रांसपोर्ट डिपो रोड पर हुआ यह हादसा

### पुलिस और प्रशासन की टीमें तुरंत मौके पर पहुंची, सीएम सुवेंदु ने भी लिया जायजा



**हादसे के समय छत की ढलाई हो रही थी**

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम कोलकाता के तारातला इलाके में बुधवार दोपहर एक भयानक हादसा हो गया। यहां ट्रांसपोर्ट डिपो रोड पर एक तीन मंजिला निर्माणाधीन गोदाम अचानक गिर गया। इस हादसे में अब तक 5 लोगों की मौत की आशंका है। 55 लोगों के फंसे होने की भी खबर है। मलबे के नीचे अभी भी कई लोगों के दबे हैं। पुलिस और प्रशासन की टीमें राहत और बचाव अभियान में जुटी हैं। सीएम सुवेंदु अधिकारी भी स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने बताया कि अब तक 10 लोगों को मलबे से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। सभी को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। यह हादसा दोपहर करीब 12 बजे ब्रेस ब्रिज के पास हुआ। चश्मदीदों ने बताया कि मलबे के नीचे से लोगों के चीखने-चिल्लाने और मदद की आवाजें आ रही थीं। बचाव दल के सदस्य निकलने के प्रयास में जुटे हैं।

मृतकों की संख्या और बढ़ने के आसार



क्रेन की मदद से मलबा हटाया जा रहा

बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त गोदाम की छत की ढलाई (कास्टिंग) का काम चल रहा था। इमारत की पहली और दूसरी मंजिल का ढांचा तैयार हो चुका था और ग्राउंड फ्लोर पर निर्माण कार्य जारी था। इस दौरान अचानक पूरी इमारत भरभरा कर गिर गई, जिससे लोहे के भारी बीम और कंक्रीट का बड़ा ढेर लग गया और वहां काम कर रहे मजदूर नीचे दब गए।

**क्रेन और मशीनों से हटाया मलबा**

राहत और बचाव का काम बहुत तेजी से चल रहा है। कोलकाता पुलिस, आपदा प्रबंधन समूह , नागरिक सुरक्षा और दमकल विभाग की टीमें मौके पर तैनात हैं। सेना के अधिकारी भी बचाव कार्य में मदद कर रहे हैं। लोहे के बीम और कंक्रीट को काटने के लिए गैस कटर और वर्टिकल ड्रिलिंग मशीनों का इस्तेमाल किया

### 11 घायलों को ट्रॉमा केयर सेंटर लाया गया

बंगाल की मंत्री अग्निमित्रा पॉल कोलकाता के तारातला में निर्माणाधीन गोदाम शेड के गिरने वाली जगह पर पहुंचीं। यहां खोज और बचाव अभियान चल रहा है। अब तक 11 घायलों को एसएसकेएम अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर लाया गया है।

### घटिया सामग्री और अवैध निर्माण के आरोप

दमकल विभाग के एक अधिकारी ने आरोप लगाया कि गोदाम के निर्माण में घटिया दर्जे की सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा था। वहीं, स्थानीय लोगों ने शिकायत की है कि इस इलाके में पिछले काफी समय से बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण कार्य चल रहे हैं।

### अफसरों को दिए निर्देश

### सीएम सुवेंदु ने जताया दुख तेजी से बचाव कार्य के निर्देश



मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को तेजी से बचाव कार्य करने के निर्देश दिए। अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि इस त्रासदी को व्यक्त करने शब्द नहीं हैं। सेना, एनडीआरएफ , एसडीआरएफ , कोलकाता पुलिस और नगर निगम मिलकर युद्धस्तर पर बचाव अभियान चला रहे हैं।

### कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट की लापरवाही से गई कई जानें: सीपीआईएम

सीपीआईएम नेता फ़ैयाज़ अहमद खानने कहा कि गोदाम में 50 से 60 मजदूर मौजूद थे, जिनमें से कई मलबे के नीचे दब गए। कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट को इसकी ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए। स्थानीय प्रशासन को भी ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए क्योंकि निवासियों ने कई बार शिकायत की थी। उन्होंने कोलकाता म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन से भी शिकायत की थी कि यहां गैर-कानूनी काम हो रहा है। लेकिन अगर अधिकारी सब कुछ नज़रअंदाज़ करते हैं।

## मुजफ्फरनगर बंधुआ मजदूरी कांड पर राहुल गांधी की टीस

# यह अपराध नहीं, चरमराती अर्थव्यवस्था का मलबा है...

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के मुज़फ्फरनगर में सामने आए कथित बंधुआ मजदूरी और अमानवीय उत्पीड़न के मामले पर कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र और राज्य सरकारों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस घटना को 'इंसानी गरिमा पर हमला' बताते हुए पीड़ित मजदूरों को न्याय, पुनर्वास और दोषियों को कठोरतम सजा देने की मांग की है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि मुज़फ्फरनगर में मजदूरों के साथ हुई क्रूरता बेहद चौंकाने वाली और शर्मनाक है। उन्होंने आरोप लगाया कि मजदूरों से बिना मजदूरी दिए काम कराया गया, उन्हें कुत्तों से कटवाया गया, भालों से गोदा गया, कोड़े मारे गए और यहां तक कि उन्हें मवेशियों का चारा खाने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्गों के शोषण और आर्थिक बदहाली की भयावह तस्वीर भी पेश करता है। राहुल गांधी ने कहा, यह इंसानी गरिमा पर सीधा हमला है। पीड़ितों को न्याय मिलने के साथ-साथ उनका समुचित पुनर्वास भी होना चाहिए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

### मजबूरी में फंसते हैं मजदूर

कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यह सवाल भी उठाया कि आखिर मजदूर ऐसी खतरनाक परिस्थितियों में फंसने को मजबूर क्यों हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जब रोजगार के अवसर कम होते जाते हैं, आमदनी ठहर जाती है और गरीबों एवं कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए बने मनरेगा तथा श्रम कानूनों जैसे तंत्र कमजोर पड़ते हैं, तब लोगों की मजबूरियां बढ़ जाती हैं। राहुल गांधी के अनुसार, जिन लोगों के पास रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और वैकल्पिक साधनों का अभाव होता है, वे आसानी से शोषण और अत्याचार का शिकार बन जाते हैं।

### सरकार की आर्थिक नीतियों पर निशाना

राहुल गांधी ने इस घटना को देश की आर्थिक स्थिति से जोड़ते हुए कहा कि यह कोई सामान्य आपराधिक घटना नहीं है। उन्होंने कहा, ्यह एक धराशायी होती अर्थव्यवस्था का मलबा है। कांग्रेस नेता ने अप्रत्यक्ष रूप से केंद्र सरकार की आर्थिक और श्रम नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि कमजोर वर्गों के लिए सुरक्षा कवच को मजबूत करने की जरूरत है, ताकि मजदूरों को ऐसी परिस्थितियों का सामना न करना पड़े।

### मामले ने खड़े किए गंभीर सवाल

मुज़फ्फरनगर की इस घटना ने बंधुआ मजदूरी, श्रमिक अधिकारों और ग्रामीण गरीबों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मानवाधिकार संगठनों और विपक्षी दलों ने मामले की निष्पक्ष जांच, पीड़ितों की सुरक्षा और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह मुद्दा आने वाले दिनों में श्रमिक अधिकारों, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा को लेकर राष्ट्रीय बहस का विषय बन सकता है।

## पहले चरण के तहत 13 शहरी नदी प्रबंधन योजनाएं पूरी हुईं, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार में विस्तार कार्य जारी रहेगा

# एनएमसीजी ने गंगा बेसिन के 63 शहरों में शहरी नदी प्रबंधन योजनाओं का विस्तार किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) ने राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान (एनआईयूए) के सहयोग से नदी-केंद्रित शहरी नियोजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, 13 शहरों के लिए शहरी नदी प्रबंधन योजनाएं (यूआरएमपी) पूरी कर ली हैं। इस प्रगति को आगे बढ़ाते हुए, चरण-1 के तहत 27 शहरों और चरण-2 के तहत 33 अतिरिक्त शहरों के लिए यूआरएमपी तैयार की जा रही हैं, जिससे गंगा बेसिन के कुल शहरों की संख्या 60 तक पहुंच जाएगी। नमामि गंगा कार्यक्रम के तहत समर्थित यह पहल, नदी स्वास्थ्य को शहरी नियोजन के साथ एकीकृत करने के विश्व के सबसे बड़े समन्वित प्रयासों में से एक है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिसंबर 2019 में कानपुर में आयोजित राष्ट्रीय गंगा परिषद की बैठक में व्यक्त किए गए विजन पर आधारित है, जिसमें उन्होंने शहर-केंद्रित विकास से हटकर नदी-केंद्रित विजन अपनाने का आह्वान किया था, जो नदियों को शहरी नियोजन और नागरिक जीवन के केंद्र में रखता है। यह पहल उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार के शहरों में किए जा रहे उन प्रयासों पर भी प्रकाश डालती है, जहां पारिस्थितिक बहाली, प्रदूषण नियंत्रण, बाढ़ से निपटने की क्षमता, सांस्कृतिक विरासत संरक्षण, पर्यावरण-पर्यटन और नागरिक भागीदारी के लिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप रणनीतियां विकसित की जा रही हैं।

मूल रूप से, शहरी नदी प्रबंधन योजना (यूआरएमपी) ढांचा तीन प्रमुख स्तंभों - पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक - के माध्यम से शहरी नदी प्रबंधन को संबोधित करता है। इसके व्यापक दस-सूत्री एजेंडा में बाढ़ के मैदानों का विनियमन, प्रदूषण नियंत्रण, आर्द्रभूमि और जल निकायों का पुनरुद्धार, नदी तट सुरक्षा प्रणालियों का संवर्धन, उपचारित जल का पुनः उपयोग, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील नदी तट विकास, गुणवत्तापूर्ण जल प्रवाह सुनिश्चित करना, नदी संसाधनों का आर्थिक उपयोग और सतत नागरिक सहभागिता शामिल हैं।

यह पहल एनआईयूए द्वारा एनएमसीजी के सहयोग से अयोध्या, कानपुर और छत्रपति संभाजी नगर जैसे शहरों में चलाए गए सफल पायलट प्रोजेक्टों पर आधारित है। इन पायलट प्रोजेक्टों ने यह प्रदर्शित किया कि एक ही मॉडल को सभी पर लागू करने के बजाय, शहरी नदी प्रबंधन योजनाओं (यूआरएमपी) को स्थानीय सांस्कृतिक, पर्यावरणीय और आर्थिक संदर्भों के अनुरूप कैसे ढाला जा सकता है।

इन परिणामों से उत्साहित होकर, कार्यक्रम को अब चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जा रहा है। विश्व बैंक के सहयोग से, पहले चरण के तहत उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के 27 शहरों के लिए शहरी नदी प्रबंधन योजनाओं (यूआरएमपी) विकसित की जा रही हैं, जिनमें ऊपरी बेसिन में गंगोत्री और ऋषिकेश से लेकर पूर्वी क्षेत्र में हावड़ा, आसनसोल और दुर्गापुर तक के विविध भौगोलिक क्षेत्र शामिल हैं।

इनमें से 13 शहरों की यूआरएमपी योजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं, जबकि 12 अतिरिक्त शहरों की योजनाओं को मार्च 2027 (वित्तीय वर्ष 2026-27) तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

हल्द्वानी-काठगोदाम, रामनगर, ऋषिकेश, गोरखपुर, शाहजहांपुर, बिजनौर, प्रयागराज, मिर्जापुर, छपरा, बक्सर और गया सहित कई शहरों के लिए शहरी नदी प्रबंधन योजनाएं (यूआरएमपी) पूरी हो चुकी हैं। गंगा के मुख्य मार्ग पर स्थित सभी 97 शहरों को शामिल करने की दीर्घकालिक परिकल्पना के साथ, यह पहल नदी बेसिन में नदी-संवेदनशील शहरी नियोजन के लिए एक राष्ट्रीय स्तर पर सुसंगत लेकिन स्थानीय स्तर पर अनुकूलनीय ढांचा स्थापित करना चाहती है।

## प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने हरियाणा पुलिस की कार्रवाई की सराहना की

# पंजाब के सीएम भगवंत मान ने आस्था का अपमान किया, तुरंत कुर्सी छोड़ें : अर्चना गुप्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को धर्म गुरूओं का अपमान करने और झूठी फॉरेंसिक रिपोर्ट तैयार करने के मामले में घेरा है।

डॉ. अर्चना गुप्ता ने नारनौल में एक प्रेसवार्ता में कहा कि पंजाब के सीएम भगवंत मान को तुरंत अपना इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि किस तरह भगवंत मान ने पहले सिख गुरूओं का अपमान किया यह सभी ने वायरल वीडियो में देखा और अब भगवंत मान ने उस वीडियो को फर्जी साबित करने के लिए किस तरह से फर्जी फॉरेंसिक रिपोर्ट बनवाई यह बात भी अब साफ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि ऐसे मुख्यमंत्री भगवंत मान को पद पर रहने का अब कोई अधिकार नहीं है।

प्रेसवार्ता के दौरान विधायक ओम प्रकाश यादव, विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व मंत्री डा. अभय सिंह यादव, जिला अध्यक्ष डा. यतेंद्र राव, प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, एडवोकेट राजेश शर्मा, नगरपरिषद अध्यक्ष कमलेश सैनी और जिला मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल भी मौजूद रहे।

डॉ. अर्चना गुप्ता ने पंजाब के सीएम मान पर निशाना साधते हुए कहा कि वायरल वीडियो को फर्जी साबित करने के लिए पंजाब सरकार और पुलिस ने पूरा जोर लगा दिया। उन्होंने कहा कि असली वीडियो को नकली साबित करने के लिए फर्जी फॉरेंसिक रिपोर्ट तैयार करवाना कानूनन अपराध है। पंजाब पुलिस ने भगवंत मान को बचाने के लिए अनुकूल रिपोर्ट हासिल करने का प्रयास किया, लेकिन हरियाणा सरकार और गुरुग्राम पुलिस ने तथ्यों को सामने लाकर सच्चाई उजागर कर दी।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि सिरसा निवासी जसप्रीत सिंह द्वारा किए गए खुलासे ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि जसप्रीत सिंह ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान से जुड़े वीडियो के संबंध में अनुकूल फॉरेंसिक रिपोर्ट तैयार करवाने का दबाव बनाया गया था। गुप्ता ने कहा कि पंजाब की जनता पूरे मामले की सच्चाई जान चुकी है और अब भगवंत मान को पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है।

## सीएम मोहन यादव के परिजनों की जमीन खरीद पर कांग्रेस का हमला, पटवारी और खेड़ा ने लगाए कई आरोप

# मप्र जमीन खरीदी पर कांग्रेस की मांग, सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में हो जांच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के परिजनों द्वारा कथित रूप से बड़े पैमाने पर भूमि खरीद के मामले को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को बड़ा राजनीतिक हमला बोला। पार्टी ने आरोप लगाया कि उज्जैन और अन्य क्षेत्रों में हुई जमीन खरीद में सत्ता और प्रभाव का दुरुपयोग किया गया है तथा पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा न्यायाधीश की निगरानी में कराई जानी चाहिए।

कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संयुक्त रूप से पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, उनके परिजनों द्वारा की गई कथित भूमि खरीद को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं, लेकिन भाजपा



अब तक चुप्पी साधे हुए है। पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के परिवार ने उन क्षेत्रों में जमीन खरीदी, जहां बाद में विकास परियोजनाएं प्रस्तावित या क्रियान्वित हुईं। उन्होंने इसकी तुलना शेयर बाजार में होने वाली ्इनसाइडर ट्रेडिंग् से करते हुए कहा कि सत्ता में बैठे लोगों को आगामी परियोजनाओं और नीतिगत फैसलों की पूर्व जानकारी होती है, जिसका अनुचित लाभ नहीं उठाया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह मामला केवल जमीन खरीद तक सीमित नहीं है, बल्कि सार्वजनिक पद की गरिमा और जवाबदेही से भी जुड़ा है।

उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह अपने नेताओं से जुड़े मामलों में जवाब देने के बजाय उन्हें संरक्षण देने का काम करती है। खेड़ा ने धार्मिक आस्था के मुद्दे को भी उठाते हुए कहा कि भाजपा ने बार-बार लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर उज्जैन जैसे धार्मिक महत्व वाले शहर में जमीन खरीद को लेकर सवाल उठ रहे हैं, वहीं अयोध्या राम मंदिर से जुड़े मामलों पर भी विवाद सामने आए हैं।

### 30 घंटे बाद भी सरकार खामोश

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि इस कथित भूमि खरीद से संबंधित समाचार प्रकाशित हुए 30 घंटे से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन न तो मुख्यमंत्री कार्यालय और न ही भाजपा की ओर से कोई स्पष्ट खंडन आया है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि समाचार रिपोर्ट गलत है तो संबंधित समाचार पत्र के खिलाफ अब तक कोई मानहानि का मुकदमा क्यों नहीं दायर किया गया। विदित हो कि दो दिन पहले दिल्ली के एक प्रतिष्ठित अंग्रेजी अखबार ने इस संबंध में विस्तार से खबरों का खुलासा किया था। मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा इस मुद्दे पर जवाब देने के बजाय इसे जातीय रंग देने की कोशिश कर रही है। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के उस बयान पर भी आपत्ति जताई, जिसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव को ओबीसी समुदाय से होने के कारण निशाना बनाए जाने की बात कही गई थी। पटवारी ने कहा, ्मुद्दा किसी की जाति नहीं, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही का है।

### मुख्यमंत्री से पूछे कई सवाल

कांग्रेस ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से सीधे जवाब मांगते हुए पूछा कि क्या उनके परिवार ने संबंधित जमीनें खरीदी हैं? क्या विकास परियोजनाओं और कॉरिडोर से जुड़ी नीतियों में बदलाव किया गया था? और क्या इन परियोजनाओं की समय-सीमा सार्वजनिक की जाएगी? पार्टी ने यह भी मांग की कि मुख्यमंत्री वर्ष 2023 से अब तक अपने परिवार के स्वामित्व वाली सभी जमीनों का विवरण सार्वजनिक करें और मामले की न्यायिक जांच के लिए सहमति दें।

### यह सिर्फ शुरुआत है

पटवारी ने दावा किया कि भूमि खरीद विवाद भ्रष्टाचार के कई मामलों की श्रृंखला का पहला मामला है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के दिनों में छह विभागों में तबादलों से जुड़े करीब एक हजार करोड़ रुपए के कथित 'ट्रांसफर उद्योग' और लगभग 500 करोड़ मूल्य की भूमि को मात्र एक रुपए में एक ट्रस्ट को सौंपे जाने जैसे मामले भी सामने आए हैं। कांग्रेस ने कहा कि लोकतंत्र में सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच होना आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### यस बैंक कोष जुटाने पर 29 जून को करेगा विचार




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के यस बैंक का निदेशक मंडल 29 जून को होने वाली बैठक में कोष जुटाने पर विचार करेगा। यस बैंक ने कहा कि निदेशक मंडल यह तय करेगा कि इक्विटी प्रतिभूतियां जारी करके पूंजी जुटाई जाए या नहीं। बैंक ने बताया कि इसके अलावा बॉन्ड के जरिये भी कोष जुटाने के विकल्पों पर विचार किया जाएगा।

### सरकार आईआरएफसी में दो फीसदी हिस्सेदारी बेचेगी




**नई दिल्ली।** सरकार भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) में दो प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचने के लिए बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाएगी। हिस्सेदारी बिक्री 91 रुपये प्रति शेयर के भाव पर की जाएगी। आईआरएफसी के लिए 91 रुपये प्रति शेयर का भाव मंगलवार के बंद मूल्य से 7.79 प्रतिशत कम है।

### रुपया 11 पैसे चढ़कर 94.65 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 11 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.65 (अस्थायी) पर रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से घरेलू मुद्रा को बल मिला। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 2.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75.50 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सैलरी के मामले में मस्क के पीछे खड़े है भारतीय सीईओ मित्रा, रोज कमा रहे 21 करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया में सबसे अधिक वेतन पाने वाले अधिकारियों की ग्लोबल लिस्ट में टेस्ला सीईओ और दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क पहले पायदान पर हैं।

■ सीईओ के रूप में टेस्ला के मस्क को 158 .4 अरब डॉलर का पैकेज

सीईओ के रूप में एलन मस्क को टेस्ला से 158.4 अरब डॉलर का पैकेज मिला है। इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं भारतवंशी शंख मित्रा। अमेरिका की मशहूर कंपनी 'वेलटॉवर'के सीईओ शंख मित्रा का पैकेज 821 मिलियन डॉलर यानी 7775 करोड़ रुपए है। अगर इस जादुई आंकड़े को दिनों के हिसाब से समझें, तो शंख मित्रा हर दिन के हिसाब से लगभग 21 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर रहे हैं।

## वेलटॉवर के सीईओ शंख मित्रा का पैकेज 821 मिलियन डॉलर

### सैलरी का 99 प्रतिशत हिस्सा शेयरों का

*द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शंख मित्रा को मिलने वाले इस भारी-भरकम पैकेज का 99 फीसदी हिस्सा कैश सैलरी के रूप में नहीं है, बल्कि उन्हें 'स्टॉक ग्रांट' यानी कंपनी के शेयरों के रूप में दिया गया है। इसमें पिछले साल अक्टूबर में दिए गए 789 मिलियन डॉलर के शेयर भी शामिल हैं। जैसे-जैसे कंपनी का कारोबार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे मस्क की ही तरह मित्रा के इन शेयर्स की वैल्यू भी बढ़कर अब 1 अरब डॉलर से अधिक हो चुकी है।*



### मित्रा के सामने काफी कड़ी शर्तें रखी गई

हर दिन 21 करोड़ रुपए घर ले जाने के लिए कंपनी ने उनके सामने कुछ बेहद कड़ी शर्तें भी रखी हैं। इस अवॉर्ड से जुड़े शेयरों का लगभग आधा हिस्सा शंख मित्रा को साल 2031 में तब मिलेगा, जब वे लगातार कंपनी के साथ बने रहेंगे। बाकी बचा आधा हिस्सा उन्हें तभी मिल पाएगा जब अगले पांच वर्षों में वेलटॉवर का मार्केट कैप कम से कम 45 फीसदी की रफ्तार से बढ़े और कंपनी का शेयर बाजार के कई प्रमुख सूचकांकों को पछाड़कर नंबर वन साबित हो।

**जादवपुर यूनिवर्सिटी से पढ़े हैं शंख मित्रा :** शंख मित्रा ने कोलकाता की जादवपुर यूनिवर्सिटी से इंस्ट्रूमेंटेशन और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में अपनी बीई की डिग्री ली थी। इसके बाद वे अपने सपनों को पूरा करने अमेरिका चले गए और वहां कोलंबिया बिजनेस स्कूल से एप्लाइड वैल्यू इन्वेस्टिंग में एमबीए किया।

### वेलटॉवर आवास व हेल्थकेयर से जुड़ी कंपनी

वेलटॉवर कोई आम कंपनी नहीं है, बल्कि यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए आलीशान आवास और हेल्थकेयर से जुड़ी संपत्तियों का मैनेजमेंट करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी रियल एस्टेट निवेश कंपनियों में से एक है। साल 2020 में कोरोना महामारी जैसे कठिन दौर में शंख मित्रा को कंपनी की कमान मिली थी। कंपनी को घाटे से निकालकर मुनाफे में ले आए।

***2016 में वेलटॉवर से जुड़े :*** *साल 2016 में वे एक सीनियर वाइस प्रेसिडेंट के रूप में वेलटॉवर से जुड़े थे। सिर्फ 4 साल के भीतर चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) से होते हुए 2020 में कंपनी के सर्वोच्च पद पर जा बैठे। आज वे अमेरिका की किसी भी लिस्टेड रियल एस्टेट निवेश कंपनी का नेतृत्व करने वाले सबसे महंगे और इकलौते भारतीय मूल के ग्लोबल लीडर बन चुके हैं।*

## आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने कहा, ब्याज दर बढ़ाना जल्दबाजी होगी

# आरबीआई 'देखो और इंतजार करो' की स्थिति में, रेपो दर बढ़ाने पर चर्चा जल्दबाजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि केंद्रीय बैंक पश्चिम एशिया की स्थिति पर नजर रख रहा है और इस समय नीतिगत ब्याज दर में वृद्धि के बारे में बातचीत करना जल्दबाजी होगी।

उन्होंने कहा, ''अगर हम सही में उन्हें (बाजार) नीतिगत दर बढ़ाने के लिए तैयार करना चाहते, तो हमें अपना रुख बदलना होगा...। अगर यह पक्का होता कि हम आने वाले महीनों में दर बढ़ाने वाले हैं, तो हम अपना 'तटस्थ' रुख को बदलकर 'सख्त' कर लेते? लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। गवर्नर ने कहा, ''इसलिए, मुझे लगता है कि नीतिगत दर बढ़ाने के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी। हमने बस इतना कहा है कि हम सतर्क हैं। हमें पता है कि महंगाई और वृद्धि, दोनों के मामले में जोखिम हो सकते हैं। खासकर महंगाई पर, क्योंकि यह ऊपरी सीमा के करीब पहुंच रही है...। हम सतर्क हैं और आंकड़ों पर नजर रखेंगे।

### महंगाई के व्यापक रूप लेने का कोई सबूत नहीं

महंगाई पर गवर्नर ने कहा कि आरबीआई बारीकी से नजर रख रहा है कि क्या ईंधन की वजह से थोक कीमतों पर बना दबाव पूरी अर्थव्यवस्था में फैल रहा है। उन्होंने कहा, ''सच कहूं तो हमें पक्का नहीं पता कि दूसरे दौर का प्रभाव होगा या नहीं। अगर हमें पक्का पता होता, तो मौद्रिक नीति समिति ने कोई कदम उठाया होता। मल्होत्रा ने कहा कि अभी तक केंद्रीय बैंक को महंगाई के व्यापक रूप लेने का कोई सबूत नहीं मिला है।



### खास बातें

- केंद्रीय बैंक पश्चिम एशिया की स्थिति पर नजर रख रहा
- नीतिगत दर बढ़ाने के लिए बाजार तैयार करना होगा
- महंगाई और वृद्धि, दोनों के मामले में जोखिम हो सकते हैं

### कच्चे तेल की कीमतें कम हुई है

मल्होत्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव में कमी पूरी दुनिया और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक बात है। यह वृद्धि और महंगाई, दोनों के लिए अच्छी खबर है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतें कम हुई हैं और यूरिया की कीमतें भी काफी घटी हैं। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को राहत मिली है।

### देखो और इंतजार करो की स्थिति में

गवर्नर ने कहा, ''जैसा कि हमने अपनी मौद्रिक नीति में कहा है कि हम 'देखो और इंतजार करो' की स्थिति में हैं। देखते हैं कि यह युद्धविराम कब तक चलता है और उसके आगे हम सभी के लिए बेहतर समय है। मल्होत्रा ने कहा कि हालांकि जोखिम कम हुए हैं, लेकिन नीति निर्माता अभी महंगाई परिदृश्य पर कोई ठोस नतीजा निकालने के लिए तैयार नहीं हैं।

### रेपो दर 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने की सहमति

उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में, आरबीआई ने पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी संघर्ष, ऊर्जा की ऊंची कीमतों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने के कारण वृद्धि और महंगाई पर बढ़ते जोखिमों के बीच अपनी नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। मौद्रिक नीति समिति ने आम सहमति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने और 'तटस्थ' रुख को कायम रखने का निर्णय किया।

### केंद्रीय बैंक ने वृद्धि अनुमान कम किया

केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान को कम किया है और 2026-27 में वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो अप्रैल के 6.9 प्रतिशत के अनुमान से कम है। यह अनुमान 2025-26 के लिए अनुमानित 7.6 प्रतिशत से भी कम है। आरबीआई ने 2026-27 के लिए महंगाई बढ़कर 5.1 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है जो पहले के 4.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है।

# नकली और अवैध उत्पादों पर सख्ती बढ़ाने की मांग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



फेडरेशन ऑफ रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफआरएआई) ने सरकार से अवैध व्यापार एवं नकली उत्पादों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने का बुधवार को आग्रह किया। संघ ने कहा कि इनका बढ़ता प्रसार उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए खतरा है और लाखों छोटे खुदरा व्यापारियों की आजीविका को नुकसान पहुंचा रहा है।

■ बढ़ता प्रसार उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए खतरा

एफआरएआई ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक संगोष्ठी में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय को एक ज्ञापन सौंपकर अवैध व्यापार एवं नकली उत्पादों पर रोक लगाने के लिए कड़े नीतिगत कदम उठाने की मांग की। संघ ने अवैध उत्पादों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, बार-बार नियम तोड़ने वालों पर कठोर दंड, डिजिटल मार्केटप्लेस की अधिक जवाबदेही, बेहतर निगरानी और बाजार निरीक्षण व्यवस्था तथा प्रवर्तन एवं नियामक एजेंसियों के बीच समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो और निष्पक्ष बाजार व्यवस्था को बढ़ावा मिल सके।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक गुप्ता, पुत्रः राम चरण गुप्ता, निवासीः एन–1/24, बुद्ध विहार, फेज–1, दिल्ली** ने **FIR No.: 612/2021, U/s: 406 IPC, पुलिस थाना विजय विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।


इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना विजय विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **दीपक गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 31.10.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शगुन
एलडी. जेएमएफसी, उत्तर–पश्चिम, कमरा नंबर–109,
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8458/RD/2026

# सोना 1,200 रुपये सस्ता, चांदी 4,000 रुपये टूटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतें 1,200 रुपये घटकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। वहीं चांदी की कीमत 4,000 रुपये टूट गई। ऐसा कमजोर वैश्विक रुख के बीच डॉलर के मजबूत होने की वजह से हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत मंगलवार के 1,49,300 रुपये के बंद स्तर से 1,200 रुपये घटकर 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। चांदी की कीमतों में भी लगातार दूसरे दिन गिरावट जारी रही और यह 4,000 रुपये टूटकर 2,31,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) रह गई। पिछले सत्र में यह 10,500 रुपये की भारी गिरावट के बाद 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी, जो दो सप्ताह से ज्यादा समय में सबसे बड़ी गिरावट थी। बहालिया गिरावट से चांदी की कीमतें अप्रैल की शुरुआत वाले स्तर पर आ गई हैं, जब यह 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही, क्योंकि डॉलर में तेज उछाल और सख्त मौद्रिक नीति की बढ़ती संभावना ने कीमती धातुओं पर दबाव बनाए रखा।''

## भारत की आर्थिक वृद्धि दर सुस्त पड़ने का अनुमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऊर्जा की कमी, सामान्य से कम मानसून और वैश्विक वृद्धि में सुस्ती के कारण चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बुधवार को यह अनुमान जताया। भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2025-26 में 7.7 प्रतिशत और 2024-25 में 7.1 प्रतिशत रही थी। एसएंडपी ने एक रिपोर्ट में कहा, ''ऊर्जा की कमी, औसत से कम मानसून का अनुमान और वैश्विक वृद्धि में सुस्ती के बीच, हमारा अनुमान है कि मार्च, 2027 में खत्म होने वाले वित्त वर्ष में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत रह जाएगी। वित्त वर्ष 2025-26 में यह 7.7 प्रतिशत थी। 2026-27 के लिए वृद्धि का अनुमान भारतीय रिजर्व बैंक के 6.6 प्रतिशत के अनुमान के अनुरूप है। अल नीनो के कारण मानसूनी बारिश प्रभावित हुई है। 22 जून तक बारिश की कमी बढ़कर 43 प्रतिशत हो गई है।

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण जानकारी**

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में बढ़ोतरी**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि को निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है :–

| रेलगाड़ी सं. | से | तक | फ्रीक्वेंसी | पूर्व घोषित तिथि | विस्तारित तिथि | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02877 | राँची जंक्शन | आनन्द विहार टर्मिनल | शनिवार | 27.06.2026 | 25.07.2026 | 04 |
| 02878 | आनन्द विहार टर्मिनल | राँची जंक्शन | रविवार | 28.06.2026 | 26.07.2026 | 04 |
| 09119 | प्रतापनगर | लालकुआँ जंक्शन | रविवार | 28.06.2026 | 26.07.2026 | 04 |
| 09120 | लालकुआँ जंक्शन | प्रतापनगर | सोमवार | 29.06.2026 | 27.07.2026 | 04 |
| 09523 | ओखा | शकूर बस्ती | मंगलवार | 30.06.2026 | 28.07.2026 | 04 |
| 09524 | शकूर बस्ती | ओखा | बुधवार | 01.07.2026 | 29.07.2026 | 04 |
| 09309 | इन्दौर जंक्शन | हजरत निजामुद्दीन | शुक्र, रवि | 28.06.2026 | 31.07.2026 | 09 |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | इन्दौर जंक्शन | शनि, सोम | 29.06.2026 | 01.08.2026 | 09 |
| 09257 | भावनगर टर्मिनस | शकूर बस्ती | शुक्रवार | 26.06.2026 | 31.07.2026 | 05 |
| 09258 | शकूर बस्ती | भावनगर टर्मिनस | शनिवार | 27.06.2026 | 01.08.2026 | 05 |

नोट : अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

2182/26

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** – मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**तुला** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।


**मकर** – माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

# कच्चे तेल के दाम में नरमी से शेयर बाजार में तेजी


एजेंसी ▶▶| मुंबई



कच्चे तेल के दाम में नरमी और बैंक, वित्तीय तथा आईटी शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसक्स 791 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 197 अंक की तेजी रही।

कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर की बढ़ती उम्मीद और घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों के शुद्ध रूप से लिवाल बनने से भी बाजार को समर्थन को मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 790.54 अंक के लाभ में रहा। कारोबार के दौरान एक समय यह 989.69 अंक तक चढ़ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध 2,215 शेयर लाभ में रहे, जबकि 2,034 में गिरावट आई। वहीं 181 के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 197.55 अंक बढ़कर 24,021.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, ट्रेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, टाटा स्टील, मारुति और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेत, होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही बेहतर होने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट और भारत-अमेरिका के बीच जल्द ही व्यापार समझौता होने की उम्मीद के चलते घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।''


## शब्द पहेली - 6267




**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -6266 का हल



# मेस्सी मेनिया चरम पर: रिकॉर्ड के साथ अर्जेंटीना में खड़ी हुई 85 फीट ऊंची प्रतिमा

एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना पर लियोनेल मेस्सी का जादू सिर चढ़कर बोल रहा है, जो उत्तरी अमेरिका में खेले जा रहे विश्व कप में अभी तक पांच गोल करके फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। इससे अर्जेंटीना में हर तरफ एक ही नाम की गूंज हो रही है और स्वाभाविक है कि वह नाम मेस्सी का है।

असल में मेस्सी के प्रति अर्जेंटीना का जुनून भव्य रूप ले चुका है। पेटागोनिया के एक दूरस्थ शहर में उनकी 26 मीटर ऊंची प्रतिमा खड़ी है तो ब्यूनस आयर्स के एक उपनगर में 1,300 से अधिक प्रशंसकों के हस्ताक्षरित एक भित्ति चित्र उस कप्तान का गुणगान करता है, जो पूरे देश को एक धागे में पिरोता है।



### अब तक की सबसे बड़ी प्रतिमा

पैटागोनिया के सुदूर दक्षिणी शहर कुट्रल के बाहरी इलाके में 70 टन स्टील और लोहे से बनी मेस्सी की 26 मीटर (85 फुट) ऊंची प्रतिमा खड़ी है। यह खिलाड़ी घुटनों के बल बैठा है, उनके पैरों के बीच 2022 में जीती गई विश्व कप ट्रॉफी है और एक हाथ ऊपर उठा हुआ है। मानो वह मार्ग संख्या 22 पर यात्रा कर रहे वाहन चालकों का अभिवादन कर रहा हो। यहां तक कि पेटागोनिया की तेज हवा भी इस स्मारक को गिरा नहीं सकती, जिसका उद्घाटन 16 जून को अर्जेंटीना के विश्व कप में पहले मैच के दौरान किया गया था, जब टीम ने एक बार फिर मेस्सी के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन किया, जिन्होंने तीन गोल करके अल्जीरिया पर जीत पक्की की। स्थानीय अधिकारियों और इसे डिजाइन करने वाले मूर्तिकार का कहना है कि यह टीम के कप्तान को समर्पित अब तक की सबसे बड़ी प्रतिमा है।

### अर्जेंटीना के सबसे बड़े दूत

मूर्तिकार 61 वर्षीय एल्डो बेरोइसा ने कहा, 'वह अर्जेंटीना के लिए सबसे बड़े दूत हैं। मेरे लिए एक कलाकार ही नहीं अर्जेंटीना का नागरिक होने के नाते भी यह काफी मायने रखता है।' यह आलम केवल एक शहर का नहीं है बल्कि पूरा अर्जेंटीना ही पूरी तरह से 'मेस्सी मानिया' की गिरफ्त में है। उन्होंने पहले मैच में हैट्रिक बनाई और दूसरे मैच में भी टीम की तरफ से दोनों गोल करके अपने विश्व कप में कुल गोल की संख्या 18 पर पहुंचाई। यह विश्व कप का नया रिकॉर्ड है।

### बेराजेटेगुई में बना भित्ति चित्र सबसे अलग

दुनिया भर में मेस्सी की कई भित्ति चित्र हैं। हालांकि, ब्यूनस आयर्स के उपनगर बेराजेटेगुई में बना चित्र सबसे अलग है। इसमें खिलाड़ी के मुस्कुराते चेहरे के चारों ओर उनके सैकड़ों प्रशंसकों के नाम लिखे हुए हैं। लगभग छह मीटर चौड़ी और 5.5 मीटर ऊंचे (20 गुणा 18 फीट) इस भित्ति चित्र ने मेस्सी का ध्यान भी आकर्षित किया। उन्होंने इसे अद्भुत करार देते हुए उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया था, जिन्होंने इसको तैयार करने में योगदान दिया।

## आज के मुकाबले

### स्विट्जरलैंड बनाम कनाडा

(रात 12:30 बजे)

ग्रुप बी का यह सबसे बड़ा मुकाबला माना जा सकता है।। दोनों टीमों के चार-चार अंक हैं और विजेता टीम ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है।

### बोस्निया और हर्जेगोविना बनाम कतर

(रात 12:30 बजे)

बोस्निया और हर्जेगोविना बनाम कतर मैच में दोनों टीमें एक-एक अंक के साथ उतरने वाली हैं। नॉकआउट में जाने की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए दोनों को जीतना जरूरी है।

### मोरक्को बनाम हैती

(सुबह 3:30 बजे)

मोरक्को शानदार लय में है और चार अंकों के साथ ग्रुप सी में शीर्ष स्थान की दौड़ में बनी हुई है। टीम ने स्कॉटलैंड को 1-0 से हराकर अपनी मजबूती साबित की थी।



### स्कॉटलैंड बनाम ब्राजील

(सुबह 3:30 बजे)

सबसे बड़ा मुकाबला ब्राजील और स्कॉटलैंड के बीच खेला जाएगा। ब्राजील चार अंकों के साथ मजबूत स्थिति में है। स्कॉटलैंड को नॉकआउट की उम्मीदें बनाए रखने के लिए कम से कम एक अंक की जरूरत पड़ सकती है।

### दक्षिण अफ्रीका बनाम द.कोरिया

(सुबह 6:30 बजे)

ग्रुप ए में दक्षिण कोरिया तीन अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। जबकि दक्षिण अफ्रीका के पास केवल एक अंक है।

### चेक रिपब्लिक बनाम मेक्सिको

(सुबह 6:30 बजे)

मेक्सिको लगातार दो जीत के साथ शानदार फॉर्म में है और छह अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर है।

# मुनोज का 'मैजिक शॉट', ढहा कांगो का अभेद्य किला

एजेंसी ▶▶| गुआडालाजारा

डैनियल मुनोज ने कांगो की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदते हुए गोल दागा, जिससे कोलंबिया ने 1-0 की जीत के साथ विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। कांगो के गोलकीपर लियोनेल म्पासी ने शानदार प्रदर्शन करके कोलंबिया को अधिकतर समय गोल से वंचित रखा था लेकिन आखिर में मुनोज ने 76वें मिनट में गोल कर दिया, जो निर्णायक साबित हुआ।


म्पासी ने पहले 20 मिनट में पांच मुश्किल बचाव किए। डिफेंडर से टकराकर गेंद मुनोज़ के पास पहुंची थी जिनके बाएं पैर से लगाए गए शॉट को रोकने का म्पासी के पास कोई मौका नहीं था।

### विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर कोलंबिया

कोलंबिया को ग्रुप में शीर्ष पर रहने के लिए शनिवार को पुर्तगाल के खिलाफ मैच ड्रॉ करने की जरूरत होगी। यह नतीजा पुर्तगाल को नॉकआउट चरण में पहुंचाने के लिए भी काफी होगा। कोलंबिया विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर है, जो दक्षिण अमेरिकी टीमों में ब्राजील और अर्जेंटीना के बाद तीसरा सर्वश्रेष्ठ स्थान है। उसने अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान पर 3-1 से जीत के साथ शुरुआत की थी।




### पैराग्वे के मिडफील्डर को मुंह पर हाथ रखना पड़ा भारी



अटलांटा। पराग्वे के मिडफील्डर मिगेल अल्मिरोन को विश्व कप के दौरान मुंह ढकने के कारण रेडकार्ड देखना पड़ा। फीफा ने पुष्टि की कि अल्मिरोन आस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार को पराग्वे का आखिरी ग्रुप मैच नहीं खेल सकेंगे। फीफा ने यह भी कहा कि इस फैसले के खिलाफ अपील नहीं की जा सकती है। पराग्वे की 1-0 से जीत के दौरान तुर्किये के मर्ट मूल्डर से टकराव के बाद अल्मिरोन ने अपना मुंह ढंक लिया था। नए नियमों के तहत झगड़े के दौरान अपनी बात छिपाने के लिए खिलाड़ियों को मुंह ढंकने की अनुमति नहीं है और इसका उल्लंघन करने पर तुरंत निलंबित किया जा सकता है। फीफा अध्यक्ष जियान्नी इनफेंटिनो ने रीयाल मैड्रिड और बेनफिका के बीच मैच के दौरान हुई घटना के बाद इस नियम के लिए काफी जोर दिया था। बेनफिका के जियांलुका प्रेस्टियान्नी ने मैड्रिड के विनिशियस जूनियर को अपशब्द कहने के दौरान मुंह छिपाने का प्रयास किया। बाद में उन पर छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## क्रोएशिया से हारकर पनामा टूर्नामेंट से बाहर

टोरंटो। स्थानापन्न खिलाड़ी एंटे बुदिमिर के दूसरे हाफ के शुरू में किए गए गोल की मदद से क्रोएशिया ने पनामा को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट राउंड में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। पनामा की यह लगातार दूसरी हार है, जिससे वह नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गया है। एंटे ने खेल के 54वें मिनट में जोसिप स्टैनिसिक के घुमावदार क्रॉस पर गेंद को खाली नेट में डाल दिया। यह गोल आखिर में निर्णायक साबित हुआ और क्रोएशिया तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में सफल रहा। क्रोएशिया अपने पहले मैच में इंग्लैंड से हार गया था और उसके लिए ग्रुप एल में अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में जीत हासिल करनी जरूरी थी। पनामा लगातार दो हार से टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है और दो बार विश्व कप में भाग लेने के बाद भी वह अपना पहला अंक हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहा है।



### लुका ने खेला 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच

बीएमओ फील्ड में पहले हाफ की धीमी गति के बाद क्रोएशिया मध्यांतर के बाद पनामा की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदने में सफल रहा जब बुदिमिर ने मैदान पर आने के महज चार मिनट बाद ही गोल दाग दिया। तीन मिनट बाद ही क्रोएशिया एक और गोल करने के करीब पहुंच गया था जब अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे 40 वर्षीय लुका मोड्रिक ने मार्को पासालिक को पास दिया।

ग्रुप एल में स्थिति रोमांचक , दोनों टीमों के 4-4 अंक

## इंग्लैंड ने घाना की गोल पोस्ट पर लगाए 19 शॉट, मैच रहा 0-0

फॉक्सबोरो। इंग्लैंड और घाना दोनों ने मैच के अंतिम क्षणों में गोल करने के लिए अपनी तरफ से पूरी जान लगा दी लेकिन इसके बावजूद यह मैच गोलरहित बराबरी पर छूटा, जिससे विश्व का फुटबॉल के ग्रुप एल में स्थिति रोमांचक बन गई है। इंग्लैंड और घाना दोनों टीम के अब चार-चार अंक हो गए हैं। इंग्लैंड बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर है। क्रोएशिया के तीन अंक हैं और वह तीसरे स्थान पर है। इंग्लैंड ने मैच में दबदबा बनाए रखा। उसने गोल पर 19 शॉट लगाए जबकि घाना एक बार ही ऐसा कर पाया। इंग्लैंड की टीम हालांकि अवसरों का फायदा नहीं उठा पाई। इंग्लैंड अभी तक कभी विश्व कप में अफ्रीका के किसी भी देश से नहीं हारा है। इससे पहले इन दोनों टीमों ने अपने शुरुआती मैच जीते थे। घाना ने पनामा को 1-0 से और इंग्लैंड ने क्रोएशिया को 4-2 से हराया था।




## खबर संक्षेप



### वंशिका और नरवाल ने जीता रजत पदक

सुहल। वंशिका चौधरी और शिव नरवाल की भारतीय जोड़ी ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने कुल 469.7 अंक हासिल किए और वह पोलैंड के माल्गोरज़ाटा डाब्रोव्स्का और इवान राकित्स्की के बाद दूसरे स्थान पर रही। पोलैंड की जोड़ी ने 471.9 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे के चेंग येन-चिंग और हिसएह हिसयांग-चेन ने 410.0 अंक बनाकर कांस्य पदक हासिल किया। भारत मंगलवार को रजत पदक जीतने के बावजूद चैंपियनशिप की पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है।

### मुंबई टीमों के मेंटोर बने संदीप पाटील



मुंबई। पूर्व खिलाड़ी और कोच संदीप पाटील को मुंबई क्रिकेट संघ ने 2026-27 सत्र के लिए मुंबई की सभी स्तरों की टीमों का मेंटोर (मार्गदर्शक) नियुक्त किया है। पाटिल ने 1980 से 1986 के बीच भारत के लिए 29 टेस्ट और 45 वनडे मैच खेले हैं। वह अपनी नई भूमिका में खिलाड़ियों के विकास, रणनीतिक प्रशिक्षण और प्रतिभा पहचान जैसे कार्यों में अहम योगदान देंगे।

टेस्ट गेंदबाजी में शीर्ष पर बुमराह और हेनरी

## आईसीसी रैंकिंग : गिल ने कोहली को किया रिप्लेस, टॉप-2 में पहुंचे

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी भारत के जसप्रीत बुमराह के साथ टेस्ट क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं।

गिल अब न्यूजीलैंड के डैरिल मिशेल से केवल 24 रेटिंग अंक पीछे हैं। भारतीय कप्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ हाल में समाप्त हुई तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसका उन्हें फायदा मिला है। उन्हें अंतिम मैच में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन उन्होंने पहले दो मैचों में 84 और 154 रन बनाए थे। ईशान किशन बल्लेबाजी रैंकिंग में 21 पायदान ऊपर 43वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



### भारतीय गेंदबाजों को मिला अच्छा प्रदर्शन का इनाम

भारतीय गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करने का इनाम मिला है। अर्शदीप सिंह 16 स्थान ऊपर 22वें, प्रसिद्ध कृष्णा 34 पायदान ऊपर 58वें और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर 17 स्थान ऊपर संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर पहुंच गए। विराट कोहली मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। इससे उन्हें नुकसान हुआ और वह तीसरे स्थान पर खिसक गए। रोहित शर्मा चौथे स्थान पर बने हुए हैं। श्रेयस अय्यर एक स्थान ऊपर 14वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि केएल राहुल दो स्थान नीचे 11वें स्थान पर खिसक गए।

## ऑस्ट्रेलिया ने दी पाकिस्तान को 113 रन से करारी शिकस्त

*लीड्स। ऑस्ट्रेलिया ने एलिस पेरी के ऑलराउंड प्रदर्शन की मदद से पाकिस्तान को 113 रन से करारी शिकस्त देकर महिला टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक अपने चारों में जीते हैं लेकिन उसकी सेमीफाइनल में जगह पक्की नहीं हुई है। ग्रुप के प्रतिद्वंद्वी दक्षिण अफ्रीका और भारत भी चार-चार जीत हासिल कर सकते हैं और ऐसे में अंतिम चार में पहुंचने वाली टीम का फैसला नेट रन रेट के आधार पर होगा।*

*ऑस्ट्रेलिया का आखिरी मैच रविवार को लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ होगा। ऑस्ट्रेलिया अभी तक हमेशा इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचा है। पेरी ने 48 गेंद पर नौ चौके और एक छक्के की मदद से 71 रन बनाए। पेरी और जॉर्जिया वोल (39) ने दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। एनाबेल सदरलैंड (27) और निकोला कैरी (26) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इससे ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 199 रन बनाए। इसके जवाब में पाकिस्तान 13.4 ओवर में 86 रन पर आउट हो गया। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली ने सर्वाधिक 32 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पेरी, सोफी मोलिनी और सदरलैंड ने दो-दो विकेट लिए।*

महिला टी20 विश्व कप

## बांग्लादेश के खिलाफ अहम मुकाबला आज

खराब क्षेत्ररक्षण खतरे में टीम इंडिया का अभियान



एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

मध्य क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी और खराब क्षेत्ररक्षण के कारण महिला टी20 विश्व कप में भारत का अभियान खतरे में पड़ गया है और ऐसे में गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले मैच में वह इन कमजोरियों को दूर करने के लिए बेताब होगा।

भारत ने 12 टीमों के इस टूर्नामेंट में अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की फॉर्म की चिंता के साथ उतरा था लेकिन स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने काफी हद तक उन आशंकाओं को दूर कर दिया है।

मंधाना ने तीन मैच में 159 रन बनाए हैं, जबकि शेफाली ने 92 रन का योगदान दिया है। दोनों बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट 154 से अधिक है। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे हैं, जो टीम के लिए नई चिंता बन गई है।

### हरमनप्रीत, जेमिमा नहीं कर पाई अपेक्षित प्रदर्शन

कप्तान हरमनप्रीत कौर (स्ट्राइक रेट 109.09), जेमिमा रोड्रिग्स (94.11) और यस्तिका भाटिया (105.88) अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उनके तेजी से रन बनाने में नाकाम होने के कारण ऋचा घोष और दीप्ति शर्मा पर तेजी से रन बनाने का दबाव बढ़ जाता है। हरमनप्रीत और जेमिमा दोनों ने तीन-तीन मैच खेले हैं और दोनों ने मिलकर सिर्फ 11 चौके लगाए हैं। उन्होंने अब तक एक भी छक्का नहीं लगाया है। वहीं यस्तिका ने दो पारियों में सिर्फ तीन चौके लगाए हैं। ऋचा (स्ट्राइक रेट 176.92) और दीप्ति (159.37) ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन कम गेंद रहने के कारण दोनों पर दबाव बढ़ जाता है।

**भारत के तीन मैच में चार अंक :** भारत के अब तीन मैच में चार अंक हैं और उसका नेट रन रेट 2.511 है। उसने पाकिस्तान को 64 रन से और नीदरलैंड को 95 रन से हराया था लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका से छह विकेट से हार गया था। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार चार जीत हासिल करके ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके आठ अंक हैं और उसका नेट रन रेट 4.724 है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

यूएस ओपन : भारतीय जोड़ी ने स्पेन की लोपेज और रोड्रिगेज को हराया

## कड़े मुकाबले में त्रिसा-गायत्री की जीत, अगले दौर में एंट्री

एजेंसी ▶▶| फुलर्टन

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भारतीय महिला युगल जोड़ी ने अमेरिका ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्पेन की पाउला लोपेज और लुसिया रोड्रिगेज को तीन गेमों के कड़े मुकाबले में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। टखने की चोट से उबरकर वापसी कर रहीं त्रीसा ने अपनी जोड़ीदार गायत्री के साथ मिलकर स्पेनी की जोड़ी को 21-12, 14-21, 21-13 से 51 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में पराजित किया। यह भारतीय जोड़ी अब दूसरे दौर में जापान की सुमिरे नकादे और मियू ताकाहाशी से भिड़ेगी।



### रौनक का शानदार प्रदर्शन मुख्य ड्रॉ में पहुंचे

पुरुष एकल क्वालीफायर में रौनक चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली। उन्होंने पहले फ्रांस के एनोगाट रॉय को 21-19, 21-16 से हराया और फिर चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन को 13-21, 21-14, 21-10 से मात देकर आगे बढ़े।

### श्रीकांत पहले दौर में दयानंद से भिड़ेंगे

पांचवीं वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत पुरुष एकल के पहले दौर में अपने ही देश के सनीथ दयानंद से भिड़ेंगे। भारत की ओर से महिला एकल में भी मजबूत भागीदारी देखने को मिलेगी। इसमें रक्षिता रामराज, श्रियंशी वालिसेट्टी, अनमोल खरब, देविका सिहाग, तान्या हेमंथ, आकर्षी कश्यप और तन्वी शर्मा हिस्सा लेंगी।

### त्रीसा-गायत्री ने बनाई पहले गेम में बढ़त

त्रीसा और गायत्री ने मैच की शुरुआत मजबूत की और पहले गेम में 8-3 की बढ़त बना ली। स्पेन की जोड़ी ने वापसी की कोशिश करते हुए लगातार चार अंक हासिल कर अंतर को कम करने की कोशिश की लेकिन भारतीय जोड़ी ने फिर से दबदबा बनाते हुए 17-11 की बढ़त बनाई और गेम आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में पाउला और लुसिया ने बेहतर खेल दिखाया और 11-7 की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने उन्हें कड़ी चुनौती दी लेकिन स्पेन की जोड़ी मुकाबला बराबरी पर रखने में सफल रही। निर्णायक तीसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने फिर से 11-6 की मजबूत बढ़त बढ़त हासिल कर ली।

## भारत की लीडरशिप पर 4 फीसदी लोगों को बहुत ज्यादा भरोसा

## अमेरिका और चीन पर घटा ऑस्ट्रेलियाई लोगों का विश्वास

### ऑस्ट्रेलियाई सर्वे में लोगों को भारत पर सबसे ज्यादा भरोसा

# विश्वसनीयता में चीन,अमेरिका को पीछे छोड़ कई गुना आगे निकल गया भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप में भारत की दुनियाभर में छवि लगातार मजबूत हो रही है। तेजी से आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे भारत पर इंटरनेशनल लेवल पर विश्वास भी बढ़ रहा है। इसका उदाहरण ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित थिंक-टैंक लॉवी इंस्टीट्यूट के सर्वे में भी दिखाई देता है, जिसमें भारत को अमेरिका, चीन और रूस जैसे देशों से भी ज्यादा भरोसेमंद बताया गया है। बीते 23 जून को रिलीज हुए लॉवी इंस्टीट्यूट के सर्वे के मुताबिक, 50 फीसदी ऑस्ट्रेलियाई नागरिक भारत पर भरोसा करते हैं। इसके मुकाबले महज 31 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई अमेरिका पर विश्वास जताते हैं। वहीं, चीन पर भरोसा करने वालों की संख्या 28 प्रतिशत और रूस पर विश्वास करने वालों की संख्या सिर्फ 11 फीसदी दर्ज की गई है। सर्वे के रिजल्ट ग्लोबल मंच पर भारत की बढ़ती साख और प्रभाव को दर्शाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 46 फीसदी ऑस्ट्रेलियाई नागरिक मानते हैं कि भारत वैश्विक मामलों में जिम्मेदारी के साथ रोल निभाएगा। इसके अलावा, 4 फीसदी लोगों ने भारत की लीडरशिप पर बहुत ज्यादा भरोसा जताया है।

### *भारत में सरकार की स्थिरता का फायदा*

*दुनिया भर में राजनीतिक अस्थिरता देखी गई। जहां भारत में नेतृत्व स्थिर रहा, वहीं पिछले एक दशक में दुनिया के अन्य बड़े लोकतांत्रिक देशों में कई बार नेतृत्व बदला है। यूनाइटेड किंगडम 2016 के बाद से अब तक वहां 5 प्रधानमंत्री (थेरेसा मे, बोरिस जॉनसन, लिज़ ट्रस, ऋषि सुनक और कीर स्टारमर) बदल चुके हैं। कीर स्टारमर के इस्तीफे के बाद पिछले 10 सालों में यूको को अपना छठा प्रधानमंत्री मिलने वाला है। साल 2016 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में तीन प्रधानमंत्री रहे हैं मैल्कम टर्नबुल, स्कॉट मॉरिसन और मौजूदा पीएम एंथनी अल्बानीज़। इसी तरह 2014 में जब पीएम मोदी ने शपथ ली थी तब बराक ओबामा राष्ट्रपति थे। उसके बाद डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बने, फिर जो बाइडेन आए, और 2024 में ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति चुनकर सत्ता में लौटे।*

### आईएईए प्रमुख की ईरान को दो टूक

# शांति समझौते के अनुसार परमाणु ठिकानों का निरीक्षण होकर रहेगा

एजेंसी ▶▶ टोक्यो


राफेल ग्रासी

अमेरिका-ईरान के बीच हुए ऐतिहासिक अंतरिम परमाणु समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षक जल्द ही ईरान के अत्यधिक संवेदनशील यूरेनियम संवर्धन स्थलों का दौरा करेंगे। आईएईए के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा कि दोनों देशों के राष्ट्रपतियों द्वारा हस्ताक्षरित समझौते में निरीक्षण की प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से शामिल किया गया है और यह 'अनिवार्य रूप से' होगा। ग्रॉसी ने कहा कि दोनों देशों के राष्ट्रपतियों द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन स्पष्ट रूप से कहता है कि परमाणु सामग्री वाली सभी सुविधाओं की निगरानी और सत्यापन आईएईए द्वारा किया जाएगा। निरीक्षण होंगे। इसके लिए समय महत्वपूर्ण नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि यह प्रक्रिया अनिवार्य रूप से आगे बढ़ेगी। ग्रासी ने कहा कि सार्वजनिक बयान चाहे जितने भी विरोधाभासी हों, हस्ताक्षरित दस्तावेज ही अंतिम और बाध्यकारी है। रानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने कहा था कि अमेरिका द्वारा पिछले साल बमबारी किए गए परमाणु स्थलों का आईएईए निरीक्षकों द्वारा दौरा करने का कोई कार्यक्रम नहीं है।

## खबर संक्षेप

### बिनॉय जॉर्ज उरुग्वे में नए राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** दक्षिण अमेरिका के दक्षिणीपूर्वी हिस्से में स्थित उरुग्वे के नए राजदूत बिनॉय जॉर्ज होंगे।



विदेश मंत्रालय ने बताया कि जॉर्ज वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं और उन्हें ओरिएंटल रिपब्लिक ऑफ उरुग्वे में बतौर राजदूत नियुक्त किया है। वो जल्द नया कार्यभार संभालेंगे। फिलहाल वह नई दिल्ली में संयुक्त सचिव (कोंसुलर, पासपोर्ट, वीजा–सीपीवी) के रूप में कार्यरत हैं। नियुक्ति से पहले तक, अर्जेंटीना में भारत के राजदूत अजनीश कुमार ही राजदूत के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी निभा रहे थे।

### यूक्रेन ने रूस के गैस प्लांट को निशाना बनाया

**कीव।** यूक्रेन ने रूस में भीतर तक हमला करते हुए एक बड़े नैचुरल गैस प्रोसेसिंग प्लांट और दो महत्वपूर्ण सैटेलाइट संचार केंद्रों को निशाना बनाया है।



यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने दावा किया कि रातभर चले इस ऑपरेशन में रूस के ऊर्जा और सैन्य ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया गया। हमले का प्रमुख लक्ष्य रूस का ओरेनबर्ग गैस प्रोसेसिंग प्लांट था। यह प्लांट दुनिया के सबसे बड़े गैस परिसरों में से एक माना जाता है और इसमें रूस का एकमात्र हीलियम उत्पादन प्लांट भी स्थित है। यूक्रेन का दावा है कि परिसर में आग लग गई।

### डील में सेना के लिए खतरनाक हेलिना मिसाइल लॉन्चर और दमदार सुरक्षा सिस्टम शामिल

# हेलिना मिसाइल से कांपेंगे दुश्मन! भारत डायनामिक्स को एचएएल से मिला 1348 करोड़ का मेगा कॉन्ट्रैक्ट

*बीडीएल को एचएएल से 1348 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला*

*यह प्रोजेक्ट अगले 24 से 60 महीनों में पूरा किया जाएगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*हाल ही में कंपनी के मुनाफे में भारी गिरावट आई थी*

*अब महा-ऑर्डर से कंपनी को बड़ी राहत की उम्मीद*

डिफेंस सेक्टर की दिग्गज सरकारी कंपनी भारत डायनामिक्स को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से एक बंपर ऑर्डर मिला है। इस नए ऑर्डर की कुल कीमत करीब 1348 करोड़ रुपए है। बुधवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने इस शानदार डील की आधिकारिक जानकारी दी है। इस बड़े कॉन्ट्रैक्ट में हेलीकॉप्टर पर लगने वाले खतरनाक मिसाइल लॉन्चर शामिल किए गए हैं।

डील के तहत 1109 करोड़ रुपए के हेलिना लॉन्चर और एलआरयू की सप्लाई होगी। इसके अलावा 238 करोड़ रुपए के काउंटर मेजर्स डिस्पेंसिंग सिस्टम भी इस भारी ऑर्डर का हिस्सा हैं। भारत डायनामिक्स यह पूरा प्रोजेक्ट अगले 24 से 60 महीनों के भीतर पूरा करेगी। गिरते मुनाफे और कमजोर वित्तीय नतीजों के बीच इस शानदार डील से कंपनी के निवेशकों को बड़ी राहत मिली है।



**दुश्मन के बख्तरबंद टैंकों को तबाह कर सकते हैं**

### बेहद खतरनाक है हेलिना लॉन्चर

हेलिना असल में एक बेहद खतरनाक एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल है। इसे भारत के डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन ने तैयार किया है। यह 'फायर-एंड-फॉरगेट' तकनीक पर बनी तीसरी पीढ़ी की आधुनिक मिसाइल है। हेलिना लॉन्चर खास तरह के ट्विन-ट्यूब स्टब-विंग माउंट होते हैं। इन्हें सेना के रुद्र और प्रचंड हेलीकॉप्टरों पर फिट किया जाता है. ये युद्ध के मैदान में दुश्मन के भारी बख्तरबंद टैंकों को आसानी से तबाह कर सकते हैं।

### *नया और दमदार रक्षा सिस्टम*

*युद्ध के दौरान हेलीकॉप्टर की सुरक्षा सबसे अहम होती है। इसके लिए काउंटर मेजर्स डिस्पेंसिंग सिस्टम का इस्तेमाल होता है। ये सिस्टम एयरक्राफ्ट के सेल्फ-प्रोटेक्शन सुइट का एक बेहद जरूरी हिस्सा हैं। इनका मुख्य काम दुश्मन की रडार-गाइडेड मिसाइलों को बीच हवा में चकमा देना है। जब कोई मिसाइल हेलीकॉप्टर की तरफ आती है तो यह सिस्टम तुरंत एक्टिव होता है। यह अपने आप चैफ और फ्लेयर्स छोड़कर दुश्मन की मिसाइल को पूरी तरह भ्रमित कर देता है।*

### *यकीनन गेम चेंजर साबित होगा*

*यह भारी-भरकम ऑर्डर कंपनी के लिए संजीवनी बनकर आया है। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में बीडीएल के वित्तीय नतीजे काफी निराशाजनक थे। सालाना आधार पर मुनाफे में 58.5 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई थी। यह मुनाफा घटकर महज 113 करोड़ रुपए रह गया था। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी ने 273 करोड़ रुपए कमाए थे। आय भी 73 प्रतिशत गिरकर 480 करोड़ रुपए पर आ गई थी। इसके अलावा मार्जिन कम होकर 11.5 प्रतिशत रह गया था। इन कमजोर आंकड़ों के बाद यह नया कॉन्ट्रैक्ट कंपनी के लिए यकीनन गेम चेंजर साबित होगा।*

### दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच सियोल में हुई द्विपक्षीय बैठक में बनी इस पर सहमति

# पश्चिम-एशिया संघर्ष से उत्पन्न आर्थिक हालातों पर संयुक्त रूप से प्रतिक्रिया देंगे भारत-द. कोरिया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता के दौर में बुधवार को सियोल में भारत और दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रियों के बीच एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के आपसी सहयोग से जुड़े हुए विभिन्न क्षेत्रों जैसे रक्षा, व्यापार-निवेश, जहाज निर्माण, राजनीतिक, प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, संस्कृति पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई है। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून ने अपनी एक्स पोस्ट में बताया कि भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ हुई वार्ता में हमने द्विपक्षीय संबंधों के मामले से इतर पश्चिम-एशिया संघर्ष से उत्पन्न हुए आर्थिक हालातों पर संयुक्त रूप से प्रतिक्रिया देने को लेकर सहमति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि लंच पर भारतीय विदेश मंत्री के साथ हुई बातचीत में इस मुद्दे पर हमने बातचीत की और यह सहमति जताई है। इसके अलावा वार्ता में कई महत्वपूर्ण वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श किया गया। दोनों देश एक-दूसरे के साथ निकट संपर्क में बने रहने के लिए भी तैयार हैं। गुरुवार को दोनों विदेश मंत्रियों की जेजू फोरम में भी मुलाकात होगी। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जयशंकर अपना भाषण देंगे।



### *दोनों देशों के संबंधों का बढ़ा महत्वः जयशंकर*

*वहीं, डॉ.जयशंकर ने अपनी एक एक्स पोस्ट में इस बैठक के बारे में बताते हुए कहा कि हमारी बातचीत मुख्य रूप से पिछले साल 2025 में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली.जे म्युंग की भारत यात्रा के दौरान सामने आए परिणामों पर केंद्रित रही। जिसमें हमने मिलकर द्विपक्षीय क्षेत्रों में अपने सहयोग की समीक्षा की है। साथ ही स्टार्टअप, फिनटेक और बहुपक्षीय मंचों में अवसरों को लेकर विचार-विमर्श किया है। गौरतलब है कि भारत के विदेश मंत्री अपनी दो दिवसीय विदेश यात्रा के दूसरे और अंतिम पड़ाव के रूप में बुधवार को मंगोलिया से दक्षिण कोरिया (24 से 25 जून तक) पहुंचे थे। इसी क्रम में उनकी विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ यह बैठक हुई। जबकि पूर्व में उन्होंने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशक वी. सुंग लैक के साथ भी एक मुलाकात की थी। जिसमें दोनों पक्षों के बीच वैश्विक घटनाक्रमों, हिंद प्रशांत और रणनीतिक मामलों पर विचार साझा किए थे। आज के समय में दोनों देशों के संबंधों का महत्व काफी बढ़ गया है।*

### मंगोलिया की तेल रिफाइनरी का दौरा किया

विदेश मंत्री ने दक्षिण कोरिया पहुंचने से पहले मंगोलिया में भारत की लाइन ऑफ क्रेडिट की मदद से बनाई जा रही 1.7 अरब डॉलर की तेल रिफाइनरी परियोजना का दौरा भी किया। जिसमें उन्होंने वहां काम कर रहे कर्मियों की सराहना की। साथ ही मुश्किल हालात में इस परियोजना को पूरा करने के लिए उनके द्वारा किए गए परिश्रम और समर्पण को लेकर उनका धन्यवाद दिया।

### छत्तीसगढ़ में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के स्थापना का प्रस्ताव

# अमित शाह से मिले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ को आयुर्वेद चिकित्सा, अनुसंधान और उच्च शिक्षा के राष्ट्रीय केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में सीएम विष्णुदेव साय ने कर्तव्य भवन में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान सीएम ने राज्य के विकास, जनकल्याण और विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना का आग्रह किया। मुलाकात के दौरान सीएम के साथ छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा भी थे। सीएम ने केंद्रीय गृह मंत्री को बताया कि नई दिल्ली और पणजी में संचालित अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान देश में आयुर्वेद आधारित चिकित्सा, अनुसंधान और नवाचार के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में स्थापित हो चुके हैं। इन संस्थानों ने आधुनिक विज्ञान और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के समन्वय से स्वास्थ्य सेवाओं को



नई दिशा दी है तथा बड़ी संख्या में दक्ष आयुर्वेद चिकित्सक और शोधकर्ता तैयार किए हैं। सीएम साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संसाधनों और औषधीय संपदा से समृद्ध राज्य है। प्रदेश का बड़ा हिस्सा वनाच्छादित है, जहां अनेक दुर्लभ औषधीय वनस्पतियां और जड़ी-बूटियां प्राकृतिक रूप से उपलब्ध हैं। जनजातीय अंचलों में पारंपरिक औषधीय ज्ञान की समृद्ध विरासत भी मौजूद है। ऐसे में यहां अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना आयुर्वेद चिकित्सा और अनुसंधान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि संस्थान की स्थापना से प्रदेशवासियों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी, वहीं युवाओं को राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में अध्ययन, अध्यापन और अनुसंधान के अवसर प्राप्त होंगे। इससे आयुर्वेद आधारित चिकित्सा शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अनुसंधान के क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित करेगा। संस्थान का लाभ केवल छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि मध्य भारत के व्यापक क्षेत्र को मिलेगा। पड़ोसी राज्यों के नागरिकों को भी बेहतर आयुर्वेदिक उपचार और शोध सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। साय ने केंद्रीय बजट 2026 में देश में तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना की घोषणा का उल्लेख करते हुए आग्रह किया कि इनमें से एक संस्थान छत्तीसगढ़ को प्रदान किया जाए।

### यह कदम अमेरिका-ईरान के बीच चल रही शांति वार्ता और उससे जुड़े अन्य घटनाक्रमों के बीच उठाया गया है

# भारत ने ईरान में अपने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी, गैर जरूरी यात्राओं से बचें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका और ईरान के बीच जारी शांति वार्ता से जुड़े तमाम घटनाक्रमों, सुरक्षा परिदृश्य में हुए हालिया सांकेतिक सुधार के बीच भारत के तेहरान स्थित दूतावास ने बुधवार को अपने देश के नागरिकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। जिसमें उन्हें अगले आदेश तक ईरान के अंदर किसी भी तरह की गैर जरूरी यात्रा करने से बचने की सलाह दी गई है। दूतावास ने स्पष्ट किया कि वह ईरान में उभरते हुए हालातों के अलावा समूची स्थिति में हो रहे सुधार पर बेहद करीब से नजर बनाए हुए है। दूतावास ने इस एडवाइजरी को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से भी साझा किया है। जिसमें



बताया कि एडवाइजरी ईरान में वर्तमान समय में रह रहे भारतीय नागरिकों के अलावा हमारे देश के उन लोगों पर भी समान रूप से लागू होती है। जो किसी अनिवार्य कारण के साथ ईरान की यात्रा करने जा रहे हैं। फिलहाल सभी लोगों को दूतावास ने हमेशा उच्च-स्तर की सतर्कता बरतने और चौकन्ना रहने को कहा है।

### *अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें*

*दूतावास ने यह भी कहा कि स्थानीय स्तर पर चल रही गतिविधियों के बारे में केवल भरोसेमंद माध्यमों से मिल रही जानकारी पर ही विश्वास करें। इसके अलावा ईरान के स्थानीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें। साथ ही दूतावास ने यह अपील भी की है कि जो लोग पहले से ईरान में रह रहे हैं या फिर यहां आ रहे हैं। वह अपनी तमाम जरूरी जानकारी को देश के मिशन में जल्द से जल्द रजिस्टर कराएं। जरूरी अपडेट्स व आगामी परामर्श के लिए दूतावास की वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पैनी नजर बनाए रखें।*

### *जारी किए आपातकालीन सहायता नंबर*

*एडवाइजरी में दूतावास ने आपातकालीन मोबाइल नंबर, ईमेल का पता भी साझा कियाहै। जिसमें +989128109115, +989128109109, +989128109102 जैसे तीन नंबर और ईमेल का पता* **cons.tehran@mea.gov.in** *शामिल है। यहां बता दें कि भारत द्वारा दोनों पक्षों के बीच इस साल 28 फरवरी से शुरू हुए इस युद्ध के बाद से लेकर अब तक कई परामर्श जारी किए जा चुके हैं। जबकि ताजा परामर्श का संबंध दोनों पक्षों के बीच चल रही शांति वार्ता से संबंधित है।*

### बुधवार को संसद भवन में हुई रक्षा मामलों की संसदीय समिति की बैठक

# सीडीएस ने संसदीय समिति को देश की रक्षा को लेकर उठाए गए कदमों से कराया अवगत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान की सीमा से भारत को दो मोर्चों पर मिलती युद्ध की साझा चुनौती के बीच बुधवार को संसद भवन में रक्षा मामलों की संसदीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने देश की रक्षा को लेकर उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। इस मामले में उनके द्वारा समिति को देश की सभी जमीनी सीमाओं पर बनी हुई सेना की मजबूत रणनीतिक तैनाती के बारे में रूबरू कराया गया। संसदीय समिति की इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा सांसद राधा मोहन सिंह ने की। जिसमें सशस्त्र सेनाओं के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि सीमाओं पर सुरक्षा को चाक-चौबंद बनाए रखने के उद्देश्य से पर्याप्त रूप से सैन्य बलों की तैनाती की गई है। इसके अलावा रणनीतिक जगहों पर भी सेना इस प्रकार से मुस्तैदी से डटी हुई है कि जिसकी मदद से वह किसी भी आपात परिस्थिति या खतरे का तुरंत मुंहतोड़ जवाब दे सकती है। बैठक में सीडीएस के अलावा कई अन्य सैन्य अधिकारियों ने भी भाग लिया।

### यह रहा बैठक का एजेंडा

बैठक का एजेंडा देश की रक्षा में भारतीय सेना की भूमिका के विषय पर मौखिक प्रमाणों के अलावा बल द्वारा दी जाने वाली प्रस्तुतियों से जुड़ा हुआ था। सेना की तैनाती के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर क्षेत्र की आंतरिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन सहित अन्य मामलों को लेकर भी सैन्य अधिकारियों ने समिति को अवगत कराया। सैन्य बल द्वारा अपनाई गई नई और आधुनिक तकनीक के बारे में समिति को बताया। बैठक में एक सदस्य ने कहा कि यह एक अच्छी बैठक थी। जिसमें हम सेना द्वारा प्रदान की गई जानकारी से संतुष्ट हैं, हमें सेना पर बेहद गर्व है। बैठक में कई लेफ्टिनेंट जनरल, मेजर जनरल और ब्रिगेडियर रैंक के अधिकारी शामिल हुए।

## हीटवेव की चपेट में 26 यूरोपीय देश, इटली-ब्रिटेन में रेड अलर्ट

### पिछले कुछ दिनों में 40 लोगों की डूबकर मौत हो गई है

# फ्रांस में भीषण गर्मी से 58 लोगों की मौत अब न्यूक्लियर पावर प्लांट करना पड़ा बंद

*गर्मी से राहत पाने के लिए नदियों, झीलों और नहरों में नहाने जा रहे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फ्रांस ही नहीं यूरोप के 26 देश हीटवेव की चपेट में हैं। स्पेन, इटली और ब्रिटेन समेत 14 देशों में गर्मी को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। इनमें से ज्यादातर देशों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंचने के करीब है। फ्रांस में सरकार ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर पाबंदी लगा दी है। मौसम एजेंसी के मुताबिक सोमवार रात देश ने 1947 में रिकॉर्ड



शुरू होने के बाद की सबसे गर्म रात दर्ज की। कई हिस्सों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया गया है। भीषण गर्मी के कारण 1,350 से ज्यादा स्कूल बंद कर दिए गए हैं। गर्मी के कारण सरकार ने फेत द ला म्यूजिक नामक वार्षिक म्यूजिक फैसटीवल के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर



प्रतिबंध लगा दिया। यह म्यूजिक फैसटीवल हर साल पूरे फ्रांस में आयोजित होता है। इसमें लाखों लोग सड़कों पर उतरकर हिस्सा लेते हैं। सरकार को आशंका थी कि अत्यधिक गर्मी में शराब का सेवन लोगों के लिए स्वास्थ्य जोखिम बढ़ा सकता है। इसलिए रेड अलर्ट वाले क्षेत्रों में यह प्रतिबंध लागू किया गया।

### *स्पेन, जर्मनी, बेल्जियम और इटली भी बेहाल*

*स्पेन के कई हिस्सों में तापमान 38-40डिग्री सेल्सियससे ऊपर बना हुआ है। कुछ हिस्से में रविवार रात से सोमवार सुबह तक तापमान 30डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं गया। मौसम विभाग के मुताबिक यह ट्रॉपिकल नाइट की स्थिति है, जब रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिलती। जर्मनी में भी गर्मी का असर दिखाई दे रहा है। एक हफ्ते में नदी में नहाने से 5 लोगों की मौत हो गई। बवेरिया की झीलों में 2 युवकों की डूबने से मौत हुई, जबकि बाल्टिक सागर में एक महिला की जान चली गई। बेल्जियम के मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मौजूदा गर्मी देश के इतिहास की सबसे भीषण हीटवेव बन सकती है। तापमान बढ़ने के कारण कई स्कूलों ने आधे दिन की क्लास शुरू कर दी हैं। इटली के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रोम और मिलान समेत 15 शहरों में रेड अलर्ट जारी किया है। बुधवार को यह संख्या बढ़कर 16 हो सकती है। रोम में नई इलेक्ट्रिक बसों की बैटरियां तेजी से खत्म हो रही हैं क्योंकि एयर कंडीशनर लगातार चलाने पड़ रहे हैं।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109